दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

झांसी ■ रविवार 13 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -18 ■ अंक-273 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**

जो बिना ठोकर खाए मंजिल तक पहुंच जाते हैं, उनके हाथ अनुभव से खाली रह जाते हैं।
-शिवकुमार मिश्र 'रज्जन'

## ब्रीफ न्यूज

### देशभर में यूपीआई की सेवा तीन घंटे तक रही डाउन

**मुंबई।** देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सेवा तीन घंटे तक डाउन रही। शनिवार सुबह 11:30 बजे से 1:00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। दोपहर 3:00 बजे तक पेमेंट करने में दिक्कतें आईं। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजैक्शन में समस्या हुई।

### पद्म विभूषण कथक गुरु कुमुदिनी का निधन

**नई दिल्ली।** पद्म विभूषण से सम्मानित कथक गुरु कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनके संस्थान कदम्ब की एडमिनिस्ट्रेटर पारुल ठाकुर ने की है। पीएम ने निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा।

### फिर अकाली दल के प्रधान बने सुखबीर बादल

**चंडीगढ़।** पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल एक बार फिर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान चुन लिए गए हैं। किसी और नाम की अनुपस्थिति में सर्वसम्मति से सुखबीर के नाम पर मुहर लग गई। अध्यक्ष बनने पर सुखबीर बादल ने सभी से इकट्ठे होकर चलने का आह्वान किया।

### धूलभरी आंधी से दिल्ली एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार देर शाम चली धूलभरी आंधी की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स ऑपरेशन में देरी हुई। ये हालात सुबह 7 बजे तक बने रहे। दोपहर तक 350 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं।

### नागपुरः फैक्ट्री में आग लगी, पांच लोगों की मौत

**मुंबई।** नागपुर जिले के उमरेड एमआईडीसी स्थित एल्यूमीनियम फॉयल बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा, जबकि तीन लापता लोगों की भी मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे में छह घायल हैं।

### तेलंगाना के पद्मश्री वनजीवी दरिपल्ली रामय्या का निधन

**नई दिल्ली।** पद्मश्री से सम्मानित पर्यावरण संरक्षक वनजीवी दरिपल्ली रामय्या का शनिवार को तेलंगाना के खम्मम जिले में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। उन्होंने रेड्डीपल्ली गांव स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। रामय्या ने पिछले कई दशकों में एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए थे।

### जेवलिन थ्रोअर डीपी मनु पर नाडा ने लगाया 4 साल का बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पर नाडा ने चार साल का बैन लगा दिया है। मनु पिछले साल बेंगलुरु में इंडियन ग्रांप्री एथलेटिक्स मीट के दौरान नशीला पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए गए थे।

**देश में यह पहला मौका है** जब सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा तय की

# अभूतपूर्व सुप्रीम टिप्पणी! राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयकों पर करना चाहिए फैसला

**415 पन्नों का एक फैसला बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया गया**

**तीन माह की समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे, राज्य को सूचित करना होगा और राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए**

### विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर करना चाहिए सहयोग

**लक्ष्मण रेखा**

- राज्यपाल बनाम तमिलनाडू सरकार मामले का विस्तृत फैसल आया सामने, सभी राज्यों में होगा लागू
- राज्यपाल की ओर से भेजे 10 विधेयकों पर राष्ट्रपति ने अगर कोई कार्रवाई की है, तो यह भी गैरकानूनी
- विधानसभा में दोबारा पारित बिल को राज्यपाल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित नहीं रख सकते
- फैसले की प्रति सभी हाईकोर्ट और सभी राज्यों के राज्यपालों के प्रधान सचिव को भेजने के निर्देश



राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।
– सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

देश में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और 415 पन्नों के फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समय सीमा भी तय करने की बात कही है।

### 90 दिन के भीतर हो फैसला

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा तय समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं। ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है।



### देरी पर देने होंगे उचित कारण

पीठ ने कहा कि इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे। इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए।

### दूसरे राउंड में विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध

सुप्रीम कोर्ट के पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

# लाल किले से सम्राट विक्रमादित्य का यशोगान

**विक्रमोत्सव 2025: उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ, कहा- हमारी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल पुरानी**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली/भोपाल**

देश की राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मन प्रफुल्लित है, एक लंबे अंतराल के बाद भारत ने एक नए युग में प्रवेश किया है। आर्थिक संपन्नत दुनिया के संस्थाओं की प्रशंसा, संस्था के ढांचे में भारी बढ़ोतरी जब भारत विकास में इतना आगे बढ़ रहा है, देश हमारा महाशक्ति बनकर उभर रहा है। दुनिया की नजर जब भारत पर है तो स्वाभाविक है सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति हमारा लगाव बढ़ना चाहिए। कोई देश इस दुनिया में नहीं है, नजदीक तक नहीं आता, जिसकी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल पुरानी हो। ऐसी परिस्थिति में आज का कार्यक्रम भारत में कल्चरल सेंट्रल ऑफ द वर्ल्ड वहां ये कार्यक्रम होना हमारे युग जिनके 10 साल के अंदर प्रगति हुई है। उसकी वजह से जो भारी बदलाव आया है, एक सुखद संकेत है। धनखड़ ने कहा कि हर्षोउल्लास से हम ओतप्रोत हैं। महान विक्रमादित्य के नाम सेज्न्याय के प्रतीक, शासन व्यवस्था उत्कृष्ट हो और कितना अच्छा लगता है, जो मापदंड सम्राट विक्रमादित्य ने रखे थे, आज वो जमीनी हकीकत बनकर उभर रहे हैं।



**पीएम ने विक्रमादित्य महानाट्य की पहल को सराहा**

### इनका कहना है



मुझे खुशी है कि मप्र के सीएम इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है।
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

हम भाग्यशाली है और सौभाग्यशाली है, हमारे वीरों ने अपने इस काल को हमेशा भारत की आन बान शान को लगा करके दुनिया के सामने उस तथ्य को स्थापित किया और इसी लिए कहा गया है कि इस संस्कृति का अंत नहीं हो सकता है।
**-डॉ. मोहन यादव सीएम,** मप्र

मैं धन्यवाद देना चाहूंगी मप्र के मुख्यमंत्री का जिन्होंने इस कार्यक्रम को लाल किले पर आयोजित करवाया है। दिल्ली को ये मौका दिया कि हमारे इतिहास के गौरव से रूबरू हो पाए। इसके साथ ही सम्राट विक्रमदित्य के चरित्र को इस नाट्य के माध्यम से पहचाने।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

# वक्फ कानून का विरोध मुर्शिदाबाद में तीन की मौत

**ममता ने कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं करूंगी**

- हाईकोर्ट ने दिया आदेश- केंद्रीय बलों की हो तैनाती
- उग्र भीड़ ने पिता-पुत्र को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट
- अब तक 118 गिरफ्तार, जिले में इंटरनेट बंद



**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के विरोध में प.बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-पुत्र की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। शुक्रवार को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इधर, कोलकाता हाईकोर्ट ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दे दिया है।

### ममता बोलीं- केंद्र से मांगो जवाब

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। शांत रहें। सबकी जान कीमती है। राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं।

# हमें लालच-भय के कारण अपने धर्म को नहीं बदलना चाहिए

**भागवत ने कहा- कुछ ताकतें हमें धर्म बदलने के लिए करना चाहती हैं मजबूर**

**एजेंसी ■ वलसाड**



संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि धर्म ही ऐसा रास्ता है जो सबको सुख की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में लालच, डर या प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है, और वे लोगों को उनके धर्म से भटका सकते हैं, लेकिन हमें लालच या भय के कारण अपने धर्म को नहीं बदलना चाहिए। आरएसएस प्रमुख गुजरात के वलसाड जिले के बारुमल में सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते।

### धार्मिक आचरण दैनिक जीवन में जरूरी

हमें खुद को बचाना होगा। इसके लिए प्राचीन काल से ही व्यवस्थाएं हैं, क्योंकि आज ऐसी ताकतें हैं जो हमें बदलना (धर्मांतरित करना) चाहती हैं। जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच, डर और प्रलोभन की घटनाएं सामने आती हैं।धार्मिक आचरण दैनिक जीवन में जरूरी है।

# बीजापुर में मुठभेड़, फिर तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के इंद्रावती वन क्षेत्र में शनिवार को सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई। जहां तीन नक्सली ढेर हो गए। तीन माओवादियों के शवों के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। माओवादियों की उपस्थिति की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि इंद्रावती क्षेत्र में नक्सली मौजूद थे। इसके बाद सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे तो माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की, जिसमें माओवादियों को बड़ा नुकसान होने की बात सामने आई है।

**शव के साथ हथियार-विस्फोटक बरामद**

# जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना के जेसीओ शहीद

**किश्तवाड़ में जवानों ने जैश के 3 आतंकी मार गिराए**

**एजेंसी ■ श्रीनगर**

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने देर रात तीन आतंकियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इधर, व्हाइट नाइट कोर ने ट्वीट कर जेसीओ कुलदीप चंद को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा-जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी सैनिक सूबेदार कुलदीप चंद की सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। वे आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।



शहीद JCO कुलदीप चंद

# सेना की वर्दी से प्यार और कई आतंकी संगठनों से राणा का नाता

**मुंबई हमले के एक और साजिशकर्ता साजिद मीर के संपर्क में भी था**

**राणा पाकिस्तान पंजाब के चिचावतनी नामक गांव का मूल निवासी**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ शुरू हो गई। एनआईए की पहले दिन की पूछताछ में तहव्वुर राणा ने जांच में सहयोग किया। पूछताछ में पता चला कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान पंजाब के चिचावतनी नामक गांव का मूल निवासी है। उसके पिता स्कूल प्राचार्य है। तहव्वुर के दो भाई है, जिनमें से एक पाकिस्तानी सेना में मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रहा है और दूसरा पत्रकार है। राणा ने कैडेट कॉलेज से पढ़ाई की है और मुंबई हमले का सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली भी उसके साथ उसी स्कूल में पढ़ता था। राणा ने मेडिकल की डिग्री हासिल की है और पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में नौकरी कर चुका है। राणा को सेना की नौकरी से बेहद प्यार था। इसी दौरान वह आईएसआई के संपर्क में आया और फिर लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा। जब आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के प्रतिनिधियों की बैठक होती थी तो तहव्वुर राणा अक्सर उनमें सेना की वर्दी पहनकर पहुंचता था। तहव्वुर राणा ने बताया कि वह अक्सर आतंकी संगठनों के कैंपों का दौरा करता था। मुंबई हमले के एक और मुख्य साजिशकर्ता साजिद मीर के संपर्क में भी तहव्वुर राणा था। राणा के लश्कर ए तैयबा के साथ ही हरकत उल जिहाद अल इस्लामी आतंकी संगठन के साथ भी संबंध थे।




**शिकंजा** ईडी ने मुंबई-दिल्ली, लखनऊ में चस्पा किए नोटिस, यंग इंडियन प्रा. लि.के पास है स्वामित्व

# नेशनल हेराल्ड की 661 करोड़ की संपत्ति होगी जब्त

**बढ़ी टेंशनः सोनिया-राहुल गांधी हैं यंग इंडियन के शेयरधारक**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में एक्शन शुरू कर दिया है। ईडी ने 661 करोड़ की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

मुंबई, दिल्ली और लखनऊ में नोटिस चिपकाए गए हैं। ईडी ने शनिवार को कहा कि 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं, जिन्हें उसने कांग्रेस नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। ईडी ने कहा कि दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल भवन में ये नोटिस चिपकाए हैं।

नोटिस में परिसर को खाली करने या मुंबई की संपत्ति के मामले में किराए को ईडी को हस्तांतरित करने की मांग की गई है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत की गई है।




### राहुल और सोनिया के पास शेयर

धन शोधन का यह मामला एजेएल और यंग इंडियन से जुड़ा हुआ है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एजेएल द्वारा किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के मेजॉरिटी शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने पत्रकार उपाध्याय की मां के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय की माताजी भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को असीम दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। वहीं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी श्रीमती भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### लाडली बहनों के खाते में 16 को ट्रांसफर होगी राशि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत इस महीने की किश्त अब तक लाभार्थी महिलाओं के खातों में नहीं पहुंची है। हर महीने 10 तारीख को ट्रांसफर होने वाली यह राशि अप्रैल में पहली बार तय तारीख तक नहीं आई, जिससे प्रदेश की 1.27 करोड़ महिलाओं में चिंता और असंतोष देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, 16 अप्रैल तक राशि खातों में पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला के एक कार्यक्रम से राशि लाडली बहनों के खातों में ट्रांसफर कर सकते हैं। वित्त विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अप्रैल की देरी के पीछे वित्तीय वर्ष की शुरुआत में कैश फ्लो मैनेजमेंट एक बड़ा कारण है। सूत्रों का यह भी कहना है कि कोई फंड संकट नहीं है, राशि तकनीकी कारणों से कुछ दिन बाद ट्रांसफर की जा रही है।

### पत्रकार अनुराग उपाध्याय को मातृ शोक, मंत्री कुशवाह ने शोक संवेदना व्यक्त की

**भोपाल।** सामाजिक न्याय द्वियांगजन कल्याण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायन सिंह कुशवाह ने वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुराग उपाध्याय की माताजी के उनकी गृह नगर ग्वालियर में असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की है। मंत्री श्री कुशवाह ने परिजनों को दुःख घड़ी सहन करने की शक्ति देने एवं माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान देने कि ईश्वर से प्रार्थना भी की।

### अवधेश प्रताप को मिला प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट सम्मान



**भोपाल।** कैम्ब्रिज डिजिटल यूनिवर्सिटी की सीनेट व नामांकन समिति ने आंकलन के बाद अवधेश प्रताप सिंह प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश विधानसभा को उनके अपनी संस्था के साथ देश व मानवता की सेवा के लिए उत्कृष्ट योगदान,कर्तव्य निर्वहन के प्रति समर्पण आदि को सराहते हुए प्रशासन के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट सम्मान के योग्य आया और यह उपाधि शनिवार को नई दिल्ली में गरिमा मय अंतर्राष्ट्रीय समारोह में प्रदान की गई।

---

मुख्यमंत्री ने किया महू में हाईटेक सुविधाओं से युक्त कामधेनु गौ-शाला का भूमि-पूजन

# गौ-शालाओं से प्रदेश में गौ-सेवा की लिखेंगे नई इबारत

- सीएम डॉ. यादव ने गौ-सेवा कर, बछिया को दुलारा
- गौ-शाला में 10 हजार गायों की रहेगी व्यवस्था
- सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयासरत
- हर वर्ग गौ-शाला के संचालन में भागीदार बने



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा तेजी से संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पीएम नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए गौ-शालाओं के विस्तार के लिए योजनाबद्ध रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिले। इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में गौमाता का पूजन कर गौ-ग्रास भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बछिया को गोद में लेकर स्नेह से दुलार किया।

मुख्यमंत्री शनिवार को इंदौर जिले के महू-मण्डलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गौ-शाला के भूमि-पूजन समारोह में कहा कि इस गौ-शाला में 10 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था रहेगी। यह गौ-शाला करीब 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। इस गौ-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेंगी। गौ-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जायेगा। गौ-शाला के संचालन में समाजसेवी निस्वार्थ भाव से गौ-सेवा के कार्यों में जुड़ सकेंगे। गायों के पालन और संरक्षण के लिये सभी जरूरी सुविधाएं गौ-शाला में रहेंगी। गौ-शाला क्षेत्र में सघन पौध-रोपण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर, आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी वर्ग की बेहतरी के लिए राज्य सरकार द्वारा संकल्पबद्ध होकर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। हमारी सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के भी निरंतर प्रयास कर रही है। साथ ही हमारे प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिले। अभी देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत उत्पादन मध्यप्रदेश में है, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निराश्रित गौ-वंश की समस्याओं का समाधान गौ-शालाओं के माध्यम से किया जा रहा है। प्रदेश के सभी बड़े नगरों में हजारों गौ-वंश क्षमता की गौ-शालाएं स्थापित कर उनका बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इंदौर में भी अब 10 हजार गौ-वंश क्षमता की अत्याधनिक सुविधाओं से युक्त गौ-शाला बनायी जा रही है। यह कामधेनु गौ-शाला अद्भुत होगी। उन्होंने कहा कि गौ-शालाओं के विकास में शासन के साथ समाज की सहभागिता भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने आहवान किया की समर्पण और सेवा भाव के साथ समाज का हर वर्ग गौ-शाला के संचालन में सहयोग के लिए भागीदार बने। राज्य शासन द्वारा गौ-शालाओं के विकास और विस्तार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी।

#### गौ-माता की सेवा हमारे संस्कारों का हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। गौ-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है, जो हमारे लिये पूजनीय है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है। गौ-वंश को बढ़ावा देने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम से योजना शुरू की है। इस योजना में गौ-वंश पालकों को अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 बनाई है। निराश्रित गौ-वंश की समस्या का समाधान गौ-शालाओं की स्थापना से किया जा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। हातोद स्थित गौ-शाला का कायाकल्प किया गया। इसे उच्च सुविधाओं से युक्त किया गया है। इससे गायों की संख्या बढ़कर 650 से 2 हजार हो गई। इंदौर देश की एकमात्र ऐसी नगर निगम होगी जहां गौ-सेवा के लिये सवा सौ बीघा भूमि पर गौ-शालाएं होंगी। स्वामी अच्चुतानंदजी महाराज ने कहा कि गौ-रक्षा की दिशा में यह सबसे बड़ा प्रकल्प है।

#### सर्वसुविधा युक्त होगी कामधेनु गौ-शाला

नगर निगम इंदौर द्वारा महू तहसील के आशापुरा ग्राम में कामधेनु गौ-शाला में गौ-वंश के सुगम विचरण हेतु खुला स्थान रहेगा। बीमार गौ-वंश की देखभाल हेतु विशेष सविधाओं से युक्त पृथक शेड का निर्माण किया जायेगा। हरे चारे की बुआई हेतु खुली कृषि भूमि का भी प्रावधान रखा गया है। सड़क के दोनों ओर तालाब के चारों ओर एवं अन्य निर्धारित स्थान पर सघन पौध-रोपण किया जाएगा। परिसर में एक गौ-पूजन केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।

---

## रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी

### सीएम ने हनुमान जयंती की दी बधाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामदूत हनुमानजी की भक्ति, सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर हम विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि में योगदान दें, यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर राजकीय विमान तल भोपाल स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया। डॉ. यादव ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों के लिए जारी संदेश में कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। माता सीता का प्रेम, स्नेह और वात्सल्य पाकर उनकी आजीवन सेवा तथा असाधारण वीरता का हनुमानजी का संकल्प सभी के लिए प्रेरक है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन बाण चला रहे थे, और भगवान श्रीकृष्ण सारथी थे, तब भी धर्म ध्वजा हनुमानजी ने ही धारण की थी। हर कष्ट, हर दुःख में सबसे पहले हमें हनुमानजी ही याद आते हैं। वे ही हमें बल, बुद्धि, पराक्रम, वीरता, ज्ञान, विनयशीलता जैसे मानवीय गुणों का वरदान प्रदान करते हैं। संकटमोचक हनुमानजी की कृपा सब पर बरसती रहे, यही प्रार्थना है।

#### सीएम ने पितृ पर्वत पर हनुमान जी के दर्शन कर की पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने नर्मदा परिक्रमावासी अवधूत दादा गुरु जी के दर्शन भी किए। डॉ. यादव ने पितृ पर्वत परिसर में विद्यार्थियों की भजन मंडली द्वारा किए जा रहे हनुमान चालीसा के पाठ में शामिल विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी सराहना की और हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने पितृ पर्वत में अशोक का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव,विधायकद्वय रमेश मेंदोला व मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

# जल की हर बूंद में जीवन, हर स्रोत में छिपा है कल का भविष्य



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपः सुजिरा अमृतः सुवर्चाः शंभू मयोभूः, अर्थात जल न केवल अमृतस्वरूप है, बल्कि शुभ, पवित्र और जीवनदायक भी है। उन्होंने कहा है कि जल जीवन जीने का संसाधन मात्र नहीं, अपितु हमारा सनातन संस्कार है। हमारे ग्रंथ कहते हैं कि जल की हर बूंद में जीवन है और हर स्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। इसलिए इस अमूल्य धरोहर की किसी भी मूल्य पर रक्षा करना हमारा दायित्व है। इसी दायित्व की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसमें नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौध रोपण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस अभियान में जन-भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

छिंदवाड़ा जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 30 मार्च से शुरू हुए कार्यों के अंतर्गत कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने जनपद पंचायत जुन्नारदेव पहुंच कर बुधवारा गांव में तालाब के गहरीकरण हेतु ग्रामवासियों के साथ मिलकर श्रमदान किया। तालाब के जीर्णोद्धार के साथ ही इसमें जमा गाद निकालकर सफाई की जा रही है। कन्हांन नदी तट की सफाई करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

#### जल-स्त्रोतों की जा रही सफाई

बुरहानपुर में सोलाबरडी और गढ़ताल रेंज वन क्षेत्रों समेत जिले के 67 चिन्हित जल-स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण का काम किया जा रहा है। वन विभाग का अमला नागरिकों की भागीदारी से नदी, तालाबों, बावड़ियों में जमा कचरा, सूखे पत्ते, गाद और झाड़ियां को हटा रहा है। अमरावती नदी के तटों पर भी वृहद स्तर पर सफाई अभियान जारी है। जल संरचनाओं में पानी का भराव होने से वन्य जीवों और पक्षियों को भी राहत मिलेगी और भूजल स्तर बना रहने से पर्यावरण भी संतुलित रहेगा।

**पुराने जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार:** देवास जिले में पुराने तालाबों, बावड़ियों, नदियों एवं कुंओं का जीर्णोद्धार व पौधारोपण के कार्य जन-भागीदारी से किये जा रहे हैं। जिले की जनपद पंचायत खातेगांव में ग्राम पंचायत बछखाल के बोरदा गांव में तालाब का गहरीकरण किया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत गदाईशा पीपल्या में तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है।

---

# कुपोषण से जंग, स्वस्थ भविष्य की ओर कदम

### प्रदेश में 8 से 22 अप्रैल तक सातवां पोषण पखवाड़ा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक सातवां पोषण पखवाड़ा पूरे जोश और जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राज्य में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आमजन, महिलाओं और बच्चों को पोषण के महत्व को समझाकर एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। पोषण पखवाड़ा 2025 में प्रमुखता से 4 विषयों जीवन के पहले 1000 स्वर्णिम दिवसों का महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप के हितग्राही मॉड्यूल की जानकारी और उपयोगिता, सीएमएएम प्रोटोकॉल से गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन और 6 वर्ष से कम बच्चों को मोटापे से बचाने पर फोकस किया जा रहा है। गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद पहले दो वर्षों तक के 1000 स्वर्णिम दिवस बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद अहम होते हैं।

#### प्रदेशभर में जागरूकता की लहर

आंगनवाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियों, योग सत्र, खेलकूद, पोषण रैली, साइकिल रैली, एनीमिया जागरूकता शिविर, लंच बॉक्स प्रतियोगिता और समूह चर्चाओं का आयोजन हो रहा है। पोषण ट्रैकर में रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि माताओं और बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और समस्याओं का समय पर निदान सुनिश्चित किया जा सके।

---

## नीति वापस नहीं ली गई, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक करेगी उग्र आंदोलन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति नीति अब सियासी तूफान का रूप ले चुकी है। राज्य सरकार जहां प्रमोशन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की तैयारी में है, वहीं कांग्रेस ने इस मुद्दे पर खुलकर विरोध जताते हुए आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने सरकार पर दलित और आदिवासी कर्मचारियों के अधिकारों को दबाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में बनाए गए 441 पृष्ठीय 'गोरकेला ड्राफ्ट' को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाला गया, जबकि अब सरकार एक नया ड्राफ्ट लाने की तैयारी कर रही है, जो संविधान और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइनों की अनदेखी है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि यह नीति वापस नहीं ली गई, तो कांग्रेस प्रदेशभर में सड़क से सदन तक उग्र आंदोलन करेगी।

---

# नक्सलियों को मारने वाले पुलिसकर्मियों को मिलेगा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

सत्ता सुधार ■ भोपाल



प्रदेश में नक्सलवाद का खात्मा करने की दिशा में राज्य सरकार ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं। नक्सल प्रभावित तीन प्रमुख जिलों बालाघाट, मंडला और डिंडोरी में अब केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई होगी। इसको लेकर हाईलेवल का एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इस पर तेजी से अमल भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराने वाले पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न (ओटी) प्रमोशन देने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। ओटी उन पुलिसकर्मियों को प्रदान किया जाएगा, जो नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले मामले की समीक्षा की थी और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार नक्सल प्रभावित जिलों-बालाघाट, मंडला और डिंडोरी को लेकर केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना, स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हाल में मंडला जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को ढेर किया गया, जिन पर 14-14 लाख रुपए का इनाम था। सीएम ने साफ कहा कि प्रदेश में नक्सली गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है और सभी संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। सीएम ने अफसरों से कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2026 तक नसलवाद के सफाए की डेडलाइन तय की है और उसी को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करें।

बैठक में बताया गया कि समयावधि में चालान के लिए नवीन डैशबोर्ड उपलब्ध है। ई-साक्ष्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। पुलिस थानों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए न्याय श्रुति सॉटवेयर तैयार कर लिया गया है और थानों व कंट्रोल रूम में साउंड प्रूफ कक्ष चिन्हित किए जा रहे हैं।

#### डायल-100 का रिस्पॉन्स टाइम घटेगा

बैठक में डायल 100 की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया गया कि एक नया प्रोजेक्ट करीब 1600 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट से आपात स्थितियों में रिस्पॉन्स टाइम घटेगा और टेक्नोलॉजी के जरिए अपराधों पर बेहतर नियंत्रण होगा।

#### हर व्यति तक पहुंचाएं नए कानूनों की जानकारी

नए आपराधिक कानून, जो वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, भारतीय न्याय व्यवस्था को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों और प्रक्रियाओं का उद्देश्य न्याय प्रणाली को सभी के लिए सुलभ, सहायक और कुशल बनाना है। इसलिए, इन नए कानूनों और प्रक्रियाओं की जानकारी हर व्यति तक पहुंचाना बहुत जरूरी है। इसके लिए न्याय से जुड़ी सभी संस्थाओं में सुधार करना होगा और आम जनता को जल्दी से जल्दी इन नए कानूनों के बारे में जागरूक करना होगा।

---

**कवायद** शिवपुरी के भीमपुर गांव में संयंत्र लगाने मिली हरी झंडी

# केंद्र मप्र के चार जिलों में स्थापित करेगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मप्र के साथ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही मप्र के 4 जिलों में परमाणु संयंत्र स्थापित कर सकती है। इसके लिए बाकायदा सर्वे कर लिए गए हैं। प्रदेश के 4 जिलों में से एक जिला शिवपुरी है, जहां इस संयंत्र को लगाने के लिहाज से आवश्यक जरूरत और संसाधन जुटाए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र शिवपुरी जिले की नरवर तहसील के भीमपुर गांव में मड़ीखेड़ा डैम के पास बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी समेत 4 शहरों में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए स्थान चुने हैं। इन स्थानों पर विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू होने में 2 से 3 साल लग सकते हैं। फिलहाल मप्र में दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र प्रस्तावित है। एक मंडला जिले के चुटका में, जो कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के पास है। इस परियोजना की क्षमता 1400 मेगावाट होगी। दूसरा शिवपुरी जिले के नरवर तहसील अंतर्गत भीमपुर गांव में प्रस्तावित है। परमाणु संयंत्र को संचालित करने के लिए उसके आसपास ठंडा और अनुकूल मौसम होना जरूरी है।

सर्वे में सामने आया है कि भीमपुर ऐसा इलाका है जहां तापमान कम दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही मणिखेड़ा डैम में बहुतायत पानी भी मौजूद है। जो परमाणु संयंत्र के लिए उपयुक्त और जरूरी है। यही वजह है कि वहां इस तरह का परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने पर विचार किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में अभी कोई चालू परमाणु ऊर्जा संयंत्र नहीं है, हालांकि कुछ प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं।

#### देश और प्रदेश दोनों की जरूरत होगी पूरी

परमाणु ऊर्जा पर हर देश की सरकार बड़े पैमाने पर काम कर रही है। इसी दिशा में भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश के 4 जिलों को चुना है। फिलहाल दो जिले महत्वपूर्ण हैं, मंडला और शिवपुरी। यहां दोनों परमाणु संयंत्र स्थापित करने का कारण मौसम की उपयोगिता और पानी की आसानी से उपलब्धता बताया जा रहा है। इस दिशा में भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग केंद्र सरकार बड़े कदम उठाना शुरू कर दिया है।

## ब्रीफ न्यूज़

### युवती को जबरिया भगा ले जाने वाले के विरुद्ध बेटे ने की मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

**गुरसरांय (झांसी)।** मां को भगा ले जाने से परेशान बेटे ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से न्याय व कार्रवाई की गुहार की है। गुरसरांय कस्बे के लंकापुरी में रहने वाले राहुल पुत्र अखिलेश पटेल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत संख्या 4001662 -5008466 पर सूचना दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी माता जी को मुकेश राजपूत ग्राम अकोना थाना राठ जिला हमीरपुर जबरिया भगा ले गया है जिसकी रिपोर्ट उसने थाना गुरसरांय में दर्ज कराई थी लेकिन गुरसरांय पुलिस द्वारा गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कर थाने से भगा दिया और कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे वह काफी परेशान है। इस संबंध में पीड़ित राहुल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन सहित पुलिस के आला अधिकारियों से दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है।

### बिटिया ने राहगीरों को भंडारा वितरित कर मनाया जन्मदिन

**झाँसी।** बड़ी मंडी क्षेत्र के समीप निवासी आदिवासी परिवार की बिटिया ने अपने जन्मदिन को अनोखे तरीके से मनाने के लिए एक ऐसा प्लान बनाया जिसमें कुछ खास और यादगार पल शामिल हों। वह अपने दोस्तों के साथ किसी नए रेस्टोरेंट में जा सकती थी, पार्क में पिकनिक कर सकती थी , या फिर किसी रोमांचक गतिविधि में भाग ले सकती थी लेकिन बिटिया पायल ने अपने जन्मदिन को अनोखे रूप से मनाया. बिटिया पायल ने सर्वप्रथम ईश्वर के समक्ष सभी के मंगलकामना कि प्रार्थना की.उसके उपरांत अपने माता पिता से आशीर्वाद लिया. बिटिया पायल ने अपने जन्मदिन पर राहगीरों को पूड़ी सब्जी कि प्रसादी व शीतल पेयजल वितरण किया. राहगीरों ने प्रसादी ग्रहण कर बिटिया पायल को उत्तम स्वास्थ व दीर्घायु का सुभाशीष प्रदान किया. इस अवसर पर दीपक कुमार, निशा आदि लोग मौजूद रहे.

### हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**झांसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा झांसी में यात्रिक होटल में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम में सभी सदस्याओं ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया तथा हनुमान चालीसा गाया। इसके पश्चात आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता निधि नगरिया पल्लवी चतुर्वेदी अनामिका टंडन रश्मि महेंद्रु ममता अग्रवाल मधु अग्रवाल नेहा झा दिव्या गुप्ता, सीमा तिवारी, रामश्री गुप्ता, मीनू चावला, रजनी सेठ, रचना सोनी मनु भारती, कल्पना गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। अंत में सचिव निधि नगरिया द्वारा सभी को हनुमान चालीसा की पुस्तक भेंट की गई तथा कार्यक्रम संयोजिका अनामिका टंडन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुन्दरकाण्ड पाठ व अखंड रामायण के साथ हुआ भंडारा



**सत्ता सुधार ■ बबीना झाँसी**

सुकुवां ढुकुवा रोड तिराहा पर स्थित श्री श्री 1008 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर सुन्दरकाण्ड पाठ प्रारंभ करके अखंड रामायण के पाठ के साथ हनुमान जन्मोत्सव के उपरांत प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर पर आज भव्य भंडारे का आयोजन समस्त भक्तजनों के सहयोग से आरंभ हुआ कई वर्षो से लगातार इस भव्य भंडारे के आयोजन को लेकर नगर में जन्मोत्सव पर लोगों में उत्साह देखने को मिलता है

इस भंडारे के आयोजन में समस्त भक्तजनों का पूर्ण सहयोग हमेशा मिलता है इस शुभ अवसर पर मंदिर के पुजारी पं0 श्री अनुज तिवारी( गौरी महाराज ), प्रशांत रायकवार ठेकेदार, देवेंद्र तिवारी,बृजेंद्र पाठक,गौरव यादव, अंकित मिश्रा,अनुभव श्रीवास्तव, दीपक सेन,सोनू चौबे, भास्कर भार्गव,संजय मजूमदार,वीर सिंह ठेकेदार,अंकित रावत,सनी यादव, अनिकेत यादव,शिवम पुरी, मोहित यादव,अमित रायकवार, विकास जोशी,शिवा यादव,राहुल रायकवार, आशीष गुप्ता,विकाश यादव (रसीना),रामबाबू पाल, धर्मराज,करीम खान,सलमान खान, गुड़ी खान,आदि समस्त भक्तजन उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मन्दिरों पर हुआ श्रृंगार तो कहीं सुंदरकांड और रामायण के साथ भव्य हुए भंडारे

**गुरसरांय (झांसी)।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा नगर के मंदिरों में हनुमानजी का भव्य श्रंगार किया गया। जिसमें बस स्टैंड के व्यास मंदिर पर हनुमान जी का धूमधाम से उत्सव मनाया गया। नगर के परकोटा ,खेरापति हनुमान जी पटकाना पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,श्री दास हनुमान जी ,बड़े हनुमान जी नई बस्ती, बाजार हनुमान जी ,थाने के मंदिर ,श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर आदि मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्य क्रम आयोजित किए गए तथा हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया।इस मौके पर चेयरमैन जयपाल सिंह उर्फ राजू चौहान,पंडित बृज किशोर व्यास,देवेंद्र घोष,सुरजीत सिंह, एडवोकेट सतीश चन्द्र चौरसिया,अवधेश प्रताप सिंह फौजी,पुजारी अनिल पप्पू पंडा, रामनारायण पस्तोर,रामेश्वर अग्रवाल, सतीश गेंदा,चंद्र प्रकाश चौरसिया, कौशलेश मिश्रा,राघवेन्द्र पटेल महेबा, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, घनश्याम सेन ,केशवेंद्र चौहान प्रशांत सिरौनिया ,नितेश मोदी पार्षद, दीपक यादव पार्षद, नितेश अग्रवाल,प्रतिपाल, प्रतीक गेंदा, अभिषेक गुप्ता,यश बिलैया, रामजी बिलैया आदि उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान जयंती पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न, लगभग 50 मरीज हुए लाभान्वित

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

श्रीम सेवा समिति एवं पत्रकार एकता संघ के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सीपरी बाजार गुरूद्वारे के नजदीक स्थित टाइम्स इन्स्टीट्यूट में सम्पन्न हुआ जिसमें स्थानीय लोगों का विद्वान डॉक्टरों ने परीक्षण कर दवा वितरित की।

शिविर का शुभारंभ डॉक्टर बृजेश खरे (शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल झांसी), डॉक्टर अर्पण श्रीवास्तव (दंत चिकित्सक), डॉ मनोज गुप्ता संचालक श्री राम आई स्पेशलिटी हॉस्पिटल समिति झांसी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

उक्त चिकित्सीय शिविर में चिकित्सीय प्रक्रिया को अनिल कुमार (एस.एस.के. मैनेजर), अवधेश कुमारी (एसपी काउंसलर), नरेंद्र कुमार ( ओ.आर.डब्लू.) एवं संपूर्ण सुरक्षा क्लिनिक जिला अस्पताल झांसी द्वारा विधिवत रूप से सभी मरीजों का बीपी टेस्ट, ब्लड टेस्ट करके उपस्थित चिकित्सकों के पास भेजा वहां परीक्षण उपरांत दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रींम सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह एवं पत्रकार एकता संघ के महानगर अध्यक्ष ध्रुवे दुबे, महिला महानगर अध्यक्षा श्रीमती ममता स्पर्श गोस्वामी ने सभी चिकित्सकों को उपहार व धन्यवाद पत्र प्रेषित किया।

शिविर में पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारियों में सर्वश्री अनिल मौर्य, आनंद चावला (बॉबी), आर.के. सेन, अमित साहू, संजीव गोस्वामी, गोविंद सिंह परिहार, वरूण अग्रवाल, कविता भिलवारे, राम लखन तिवारी हिमांशु मिश्रा, राकेश कुमार, श्रीम सेवा समिति से रजनी सेठी नीलम सिंह, रानी सिंह, गुंजन, विनीत गुप्ता एवं चित्रांश द्विवेदी जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित डाक्टरों एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार एवं धन्यवाद पत्रकार एकता संघ के मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने किया।

**समाधान दिवस :** डीआईजी ने 'थाना बरूआसागर, थाना सकरार व थाना उल्दन का किया निरीक्षण

# शासन एवं मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अरक्षशः अनुपालन किया जाये : डीआईजी

### लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण में न करें अनावश्यक विलम्ब, वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के दिये निर्देश

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी केशव कुमार चौधरी महोदय द्वारा जनपद झाँसी के थाना बरूआसागर, थाना सकरार व थाना उल्दन में आयोजित समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।



राजस्व, भूमि विवाद के मामले में थाना पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराकर विवादों का नियमानुसार त्वरित एवं वैधानिक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मौके पर टीम को स्थलीय निरीक्षण के लिये रवाना भी किया गया।

डीआईजी झाँसी द्वारा समाधान दिवस में आयी हुई जनशिकायतों के निस्तारण हेतु थाना पुलिस को सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त टीम बनाकर पीडितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। तदोपरान्त थानों के परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, महिला हेल्प, साइबर हेल्प डेस्क, CCTNS कक्ष, मालखाना आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सहित अन्य अभिलेखों/पत्रावलियों का अवलोकन कर अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये तथा शिकायत के सम्बन्ध में थाना प्रभारी के द्वारा फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए।

अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु जनपद प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए तथा यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

डीआईजी द्वारा शासन की प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए है साथ ही पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में पूर्ण अनुशासन बनाये रखते हुए कर्तव्य पालन किये जाने के निर्देश दिए गए है।

## चोरी की दो वारदातों का खुलासा: बबीना पुलिस ने तीन चोरों को माल सहित किया गिरफ्तार

**सत्ता सुधार ■ बबीना झाँसी**

बबीना थाना क्षेत्र में एक हफ्ते के भीतर दो बार हुई चोरी की घटनाओं से जहां व्यापारियों में दहशत का माहौल था, वहीं पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन गई थी। मगर बबीना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इन वारदातों का खुलासा कर दिया है।थाना प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी के नेतृत्व में गठित टीम ने गंभीरता से जांच करते हुए 12 अप्रैल की रात्रि करीब एक बजे तोमर ढाबा के पीछे पुराने मंदिर के पास, जंगल क्षेत्र ग्राम सिमरावारी से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हुई :** चन्दू यादव पुत्र बलराम यादव (उम्र लगभग 20 वर्ष), निवासी मुहल्ला डुबकी, आरामशीन, थाना बबीना, झाँसी,बृजेन्द्र वशंकार पुत्र मनीराम वशंकार (उम्र लगभग 23 वर्ष), निवासी पठारी, थाना ओरछा, जिला निवाड़ी, मध्य प्रदेश, अभय अहिरवार उर्फ समीर पुत्र प्रदीप अहिवार (उम्र लगभग 22 वर्ष), निवासी अम्बेडकर नगर, आरामशीन, थाना बबीना, झाँसी को धारा 331(4)/305 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामि में उप निरीक्षक दिनेश कुमार गिरी, चौकी प्रभारी भेल,उप निरीक्षक श कैलाश चन्द्र,हेड का0 बृजेश सिंह का0 लवकुश पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# अवैध हथियार के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**सत्ता सुधार ■ बबीना झाँसी**

थाना प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत बबीना पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। सुकवां डुकवा रोड पर झाँसी-ललितपुर हाईवे की पुलिया के पास कच्चे रास्ते से अशोक सेन पुत्र स्वर्गीय भाग सिंह सेन (उम्र लगभग 40 वर्ष), निवासी न्यू पम्प हाउस रोड, कस्बा एवं थाना बबीना, झाँसी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ।आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा,उप निरीक्षक गम्भीर सिंह, का.महेश चन्द्र, मौजूद रहे।

## बस स्टैंड पर गुंडा टैक्स न देने पर रोडवेज कर्मियों से मारपीट: पुलिस ने दिया कार्यवाही का भरोसा

**झांसी।** नवाबाद थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर गुंडा टैक्स न देने पर दबंगों ने बस स्टाफ के साथ मारपीट कर दी। इस घटना से आक्रोशित बस यूनियन ने शुक्रवार को एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। यूनियन का साफ कहना है कि वे किसी भी हालत में गुंडा टैक्स नहीं देंगे और प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शिकायतकर्ता शोभरन सिंह, जो कि निवाड़ी निवासी हैं और झांसी से टीकमगढ़ जाने वाली बस में कंडक्टर के रूप में कार्यरत हैं, उन्होंने बताया कि शुक्रवार को खाना खाकर जब वे बस स्टैंड पहुंचे, तो तीन युवकों ने उनसे जबरन अवैध पैसे की मांग की। जब उन्होंने पैसा देने से इनकार किया तो आरोपितों ने उनके साथ बस स्टैंड पर ही मारपीट शुरू कर दी। हालत बिगड़ने पर उन्हें अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। वहीं, भूपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। रोजाना ये युवक बस चालकों और स्टाफ से गुंडा टैक्स मांगते हैं और इंकार करने पर उनके साथ मारपीट करते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिस चौकी में शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती, जिससे बस चालकों में डर और आक्रोश है।

# नील की बोतलों से कुत्तों को भगाने का टोटका झांसी महिला जिला अस्पताल में अनोखा उपाय

**सत्ता सुधार ■ झांसी**



वैज्ञानिक तरीके से इलाज देने वाले झांसी के महिला जिला अस्पताल में इन दिनों एक अनोखा टोटका चर्चा में है। अस्पताल परिसर में जगह-जगह नीले रंग का पानी भरी बोतलें टांगी गई हैं। दावा किया जा रहा है कि इन बोतलों की मौजूदगी से आवारा कुत्ते अस्पताल के अंदर नहीं आते। इस उपाय के पीछे कोई वैज्ञानिक पुष्टि नहीं है, लेकिन अस्पताल स्टाफ का मानना है कि यह टोटका कारगर साबित हो रहा है। स्टाफ का कहना है कि जबसे यह बोतलें टांगी गई हैं, तबसे कुत्तों की संख्या में कमी आई है। यह टोटका खासकर इसलिए अपनाया गया है ताकि गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा या खतरा न हो। अस्पताल के एक कर्मचारी ने बताया, ÷किसी से सुना था कि नील मिली पानी की बोतलें लटकाने से कुत्ते उस जगह नहीं आते। हमने कोशिश की और अब कुत्ते कम दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है कि झांसी का महिला जिला अस्पताल शहर के बीचोंबीच स्थित है और यहां मरीजों की संख्या भी अधिक होती है। मरीजों का फेंका गया बचा हुआ खाना आवारा कुत्तों को आकर्षित करता है, जिससे वे परिसर में घूमते रहते हैं। कई बार नगर निगम की टीम इन कुत्तों को पकड़कर ले जाती है, लेकिन कुछ समय बाद वे दोबारा लौट आते हैं। इस मामले में जब अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजनारायण से बात की गई तो उन्होंने कहा, मुझे इस टोटके के बारे में जानकारी नहीं है। संभवतः यह किसी स्टाफ मेंबर की पहल हो सकती है। हमने सुरक्षा के लिए स्टाफ को तैनात किया हुआ है ताकि मरीजों को कोई नुकसान न हो। महिला जिला अस्पताल ही नहीं, झांसी के कई रिहायशी इलाकों में भी इस टोटके को अपनाया गया है। खाती बाबा इलाके के ट्यूबवेल रोड पर भी कई घरों के बाहर नीले पानी की बोतलें लटकी देखी जा सकती हैं। हालांकि इस विषय पर खुलकर कोई बात करने को तैयार नहीं है।भले ही यह उपाय अंधविश्वास जैसा लगे, लेकिन अगर इससे आवारा कुत्तों की समस्या में थोड़ी राहत मिल रही है, तो स्थानीय लोग इसे जारी रखने में विश्वास दिखा रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे चलकर इस पर कोई वैज्ञानिक शोध होता है या नहीं।

# 83 करोड़ की लागत से गुरसरांय गरौठा की प्यास बुझाने में कामयाब रहे गरौठा विधायक

**सत्ता सुधार ■ गुरसरांय(झांसी)**

83 करोड़ की लागत से गुरसरांय और गरौठा नगरीय क्षेत्र के लिए पेयजल योजना जनता को पेयजल सेवाएं उपलब्ध कराने का काम जल निगम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कराया जा रहा था जिसके तहत गुरसरांय नगर एवं टाउन क्षेत्र गरौठा में स्वच्छ पेयजल अब से एक साल पहले हर घर पेयजल योजना के तहत जनता को पेयजल व्यवस्था उपलब्ध हो जानी चाहिए थी लेकिन संबंधित विभाग और इस काम को करा रही कार्यसंस्था द्वारा लापरवाही बरतने के चलते यह योजना आम जनता को मार्च 2025 में भी उपलब्ध नहीं हो सकी।



इसको लेकर क्षेत्रीय विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत लगातार फील्ड में काम से लेकर जिला और प्रदेश स्तर पर इस काम को जल्द से जल्द मूर्त रूप मिल सके के लिए एड़ी चोटी का कस लगाए हुए थे और उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के झांसी जिले की सबसे पिछड़े गरौठा विधानसभा क्षेत्र के लिए पेयजल की इतनी बड़ी भारी भरकम 83 करोड रुपए की धनराशि मंजूर कराने से लेकर धनराशि आवंटित कर काम कराने तक विधायक जवाहरलाल राजपूत की मेहनत रंग लाई और 11 अप्रैल शुक्रवार को दिन के 4त00 बजे लगभग गरौठा विधायक और जल निगम के अधिकारी स्थित जल निगम के प्लांट पर पहुंचे जहाँ विधायक जवाहरलाल राजपूत ने अपने सामने पानी चलवाकर देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से पानी के फिल्टर से लेकर पानी के स्टोरेज की क्षमता परखी यहां पर अधिकारियों ने बताया कि इस प्लांट से 8 लाख लीटर पानी हमेशा मौजूद रहेगा इसके बाद उन्होंने पेयजल सप्लाई हेतु बनाई गई बिजली व्यवस्था को भी परखा और आपातकाल में आकाशीय बिजली आदि गिरने की स्थिति में इसकी रक्षा के लिए किए गए प्रबंध के बारे में जानकारी हासिल की विधायक ने कड़े लहजे में विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द यह योजना गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक हफ्ते के भीतर पेयजल सप्लाई करने के निर्देश दिए।

### अभी इसका पानी पेयजल में प्रयोग न करें

प्लांट में भले सभी तैयारियां पूरी हो गयी हो लेकिन फिल्टर कर पीने योग्य पानी अभी फिल्टर प्लांट पूरी तरीके से चालू नहीं हो पाया है इसलिए विभाग की अधिकारियों ने अभी इस पानी को पेयजल के लिए प्रयोग न किए जाने की जनता से अपील की है यह पानी हर कीमत पर 15 अप्रैल 2025 से जनता के लिए सप्लाई खोल दी जायेगी। आज विधायक द्वारा मौके का निरीक्षण करने दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि ललित पटेल,जितेंद्र कुशवाहा,आशीष खरे मंडल अध्यक्ष,रामेश्वर अग्रवाल,लक्ष्मण सिंह अस्ता विजय सिंह अस्ता,मुन्नी दाऊ,नितिन मिश्रा और विभागीय लोगों में अधिशासी अभियंता मुकेश पाल, सिंह,सहायक अभियंता सिविल अनुराग यादव,सहायक अभियंता नवीन चंद्र शर्मा,मैनेजर महेंद्र सिंह,कुशाग्र साहू सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध स्थितियों में हुई महिला की मौत, परिजनों ने लगाया ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**चिरगांव।** झाँसी के ग्राम देदार का है जहां पर 22 वर्षीय शिवानी यादव की शादी 1 वर्ष पूर्व मनीष यादव पुत्र बबलू यादव निवासी चिरगांव ग्राम देदर के साथ हिंदू हिन्दू रिती



रिवाज के अनुसार हुई थी 12 अप्रैल 2025 लगभग 12 बजे शिवानी यादव को उसका पति मनीष यादव अस्पताल लेकर आया जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत्यु घोषित कर दिया घटना की सूचना परिजनों को दी गई तब परिजनों ने चिरगांव थाने में प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न मारपीट का आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करने की अपील की है उनका कहना यह है कि उनकी बेटी शिवानी को ससुराल पक्ष के द्वारा मारपीट की गई और उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया गया और उनके आने से पहले फंदे से उतर कर अस्पताल ले आए जिससे कि स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि यह इन्होंने गला दबाकर हत्या की है या फिर फांसी के फंदे पर लटका दिया है फिलहाल में पुलिस ने सब का पंचनामा भरते हुए सबको पोस्टमार्टम के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह आत्म हत्या है या हत्या है पुलिस मामले की जांच कर रही है

# थाना समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं नायब तहसीलदार ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**सत्ता सुधार ■ गरौठा झांसी**

आज शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय ने की इस दौरान नायब तहसीलदार राधा पालीवाल भी मौजूद रही।

समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना समाधान दिवस में कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार जमीन से संबंधित एवं दो पुलिस से संबंधित रहे जिसमें एक प्रार्थना पत्र का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

वही बाकी बचे प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द निस्तारण के करने के आदेश दिऐ।

इसके साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जाएगा।

इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों को बताया की थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुनना और उनका निस्तारण करना है जिससे जनता को समय पर न्याय मिले और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो सके।

इस मौके पर कस्बा इंचार्ज राकेश कुमार दीक्षित लेखपाल जितेंद्र,मयंक,देवेंद्र नगर पंचायत सहायक लिपिक बृजकिशोर मिश्रा आशीष चतुर्वेदी हरिशंकर यादव प्रधान पसौरा रामकिशोर यादव सहित फरियादी मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### महुआ बीनने को लेकर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी कस्बा के ग्राम बैजनाथ में रहने वाली रौशनी पत्नी हरदेव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 9 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे वह अपने दरवाजे के सामने खड़ी थी। तभी गांव के शिशुपाल सिंह व अरविन्द सिंह पुत्रगण गिन्नी राजा एकराय होकर आये और महुआ बीनने को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। बचाव करने आये उसके पति हरदेव के साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग पुत्री के गायब होने का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते गुरूवार को वह अपनी पत्नी के साथ खेत में गेंहू काटने के लिए गया था। एक घण्टे बाद वह घर वापस आया तो उसकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं मिली। जानकारी करने पर पताचला कि उसकी पुत्री रास्ते से निकल कर गयी थी, जिसके बाद से नहीं आयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### खेत पर जाते समय धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम जमालपुर निवासी रामजू पत्नी बहोरन सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया कि वह अपने पुत्र छोटे राजा व सुरेन्द्र राजा उर्फ गुड्डू राजा के साथ खेत पर काम करने जाते हैं तो गांव के राजेश पत्नी राजेन्द्र सिंह, उपदेश पत्नी भूपेन्द्र सिंह, रूपेश पत्नी गजेन्द्र सिंह, कमलेश पत्नी देवेन्द्र सिंह, बेबी पत्नी राजेन्द्र सिंह, सोनम पत्नी छोटे, निधि पत्नी पुष्पेन्द्र द्वारा आये दिन उसे व उनके पुत्रों को गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा होते हुये जान से मारने की धमकी दी जाती है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### डिवाइडर से टकराई स्कूटी, युवक की मौत

**ललितपुर।** शुक्रवार की रात रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित वर्णी कालेज के पास विजया बैंक के पास अनियंत्रित हो कर स्कूटी डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें स्कूटी चालक सहित दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम पड़ोरिया निवासी 20 वर्षीय मोनू पटेल पुत्र राजकुमार अपने साथी कोतवाली सदर क्षेत्र के चांदमारी निवासी शिवम पटेल पुत्र मथुरा के साथ किसी काम से स्टेशन रोड़ स्थित विजया बैंक के पास जा रहे थे, तभी एक स्कूटी से टकराते हुए उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरायी। इस कारण बाइक सवार मोनू व शिवम घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जानकारी में जुट गई है।







# श्रीहनुमान जयंती पर तुवन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

### अखाड़ों के जुलूस ने मोहा मन, जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण

**ललितपुर।** श्रीहनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जनपद में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध तुवन मंदिर में रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में भगवान हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से की गई बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते रहे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छायादार पंडाल और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिर के आंगन में दोपहर से ही भंडारे का आयोजन शुरू हो गया था, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा माहौल जय श्रीराम और बजरंगबली की जयकारों से गूंजता रहा। शाम के समय नगर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस जलूस में अखाड़ों के पहलवानों ने परंपरागत ढंग से लाठी, तलवार और व्यायाम कौशल का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, बैंड-बाजे और ध्वज पताकाओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जलूस का स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, मंदिर समिति और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। कुल मिलाकर, हनुमान जयंती का यह आयोजन नगरवासियों के लिए आस्था, परंपरा और उत्सव का अनोखा संगम साबित हुआ।

# किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय, गेंहू उपज का नहीं कराना होगा सत्यापन : एडीएम

- सत्यापन के विभिन्न चरणों से किसानों को मिली मुक्ति, अब तत्काल बेच सकेंगे अपनी उपज
- गेंहू क्रय नीति के अनुसार पहले 100 कुन्तल तक सीमा थी सत्यापन से मुक्त

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उ.प्र. ने कृषकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत अब 100 कुन्तल से ऊपर की सभी मात्रा को सत्यापन से मुक्त कर दिया गया है। इससे पहले गेंहू क्रय नीति के अनुसार 100 कुन्तल तक सीमा को ही सत्यापन से मुक्त रखा जाता था। उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जारी गेंहू क्रय नीति के अंतर्गत 100 कु. तक सीमा सत्यापन से मुक्त है, फिर भी विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के अनुसार 100 कु. से ऊपर भी पंजीकृत कृषक के सत्यापन में



विभिन्न कारणों से विलंब होने के कारण कृषकों को गेंहू विक्रय में असुविधा हो रही है। कृषकों से सीधे गेंहू क्रय में, सत्यापन में विलम्ब के कारण आ रही असुविधा के दृष्टिगत उपरोक्त प्राविधानो के तहत शासकीय हित में 15 मुई 2025 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) 100 कु. से ऊपर की भी सभी मात्रा को सत्यापन से मुक्त किया गया है, इससे किसानों को लाभ मिलेगा और वे अविलंब विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सत्यापन से मुक्ति सभी श्रेणियों पर लागू होगी। सत्यापन से मुक्त होने के कारण पंजीकरण हेतु उपलब्ध करायी गयी समस्त सूचनाओं की सत्यता का उत्तरदायित्व सम्बन्धित पंजीकृत कृषक का होगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि क्रय नीति में 300 प्रतिशत की सीमा तक विक्रय की अनुमति प्रदान की गयी है, जिससे जनपदों की उत्पादकता में असमानता अथवा अभिलेखों में त्रुटि आदि की स्थिति में कृषकों को असुविधा न हो। इस सुविधा का भी लाभ कृषकों को उपलब्ध कराया जाये। गेंहू कार्य नीति के अंतर्गत कृषक पंजीकरण की प्रक्रिया का निर्धारण एवं इस हेतु प्राप्त होने वाले डाटा के प्रयोग तथा राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन एवं सत्यापन की सीमा में छूट आदि के सम्बन्ध में आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश आवश्यकता अनुसार निर्णय ले सकेंगे।

## अपमान सहन नहीं कर सका युवक, लगायी फांसी

### महिला की तहरीर पर गांव के दबंगों पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम सतरवांस निवासी भारती अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 8 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे गांव के रामभरत पाराशर, केदार, गब्बर व ध्रुव पुत्रगण रामेश्वर एकराय होकर उसके घर आये और गालियां देते हुये उसके पति को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। बताया कि उसके पति के साथ लाठियों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसने अपने जेठ राजेन्द्र, मुन्नालाल, पुनु व मुकेश ने बीच-बचाव किया। इस हमले में घायल उसके पति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया। बताया कि ग्वालियर से केदार उसके पति को जबरन घर वापस ले आया और डराते-धमकाते हुये उसके यहां मजदूरी करने के दबाव बनाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये फिर से अपमानित किया। जातिसूचक शब्दों के लगातार प्रयोग से किये जा रहे अपमान को उसका पति सहन नहीं कर सका और उसके पति ने संदिग्धावस्था में फांसी लगा ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उधारी के रुपयों को लेकर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना मदनपुर के ग्राम जलंधर निवासी अशोक चंदेल पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर देकरबताया कि बीती 9 अप्रैल को शाम करीब 7.30 बजे गांव में रहने वाले धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र भागचंद्र व नथू पुत्र चैंपे कुशवाहा उसके घर आये और पूर्व में उधारी के रुपयों को लेकर उसे व उसके पिता को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आयी उसकी मां केशरबाई व पिता रामसेवक के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से धर्मेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के अशोक पुत्र रामसेवक बुनकर व रामसेवक पुत्र बारेलाल ने पूर्व में उधार दिये गये रुपये मांगने पर लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मामला दर्ज कर लिया है।

**पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज किया**

### उधार सामान न देने पर दिव्यांग से मारपीट

**ललितपुर।** नेहरूनगर चौकी अंतर्गत बाल सम्प्रेक्षण गृह के पास रहने वाले नरेश कुमार पुत्र रामचरण अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह एक दुकान का संचालन करता है। बीती 11 मार्च को अपराह्न करीब 1 बजे निखिल परिहार पुत्र नन्दलाल उसकी दुकान पर आया और उधार सामान मांगने लगा। सामान उधार न देने पर निखिल ने उसे उसकी दिव्यांगता पर अश्लील गालियां देते हुये अपमानित किया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दी। मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने निखिल परिहार के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शराब पीने को रूपए न देने पर युवक पर किया जानलेवा हमला

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत मुहल्ला कटरा बाजार निवासी प्रिंस पुत्र रामकिशोर ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे उसका छोटा भाई आयुष तुवन मंदिर के पास अपने दोस्त लकी के साथ बाइक सुधरवाने आया था, तभी विनय यादव पुत्र राजू यादव, राजा भैया पुत्र राजू, गुल्लू पुत्र अज्ञात एवं दो अज्ञात साथियों सहित आए और सभी लोगों ने आयुष को पकडकर शराब पीने के लिए दो हजार रुपयों की माँग करने लगे, मना करने पर विनय यादव निवासी तालाबपुरा ने लोहे की रॉड लेकर जान से मारने के इरादे से आयुष के सिर में मारी, उससे बचने के लिए हाथ आगे किया तो हाथ पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे आयुष के हाथ व सिर में गम्भीर चोटें आई है, सभी लोगों ने धमकी दी कि यदि रिपोर्ट की तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे, मौके पर कई लोगों ने घटना देखी, हमलावर अपराधी हैं, जिनसे उसे जानमाल का खतरा है, जिस पर सदर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके एक नामजद आरोपी को हिरासत में ले लिया है, वहीं अन्य हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरिया वंशा निवासी जशोदा पत्नी चन्द्रभान अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 7 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव के जीवन, चन्द्रपाल पुत्रगण हरगोविन्द अहिरवार एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश के चलते गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसी बीच शोरगुल होने पर बीच-बचाव करने आयी सास फूलबाई व ससुर कप्तान सिंह आये तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# परिचर्चा : भारत में बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्टिंग, समाधान की दिशा में कदम

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

डिजिटल युग में जहां भारत तकनीकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, वहीं साइबर अपराध की घटनाओं में भी चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2020 में जहां लगभग 12 लाख साइबर अपराधों की शिकायतें दर्ज की गई, वहीं 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 28 लाख से अधिक हो गया। इसके साथ ही डिजिटल अरेस्टिंग जैसे नए अपराध भी उभर रहे हैं, जिनमें आम नागरिकों को फर्जी कॉल्स और धमकियों के जरिए पैसे की उगाही की जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि भारत में आई टी एक्ट 2000 को अद्यतन करने की जरूरत है। वर्तमान कानूनी ढांचा तेजी से बदलते डिजिटल अपराधों के लिए पर्याप्त नहीं है। डिजिटल अरेस्टिंग



जैसे मामलों में आम लोगों को कानूनी जानकारी न होने के कारण डर का फायदा उठाया जाता है। हमें कानून की भाषा को सरल बनाकर जागरूकता बढ़ानी होगी। हमारा सुझाव यह है कि साइबर अपराधों की सजा को कठोर किया जाए। इससे संबंधित कानून में डिजिटल इंटिमिडेशन को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए। वरिष्ठ पत्रकार अमित लखेरा बताते हैं कि अधिकांश साइबर अपराध विदेशों से ऑपरेट हो रहे हैं, जिनमें ट्रेसिंग और कार्रवाई एक चुनौती है। डिजिटल अरेस्टिंग की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आकंड़ों के अनुसार हमारे देश की साइबर सेल रोजाना कई शिकायतें प्राप्त कर रही है। आम जनता को ऐसी कॉल्स की रिपोर्ट तुरंत करनी चाहिए, और किसी भी अनजान नंबर से पैसे ट्रांसफर करने से बचना चाहिए। मीडिया संस्थानों को जागरूकता से संबंधित समाचारों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस विषय पर हमारा सुझाव है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग बढ़ाया जाए। स्थानीय पुलिस को साइबर क्राइम के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। अधिवक्ता संवाद के रविन्द्र घोष बताते हैं कि भारत में डिजिटल साक्षरता अभी भी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराध की शिकार महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सरकार को चाहिए कि डिजिटल इंडिया अभियान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा शिक्षा को भी प्राथमिकता दे। सुझाव दिया कि स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर साइबर सेफ्टी अलर्ट अनिवार्य किए जाएं। लॉ ट्रेनी विकास झा बताते हैं कि हमने देखा है कि जागरूकता अभियानों से बहुत फर्क पड़ता है। जिन क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा वर्कशॉप होती हैं, वहां साइबर अपराध की घटनाएं कम हो जाती हैं। हमें हर स्तर पर लोगों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी देनी होगी। विधि की शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को भी साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर वॉलेंटियर के रूप में सेवाएं ली जाएं, मेरा सुझाव यह है कि स्थानीय भाषाओं में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जाए।पीड़ितों के लिए साइकोलॉजिकल सपोर्ट सिस्टम तैयार किया जाए। इस परिचर्चा से यह निष्कर्ष निकलता है कि अपराध और डिजिटल अरेस्टिंग से लडने के लिए सिर्फ कानूनी उपाय ही नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और तकनीकी दृष्टिकोणों को भी एक साथ अपनाना होगा। यह परिचर्चा यही संदेश देती है कि जब तक जनता को जागरूक नहीं किया जाएगा और सिस्टम को सशक्त नहीं बनाया जाएगा, तब तक इस डिजिटल संकट से निपटना मुश्किल होगा।

## जिले में श्रीहनुमान जयन्ती की धूम



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जिले में हनुमान जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। शुक्रवार रात तुवन मंदिर में भजन संध्या व आतिशबाजी के बीच हजारों श्रृद्धालुओं की मौजूदगी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। तुवन मंदिर के मंहत रामलखनदास महाराज व झांसी आए बैदेही बल्लभ शरण महाराज द्वारा पूजा अर्चना की गई। जन्मोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर में मौजूद रहे। जन्मोत्सव होते जय वीर बजरंगी व जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। वहीं भगवान के भजनों पर श्रृद्धालु जमकर नाचे। इस दौरान एक घंटे तक आतिशबाजी हुई। आतिशबाजी से आसमान में अलग ही आकर्षण का केंद्र देखने को मिला। इस दौरान सरदार वी.के.सिंह, डा.ओमप्रकाश शात्री, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, कौस्तुभ चौबे, राजेश यादव, सतेन्द्र सिसोदिया, गिरीश पाठक, दिनेश संज्ञा पत्रकार सहित अनेकों श्रृद्धालुजन मौजूद रहे। वहीं श्री सर्वेश्वर धाम पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर परम पूज्य जगद्गुरु डा.स्वामी कृष्ण गिरीजी महाराज के परम सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें सुबह 9 बजे से चोला सहित सुन्दर काण्ड पाठ हुआ। अपराह्न 12 बजे श्रीहनुमानजी महराज का पूजन पं.अभिषेक पांडेय, अमित पांडेय के द्वारा संपन्न हुआ। उसके बाद हवन व आरती सम्पन्न हुयी। इस दौरान महामंडलेश्वर गिरीश बाबा, जगदीश गोस्वामी, सुरेशचन्द्र पाण्डेय, अशोक नामदेव, अनुराग गोस्वामी, विनय पस्तोर, केपी राजा, एड कौशल किशोर गोस्वामी, शशांक, प्रदीप गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**ललितपुर।** महानगर झांसी के तालपुरा अंतर्गत एवट मार्केट निवासी रूखसार पुत्री रफीक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 5 मई 2016 को ललितपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी शकील पुत्र इदरीश के साथ हुयी थी। शादी के बाद उसके पति शकील, ससुर इदरीश, सास नूरजहां आये दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान करते रहे। बताया कि ससुरालियों से प्रताड़ित होकर वह करीब 4 वर्ष से अपने दो बच्चों के साथ झांसी में ही ससुरालियों से अलग रह रही है। बताया कि 9 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे वह अपने ससुराल पहुंची तो पति, ससुर व सास ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

## लम्बी दूरी की ट्रेनों में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

**ललितपुर।** अमृतसर के हातिम ताई गेट हकीमा में रहने वाले रमन कुमार ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह अपनी सास के साथ बीती 9 अप्रैल को ट्रेन संख्या 20808 हीराकुण्ड एक्सप्रेस के कोच सं. एम-1 की सीट नं. 9 से अमृतसर से ललितपुर के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान लुधियाना स्टेशन पंजाब में रात करीब 2 बजे उसकी सास का हैण्ड बैग जिसमें बीवो कम्पनी का मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड व आठ हजार रुपये की नकदी थी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। जीआरपी पुलिस ने रमन कुमार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं अमृतसर पंजाब के रहने वाले किशन ने जीआरपी पुलिस को बताया कि 30 मार्च 2025 को वह ट्रेन संख्या 11058 अमृतसर दादर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-2 के बर्थ नं. 49, 51, 52 पर अपने परिवार के साथ अमृतसर से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसकी पत्नी ने अपना लेडीज पर्स सीट पर रखा और सो गयी। उसकी नींद जब खुली तो रेलवे स्टेशन तालबेहट निकल रहा था। और उसकी पत्नी का लेडीज पर्स गायब था। बैग में 10 हजार का मोबाइल फोन, 15 हजार रुपये का मंगलसूत्र, 10 हजार की सोने की अंगूठी, एक एसबीआई का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड चोरी हो गया। पुलिस ने किशन की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इसके अलावा पालम के डीडीए पार्क महावीर एन्क्लेव निवासी शिफा खान ने जीआरपी पुलिस को तहरीर में बताया कि वह 10 अप्रैल को दिल्ली से हजरत निजामुद्दीन से छतरपुर तक की यात्रा सीट नं. 49, 50, 51, 52 पर अपनी मां के साथ कर रही थी। इसी बीच उसका सारा सामान चोरी हो गया।

Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सहकार से समृद्धि



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

## सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल

मुख्य अतिथि

**अमित शाह**

केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल**



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारू पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D-11007/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

# टेरिफ वॉर से दुनिया में आर्थिक मंदी और महंगाई की दस्तक



अमेरिका और चीन के बीच चल रहा टेरिफ़ वॉर अब वैश्विक अर्थ व्यवस्था के लिए गंभीर खतरे का कारण बन गया है। यह टकराव केवल दो महाशक्तियों तक सीमित नहीं रहा है बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया के देशों में महसूस किए जा रहे हैं। अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर 125प्रतिशत तक का टैरिफ़ लगाने के जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर भारी शुल्क लगा दिए हैं। यह व्यापारिक जंग अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां इसका समाधान आसान नहीं रहा। इस टेरिफ़ युद्ध का सबसे बड़ा असर वैश्विक आर्थिक मंदी के रूप में सामने आ रहा है। जब दो बड़े देश एक-दूसरे के उत्पादों पर भारी कर लगाते हैं। इससे न केवल उत्पादन लागत बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार भी पड़ता है। अमेरिका में चीन से आने वाले सस्ते उत्पादों पर भारी टैक्स के चलते अमेरिका में महंगाई बढ़ना शुरू हो गई है। वहीं चीन में भी अमेरिकी तकनीक और कृषि उत्पादों की कीमते बढ़ना शुरू हो गई हैं। इस का असर आम जनता पर पढ़ रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से इस ओर इशारा कर रही है। वैश्विक व्यापार की गति धीमी पड़ रही है। विकासशील देशों पर इसका असर सबसे ज्यादा हो रहा है। विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था आयात-निर्यात पर आधारित होती है। टेरिफ वॉर के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है, जिससे उत्पादन में गिरावट और बेरोजगारी जैसी समस्या बढ़ रही हैं। महंगाई भी एक बड़ी चुनौती बन गईं है। जब आयातित वस्तुओं पर भारी टैक्स लगता है। घरेलू बाजार में वस्तुओं की कीमत और टैक्स स्वतः बढ़ जाता है। इससे आम जनता की क्रय शक्ति घटती है। उपभोक्ता मांग कमजोर होना शुरू हो जाती है। यह स्थिति आर्थिक मंदी को और भी बढ़ा देती है। इस समस्या का समाधान केवल संवाद और समझदारी से ही संभव है। अमेरिका और चीन को वर्चस्व की होड़ से बाहर आकर अपने देश के साथ-साथ वैश्विक हितों का ध्यान रखना होगा। इस तरह के व्यापार युद्ध से कोई भी देश दीर्घकालिक लाभ प्राप्त नहीं कर सकता है। मांग और आपूर्ति का सिद्धांत है, जरूरत होने पर ही मांग सामने आती है। समय रहते यह विवाद वैश्विक स्तर पर नहीं सुलझाया गया, तो पूरी दुनिया को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। टेरिफ वॉर सिर्फ़ व्यापारिक लड़ाई नहीं है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक संतुलन को बनाए रखने की सबसे बड़ी चुनौती है। इसका समाधान सहयोग और शांतिपूर्ण वार्ता में ही निहित है। अमेरिका और चीन की मध्यस्थता करने के लिए वैश्विक संस्थाओं को भी आगे आना पड़ेगा।

# वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं




▪ प्रहलाद सबनानी

**अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्ध एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है।**

एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यवस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था।

कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है।



इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्स्टायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। टेक्स्टायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इस समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है। अतः टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्स्टायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ हैं, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियों का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निर्माता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा।

अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गईं थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है।

# सिख धर्म में खालसा पंथ की स्थापना का पर्व है बैसाखी!




बैसाखी को पोइला, बौइशाख, विशु, और बीहू जैसे नामों से भी जाना जाता है। बैसाखी सिखों का महत्वपूर्ण त्योहार है।सन1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना है। किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं तो वहीं पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांगड़ा किया जाता है। इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाये जाने की भी परंपरा है।बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है, भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिवस है। इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल, 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन की महत्ता कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों के लिए बहुत अधिक है, क्योंकि यह नई फसल की बुवाई और कटाई का समय होता है। यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।बैसाखी पर सिख धर्मावलंबी गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास करते हैं। इस दिन विशेष रूप से गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और नगर कीर्तन की परंपरा निभाई जाती है। लोग इस दिन को अपने पवित्र कर्तव्यों को याद करने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने और धर्म के प्रति अपनी आस्था को और गहरा करने का अवसर मानते हैं। बैसाखी का पर्व सिख धर्म के लिए एक समय होता है जब वे अपने गुरु की शिक्षा और खालसा पंथ के महत्व को मानते हुए एकजुट होते हैं और समाज में शांति, भाईचारे और समानता का प्रचार करते हैं।

डॉ श्रीगोपाल नारसन

बैसाखी रबी की फसल उत्सव है, जिसका कृषि महत्व के साथ-साथ धार्मिक महत्व भी है। यह त्योहार भगवान इंद्र की पूजा से जुड़ा है, जिन्हें बारिश और उर्वरता का देवता माना जाता है। इस दिन, किसान अपनी भरपूर फसल के लिए भगवान इंद्र को धन्यवाद देते हैं और अपनी भविष्य की फसलों के लिए अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं। बैशाखी के दिन की शुरुआत गंगा नदी या अन्य पवित्र नदियों में पवित्र डुबकी लगाने से होती है, इसके बाद गुरुद्वारों में जाकर प्रार्थना की जाती,मत्था टेका जाता है। लोग नए कपड़े पहनते हैं और अपने प्रियजनों के साथ मिठाइयाँ और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं।बैसाखी के मुख्य अनुष्ठानों में से भांगड़ा और गिद्दा का प्रदर्शन भी है, जो पारंपरिक पंजाबी नृत्य हैं। जिसके माध्यम से फसल के मौसम की खुशी और उत्सव को दर्शाते हैं। इस अवसर पर लोग विशेष व्यंजन भी तैयार करते हैं जैसे लंगर, गुरुद्वारों में परोसा जाने वाला सामुदायिक भोजन, और खीर, ताजा गुड़ से बना मीठा चावल का हलवा बनाया जाता है।बैसाखी सिर्फ एक त्योहार नहीं है; बल्कि यह लोगों के जीवन में खुशियों का प्रतीक है। यह सिख धर्म मे नए साल की शुरुआत का प्रतीक है और एक नए कृषि मौसम की शुरुआत का भी प्रतिनिधित्व करता है। यह त्योहार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सन 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद दिलाता है। इसलिए, बैसाखी को खुशी, आशा और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाया जाता है।बैसाखी पर्व, जो व्यक्तियों को अपनी यात्रा पर विचार करने, नकारात्मकता को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।बैसाखी भरपूर फसल के लिए कृतज्ञता की भावना, समुदाय की भावना को बढ़ावा देने और लोगों के बीच खुशियों को साझा करने की भावना का प्रतीक है। यह श्रम के फल का आनंद लेने, ढोल की थाप पर नृत्य करने और शानदार पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का समय है।एक बार 10वें सिख गुरु ने पूछा कि हजारों की भीड़ में कौन धर्म के लिए मरने को तैयार है। आखिरकार पाँच लोग स्वेच्छा से आगे आए और गुरु गोबिंद सिंह ने उन्हें बपतिस्मा दिया, जिसके बाद वे खालसा नामक समूह के पहले पाँच सदस्य बन गए। बैसाखी त्योहार पर सिख बपतिस्मा की परंपरा इस ऐतिहासिक घटना से ही उत्पन्न हुई थी।

## राजकाज



### सैन्य तैनाती बता रही कैसे होगी डील

एक तरफ दुनियां की महाशक्तियां पिछड़े और विकासशील देशों को शांति का पाठ पढ़ाती नजर आती हैं तो दूसरी तरफ ये खुद युद्ध को बढ़ावा देने जैसा काम करती दिख रही हैं। दरअसल मध्य पूर्व की उथल-पुथल भरी धरती फिर हथियारों की गर्जना से गूंज उठी है। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जो सैन्य तैनाती शुरू की है, वह सिर्फ एक सामान्य डिफेंस स्ट्रैटजी नहीं, बल्कि ये एक चेतावनी भी है। एक ऐसी चेतावनी कि यदि बात नहीं मानी तो अपनी मौत खुद बुलाओगे। असल में अमेरिका ने जिस तरह से ईरान को चारों ओर से घेरा है। बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स से लेकर फुल कैपेबिलिटी एयरक्राफ्ट कैरियर्स और साइप्रस से लेकर इजराइल तक...जिस तरह का मिलिट्री कॉर्डिनेशन अमेरिका ने तैयार किया है, उससे तो यही लगता है कि अमेरिका अब सिर्फ फारमेल्टी पूरी कर रहा है और बैठक असफल होने की घोषणा का मात्र इंतजार है। कुल मिलाकर धमकी देते-देते अमेरिका अब खुद युद्ध में उतरने के मूड में नजर आ रहा है।

### कोर्ट ने मान ली तहव्वुर राणा की अपील

अब जबकि मुंबई हमले का प्रमुख आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा भारत की गिरफ्त में है, तो सभी की निगाहें जांच एजेंसी और न्यायालय पर टिक गई हैं। ऐसे में दिल्ली की एक विशेष अदालत से तहव्वुर राणा ने अपील की है कि उसके मुकदमे में कोई ऐसा वकील नियुक्त न किया जाए जो इस केस के ज़रिये नाम और शोहरत कमाने की कोशिश करे। उसकी इस अजीब मांग को अदालत ने न सिर्फ स्वीकार किया बल्कि आवश्यक निर्देश भी दे दिए। अदालत ने निर्देश दिया कि राणा के वकील किसी भी प्रकार के मीडिया (प्रिंट, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक) से कोई बातचीत नहीं करेंगे। साथ ही, अगर वकील की पहचान मीडिया को पहले से ज्ञात नहीं है, तो वह जानकारी भी साझा नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि गुरुवार रात को लगभग 10 बजे एनआईए ने राणा की औपचारिक गिरफ्तारी की, जिसके बाद उसे पटियाला हाउस स्थित विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया था, जहां से 18 दिन की कस्टडी एनआईए को दे दी गई। अब राणा से एनआईए गहन पूछताछ कर साजिश की सच्चाई जानने की कोशिश में लगी है।

### बंगाल में दिखने लगा डर का माहौल

पश्चिम बंगाल को राजनीतिक तौर पर मथने का काम जो सालों से चल रहा था, अब उसका परिणाम सामने आने लग गया है। विचारवादी लोग ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में भड़की हिंसा के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चल पड़ा है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह का एक अहम बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि राज्य का हिंदू समुदाय डर के साये में जी रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदू समुदाय डर के साए में जी रहा है और यह स्थिति देश के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

## फीचर



# किशोर होते बच्चों का इस प्रकार रखें ध्यान

किशोर होते बच्चों का ध्यान रखते समय आपको विशेष सावधानियां बरतनी चाहिये। इसका कारण है कि अब आपका बच्चा बड़ा हो रहा है और अपने तरीके से रहना चाह रहा है।

ऐसे में उसे सही और गलत की पहचाना कराने की जिम्मेदारी आपके पास है पर कई बार देखा गया है कि बचपन में समझदार और सुलझा हुआ हमारा बच्चा किशोर उम्र का होते-होते इतना अजीबो-गरीब व्यवहार करने लगता है।

आप कई बार सबकुछ संभालने की कोशिश करते हैं पर हालात आपके मुताबिक सुधर नहीं पाते। किशोर होते की उम्र में आपका बच्चा खुद को आजाद समझने लगता है। इस उम्र में बच्चे अपने खुद के निर्णय लेना चाहते हैं।


आपको अगर अपने बच्चे के साथ बेहतर रिश्ता बनाना है तो आपको अपने बच्चे को ठीक से समझना होगा। उनकी भावनाओं को आपको ध्यान में रखना होगा। आपका बच्चा इस उम्र में खुद पर निर्भर होना चाहता है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चे को थोड़ा समय देना चाहिए।

**बच्चों में अचानक आए बदलाव पर ऐसे नजर रखें:** इस उम्र में अक्सर ऐसा होता है कि बच्चे आपकी कोई भी सलाह नहीं लेना चाहते। ये बुरा जरूर लगता है पर इस वक्त आपको बड़ी समझदारी दिखानी होगी। अपने बच्चे को वक्त दें जब तक वो सही रास्ते पर है। अगर आपको लगे कि आपका बच्चा किसी गलत दिशा में जा रहा है तो तुरंत उसे सामने बिठाकर बात करिए। इस उम्र में बच्चे अपने खाने-पीने, कपड़े, दोस्तों से लेकर सोने का समय तक स्वयं तय करना चाहते है। ऐसे समय में अपने बच्चे को कुछ बातों के निर्णय खुद लेने दे। कुछ बातों पर उन्हें प्यार से समझाएं कि फैसले लेने में आपका साथ कितना जरूरी है। आपका बच्चा गलत आदतों का शिकार भी हो सकता है। उसे शराब, सिगरेट जैसी गलत आदत की लत भी लग सकती है। तो ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें आजादी तो दे पर मर्यादा के अंदर।

## प्रेरणा

# शुद्ध भक्त सर्वोत्तम

निर्विशेषवादी के लिए ब्रह्मभूत अवस्था अर्थात ब्रह्म से तदाकार होना परम लक्ष्म होता है। लेकिन साकारवादी शुद्धभक्त को इससे भी आगे शुद्ध भक्ति में प्रवृत्त होना होता है। इसका अर्थ हुआ जो भगवद्भक्ति में रत है, वह पहले ही मुक्ति की अवस्था, जिसे ब्रह्मभूत या ब्रह्म से तादात्म्य कहते हैं, प्राप्त कर चुका होता है। परमेर या परब्रह्म से तदाकार हुए बिना कोई उनकी सेवा नहीं कर सकता। परम ज्ञान होने पर सेव्य तथा सेवक में कोई अन्तर नहीं कर सकता, फिर भी उच्चतर आध्यात्मिक दृष्टि से अन्तर रहता ही है।



देहात्मबुद्धि के अन्तर्गत, जब कोई इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, तो दुख का भागी होता है, लेकिन परम जगत में शुद्ध भक्ति में रत रहने पर कोई दुख नहीं रह जाता। चूंकि ईश्वर पूर्ण है, अतएव ईश्वर से सेवारत जीव भी कृष्णभावना में रहकर अपने में पूर्ण रहता है। वह ऐसी नदी के तुल्य है, जिसके जल की सारी गंदगी साफ कर दी गई है। चूंकि शुद्ध भक्त में कृष्ण के अतिरिक्त कोई विचार ही नहीं उठते, अतएव वह प्रसन्न रहता है।

वह न किसी भौतिक क्षति पर शोक करता है, न किसी लाभ की आकांक्षा करता है, क्योंकि वह भगवद् भक्ति से पूर्ण होता है। वह भौतिक जगत में न किसी को अपने से उच्च देखता है और न निम्न। ये उच्च तथा निम्न पद क्षणभंगुर है और भक्त को क्षणभंगुर प्राकट्य या तिरोधान से कुछ लेना-देना नहीं रहता। उसके लिए पत्थर तथा सोना बराबर होते हैं।

यह ब्रह्मभूत अवस्था है, जिसे शुद्ध भक्त सरलता से प्राप्त कर लेता है। उस अवस्था में स्वर्ग प्राप्त करने का विचार मृगतृष्णा और इन्द्रियां विषदंतविहीन सर्प की भांति प्रतीत होती हैं। जिस प्रकार विषदंतविहीन सर्प से कोई भय नहीं रह जाता उसी प्रकार स्वत~संयमित इन्द्रियों से कोई भय नहीं रह जाता। भक्त के लिए समग्र जगत वैपुंठ तुल्य होता है। ब्रह्मांड का महान से महानतम पुरुष भी भक्त के लिए क्षुद्र चींटी से अधिक महत्वपूर्ण नहीं होता।

## अपनी बात



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अन्नामलाई आज भी हमारे राज्य अध्यक्ष हैं और इसीलिए वह मेरे साथ बैठे हैं। बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन की घोषणा करते हुए शाह ने कहा कि दोनों दल आगामी तमिलनाडु चुनाव एक साथ ही लड़ेंगे। उन्हेंने कहा कि दोनों पार्टियों के नेताओं ने एनडीए के बैनर तले सहयोगियों के साथ मिलकर अगला विधानसभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया है।



पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया टैरिफ जंग से जूझ रही है, लेकिन यह भारत के लिए मौका है। हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। वैश्विक व्यापार में बदलाव भारत को फायदा पहुंचाएंगे। हम इस मौके को भुनाने को तैयार हैं, लेकिन बात यहीं नहीं रुकी। गोयल ने 25 साल पुरानी एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आज की वैश्विक उथल-पुथल की शुरुआत 2000 में हुई, जब चीन को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया डंपर, चालक की मौके पर मौत, लीनर घायल



**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीजनीपुर रोड स्थित एक ईट भट्ठे के पास उस समय हड़कंप मच गया जब मिट्टी खाली कर रहा एक डंपर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। बिजली के करंट से डंपर में भीषण आग लग गई, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ मौजूद लीनर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बीनागंज क्षेत्र के बीजनीपुरा रोड पर देर रात हुआ। जब एक डंपर मिट्टी खाली करने ईट भट्ठे पर पहुंचा था। अंधेरे के कारण चालक को ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन दिखाई नहीं दी। जैसे ही चालक ने डंपर के पिछले हिस्से को उठाया, वह बिजली की लाइन से टकरा गया। टकराते ही डंपर में करंट फैल गया और आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि पास जाने की हिम्मत नहीं हो रही थी। जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती, चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

### रविवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 11 केव्ही लाइन कार्य के चलते 13 अप्रैल 25 को प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक कोर्ट, कॉलेज परिसर, कलेक्टर आवास, पुलिस अधीक्षक आवास, कलेक्ट्रेट कार्यालय, दलवी कालोनी, न्यूसिटी कालोनी, नई मण्डी, एलआईसी ऑफिस, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, गायत्री मंदिर क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक कोल्हूपुरा, कर्नलगंज, अन्नपूर्णा कालोनी, सिसोदिया कालोनी, दुर्गा कालोनी, शिवाजी नगर आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

### पुलिस ने अपहृत दो नाबालिग लड़कियों को परिजनों से मिलाया

**गुना।** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के निर्देशन में गुना जिले में अपहृत नाबालिगों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जामनेर थाना पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस कार्रवाई को उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) युवराज सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार, जामनेर थाना क्षेत्र से 6 मार्च 25 और 28 मार्च 25 को दो अलग-अलग मामलों में 16-16 वर्षीय दो नाबालिग लड़कियां अपने घरों से बिना बताए लापता हो गई थीं। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध क्रमांक 48/25 और 69/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

#### अयोध्या से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे व्यास का अंचल कार्यालय पर हुआ अभिनंदन

# एकल समिति ने श्रीहरि कथा व्यास कृष्णकुमार शर्मा का किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ गुना

श्रीहरि कथा मध्य भारत संभाग, अंचल गुना द्वारा शनिवार को नवीन व्यास कथाकार कृष्णकुमार शर्मा का समिति द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम अंचल कार्यालय पर आयोजित किया गया, जहां समिति ने व्यास का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अंचल अध्यक्ष मदन सोनी, अंचल सचिव घनश्याम, अंचल कोषाध्यक्ष एवं वन यात्रा प्रभारी विकास जैन, संभाग महिला प्रमुख दीपिका पटले, हरिकथा संभाग कार्यालय प्रमुख पप्पू नायक, अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख प्रधुमन, अंचल व्यास सोनू और संच व्यास सुश्री कौशल्या प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एकल कोषाध्यक्ष विकास जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि एकल अभियान के तहत श्रीहरिकथा के माध्यम से जनजातीय समाज के विद्यालयों और ग्रामों तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में व्यास श्री कृष्णकुमार शर्मा को अयोध्या स्थित गुरुकुल में 6 माह का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके बाद वे अब गुना लौटे हैं। अब वे एकल अभियान के तहत गांव-गांव जाकर रामकथा के माध्यम से हिन्दू धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ एकल



विद्यालयों के उद्देश्यों को भी जन-जन तक पहुंचाएंगे। इनमें प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य, ग्राम स्वाभिमान जागरण और ग्राम उत्थान जैसे विषय शामिल हैं।समिति के पदाधिकारियों ने श्री शर्मा के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एकल अभियान के इस प्रयास से न केवल धार्मिक जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं शैक्षणिक सुधार की दिशा में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का समापन व्यास श्री शर्मा के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# हनुमान जयंती पर हनुमान टेकरी में श्रद्धा का सैलाब, मंगला आरती में गूंजे जयकारे

#### मोगरे, गुलाब और फूलों की खुशबू और जयकारों से गूंजा पर्वत, 'फायर लाइटिंग' बनी आकर्षण का केंद्र

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमान टेकरी मंदिर पर शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर आस्था की ऐसी बेमिसाल तस्वीर देखने को मिली, जो वर्षों तक श्रद्धालुओं के दिलों में बनी रहेगी। भक्तों का उत्साह, मंदिर की अलौकिक सजावट और प्रशासन की चुस्त व्यवस्था ने इस पर्व को यादगार बना दिया। हनुमान जयंती के खास मौके पर श्रद्धालुओं की आमद इतनी अधिक रही कि मंदिर परिसर मंगलवार की भोर से ही भक्तों से खचाखच भर गया। उत्सव की शुरुआत अलसुबह 4:15 बजे की मंगला आरती से हुई, लेकिन श्रद्धालुओं का आना रात 2 बजे से ही शुरू हो गया था। रात 3:30 बजे तक मंदिर का मुख्य हॉल पूरी तरह भर गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को बाहर रुकना पड़ा। पूरे परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के गगनभेदी जयघोष गूंजते रहे।

**फूलों से सजा दरबार, दिव्य हुआ माहौल :** इस वर्ष हनुमान टेकरी मंदिर को बेहद खास अंदाज में सजाया गया। मुख्य गर्भगृह को मोगरे के फूलों से सजाकर शीतल वातावरण तैयार किया गया, जबकि पूरे मंदिर परिसर में गेंदे, आर्किड, डच गुलाब, कार्लीसन जैसे महंगे और दुर्लभ फूलों से श्रृंगार किया गया। विशेष रोशनी की व्यवस्था के तहत 'फायर लाइटिंग' तकनीक का प्रयोग किया गया, जो रात के अंधेरे में पटाखों जैसी रोशनी बिखेर रही थी। हर कोना भक्तिमय नजर आ रहा था।

**प्रशासन रहा मुस्तैद, श्रद्धालुओं ने जताया आभार :** मंदिर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस अमला



सोमवार आधी रात से ही तैनात कर दिया गया था। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा ने भी इस पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर आरती में भाग लिया और हनुमानजी का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए प्रशासन का आभार जताया।

**यातायात का रखा गया खास ध्यान :** टेकरी मंदिर पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया था। रात 12 बजे से ही मंदिर तक दोपहिया वाहनों को आने की अनुमति दी गई थी, लेकिन सुबह 5:30 बजे के बाद सभी वाहनों को बायपास के पास पार्किंग में रोका गया। वहां से श्रद्धालु पैदल टेकरी पर्वत की चढ़ाई चढ़कर मंदिर तक पहुंचे। पूरे मार्ग पर पुलिस और वालंटियर तैनात रहे, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। हनुमान टेकरी पर हनुमान जयंती का यह आयोजन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा और भक्ति का महाकुंभ बन गया, जिसमें आस्था की नदियां पर्वत की ऊंचाई तक बहती रहीं।

**उदासी आश्रम बालाजी मंदिर पर हुई विशेष साज-सज्जा :** इधर श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के प्राचीन मंदिरों में शुमार उदासी आश्रम स्थित श्रीबालाजी मंदिर पर विशेष साज-सज्जा की गई है। यहां सुबह से ही बालाजी महाराज का फूलों से श्रृंगार कर विशेष धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन व प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। लोग यहां दर्शन कर प्रसाद आदि चढ़ाने पहुंच रहे हैं।

**भाजपा प्रदेश महामंत्री पहुंचे टेकरी, जूता स्टैंड पर किया सेवाकार्य :** हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर टेकरी पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला आधी रात से शुरू हो गया है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी टेकरी पर दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा दर्शन कर परिसर में नीचे श्रद्धालुओं के जूता-चह्लश्वपल रखने बनाए स्टैंड पर पहुंचकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, टेकरी समिति प्रवक्ता राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, परेश भार्गव सहित बड़ी संङ्ख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर दर्शनों का लाभ लिया।

### शुरू हुआ तीन दिवसीय मेला

चैत्र पूर्णिमा, श्री हनुमानजी महाराज के जन्मोत्सव पर टेकरी पर लगने वाला मेला शुक्रवार से ही शुरु हो गया था। मेले में सैंकड़ों छोटी-बड़ी दुकानें लगी हुई हैं। वहीं बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए झूले लगाए गए हैं। मेले में भीड़भाड़ की दृष्टि से यहां टेकरी ट्रस्ट, प्रशासन, नगरपालिका और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। कंट्रोल रूम से मेले की सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वहीं सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने इंतजाम किए गए हैं। मेले में पुलिस से लेकर प्रशासन के आला अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मेले में शाम से लेकर देर रात तक भीड़भाड़ रहती है। टेकरी मेला में हजारों की संख्या में पहुंचने वाले लोगों के लिए प्रतिवर्ष अनुसार शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं व सेवाभावी लोगों ने टेकरी जाने वाले मार्गों पर स्टाल लगाकर शीतल जल से लेकर, शरबत, शिकंजी, तरबूज, केले व अन्य तरह की प्रसादी की व्यवस्था की है। ये सेवा देर रात तक जारी रहेगी। कई जगह श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी भी वितरित की जा रही है। मेला और टेकरी पहाड़ी तक स्टाल लगाई गई हैं।

## कृषि विभाग के रिकॉर्ड रूम में भीषण आग, रात भर चला बचाव कार्य, दस्तावेज और कंप्यूटर खाक



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कृषि विभाग के रिकॉर्ड रूम में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई, जिससे वर्षों का दस्तावेजी रिकॉर्ड जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। आग पर रातभर मशक्कत के बाद काबू पाया गया, लेकिन शनिवार सुबह एक बार फिर आग की लपटें उठने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई। जानकारी के अनुसार घोसीपुरा रोड पर स्थित कृषि विभाग की पुरानी बिल्डिंग के एक कमरे में रिकॉर्ड रूम संचालित हो रहा था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे यहां अचानक आग भड़क गई। कार्यालय के चौकीदार ने जब कमरे से धुआं उठता देखा, तो तत्काल पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन बिजली चालू होने की वजह से करंट का खतरा बढ़ गया, जिससे वह पीछे हट गया और तत्काल अधिकारियों को सूचित किया।

**फायर ब्रिगेड ने रात 2 बजे तक किया राहत कार्य :** सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और देर रात करीब 2 बजे तक आग बुझाने का प्रयास करती रही। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, कमरे में आग और धुएं की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि टीम अंदर नहीं घुस सकी और बाहर से ही पानी डालकर काबू पाने की कोशिश की। रात में आग काबू में आ गई थी, लेकिन शनिवार सुबह एक बार फिर आग ने विकराल रूप ले लिया।

**दूसरी बार बुलाना पड़ा दमकल :** सुबह दोबारा लगी आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड को फिर बुलाया गया। इस बार आग पर नियंत्रण पाने के बाद स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो सकी। आगजनी की घटना में रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेजों के साथ-साथ कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जलकर खाक हो गए।

**रिकॉर्ड की जांच को बनेगी समिति:** उपसंचालक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने वर्षों का रिकॉर्ड जलकर नष्ट हुआ है। इसकी जांच के लिए एक समिति का गठन किया जा रहा है, जो आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन करेगी। इस घटना ने विभागीय व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर जैन मिलन गुना द्वारा भव्य महामासिक मिलन समारोह आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर जैन मिलन परिवार गुना द्वारा भारतीय जैन मिलन की केंद्रीय समिति के आव्हान पर महामासिक मिलन समारोह का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की सफलता और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक बना। समारोह की शुरुआत सामूहिक नमोकार मंत्र पाठ एवं दीप प्रज्वलन से हुई। महिला जैन मिलन गुना द्वारा महावीर प्रार्थना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात महिला जैन मिलन कैंट गुना, महिला जैन मिलन आरोही गुना की वीरांगनाओं एवं जैन मंदिर पाठशाला की बालिकाओं ने भगवान महावीर पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन नगर जैन मिलन गुना के अध्यक्ष विश्वास जैन ने दिया। इस अवसर पर जैन मिलन गुना की पांचों शाखाओं के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। नवीन अध्यक्ष वीर उम्मेदमल गोलेछा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ संरक्षक विजय जैन ने बताया कि भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में देशभर में जैन मिलन की शाखाओं द्वारा धार्मिक, सेवा एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ महामासिक मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुना में भी सभी समाज संगठनों के पदाधिकारियों को समाजसेवा हेतु सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वालों में बजरंगगढ़ कमेटी अध्यक्ष एस के जैन, मंत्री प्रदीप जैन, पवन कुमार जैन, महावीर प्रसाद श्रीमाल, राजेंद्र टोंग्या, धर्मेंद्र बज, सुशील जैन, अनुराग जैन, वीर महेंद्र जैन, राहुल झांझरी, इंजीनियर एमके जैन और राजकुमार जैन जैसे प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे। सहायक संचालक (स्कूल शिक्षा) पद पर चयनित संस्कृति जैन और जैन वांग्मय कंठ पाठ प्रतियोगिता में सम्मानित 8 वर्षीय कर्तव्य जैन को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### कृषि विभाग में आगजनी की घटना की जांच हेतु समिति का गठन

**गुना।** कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला गुना में रात्रि लगभग 09:30-10 बजे के मध्य लाईट के शार्ट सर्किट होने से कार्यालय में आग लग गई। आग का धुंआ उठने पर रात्रिकालीन चौकीदार गजराज सिंह सहरिया की सूचना पर अधिकारी/कर्मचारी मौके पर कार्यालय में पहुंचे तथा नगर पालिका अधिकारी को आगजनी घटना के बार में बताया गया। नगर पालिका द्वारा लगभग रात्रि 10:30 बजे फायर ब्रिगेड भिजवाई गई जिससे आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। चूंकि आग स्टोर रूम एवं तकनीकी शाखा रूम में पूरी तरह से फैल चुकी थी। इसलिये नगर पालिका द्वारा दूसरी बार फायर ब्रिगेड से पानी भरकर भेजने उपरांत आग पर काबू पाया गया। बिजली आपूर्ति बंद करने एवं रात के अंधेरे में धुंए के कारण कागज एवं फर्नीचर में आग सुलगती रह गई थी, जिसका धुंआ सुबह दिखाई देने पर पुनः 07:45 पर नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड भेजी गई जिसके द्वारा आग बुझाने का कार्य किया गया। आग से विभिन्न अभिलेख तथा फर्नीचर जैसे-कुर्सी, टेवल, कम्पयूटर सेट, प्रिंटर, सी.पी.यू. अलमारी, इन्वर्टर, पंखे, बेट्री, कूलर, बक्शे आदि जलकर राख हो गये। इस घटना से कार्यालयीन भवन को भी क्षति पहुंची हैं।

## कलेक्टर ने लियाटेकरी सरकार मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा

#### श्रद्धालुओं के जूते रखने में निभाई सहभागिता, बच्चों को दिए उपहार



सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को धार्मिक आस्था के केंद्र टेकरी सरकार मंदिर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मंदिर में दर्शन कर जिले की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना की। दर्शन के पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में घूमकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एएसपी मान सिंह ठाकुर, एसडीएम शिवानी पाण्डे, तहसीलदार जीएस बैरवा, ट्रैफिक प्रभारी सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री कन्याल ने सबसे पहले ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतज़ामों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टॉल पर भी जाकर उसकी व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक साधारण पर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जूता-चप्पल रखने वाले स्टॉल पर पहुँचकर श्रद्धालुओं के जूते स्वयं रखवाए और टोकन भी दिए। उनका यह मानवीय भाव देखकर वहां मौजूद लोग अभिभूत हो गए। इसके बाद कलेक्टर ने गौ-उत्पादों की स्टॉल का निरीक्षण किया और उत्पादों के निर्माण और विक्रय की प्रक्रिया की जानकारी ली। वहीं पास ही एक स्थानीय समान बेचने वाले फेरीविक्रेता से चर्चा की और उसके कुछ उत्पाद खरीदकर मंदिर में मौजूद बच्चों को उपहार स्वरूप भेंट किए।

**आक्रोश** | दिग्विजय और कांग्रेस चुनाव चिन्ह के अमर्यादित आपत्तिजनक पोस्टर लगाने से भड़के कांग्रेसी

# ऐसे गंदे पोस्टर गोडसेवादी संस्कार के लोग ही लगा सकते हैं: मेहरबान सिंह

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के तीन प्रमुख चौराहों पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से संबंधित अमर्यादित पोस्टर लगाए जाने के बाद कांग्रेस आग बबूला हो गई। कांग्रेस ने युवा मोर्चा पर शहर के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने का आरोप लगाया है और पोस्टर लगाने वाले तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सबसे पहले हनुमान चौराहे पर एकत्रित हुए। जहां आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने वाले पोस्टर के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेसियों ने विरोध जताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस तरह की भाषा महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे समर्थकों की हो सकती है, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए।

गद्दारों के पोस्टर लगाना हम भी जानते हैं

कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने स्पष्ट कहा कि गद्दारों के पोस्टर लगाना हम भी जानते हैं। लेकिन उससे क्या होगा? जो बात दुनिया को पहले से ही मालूम है उसे पोस्टर पर छापने से भी वही बात रहनी है। कांग्रेस नेताओं ने गुना एसपी संजीव कुमार सिन्हा और कोतवाली पहुंचकर आवेदन दिया। जिसमें पोस्टर लगाने वाले असमाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग के साथ ही उन्हें समझाइश देने की मांग की



गई है। आवेदन में कहा गया है कि भाजयुमो ने न केवल पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, बल्कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह का भी पोस्टर में गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि इस कृत्य के आरोपियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो पार्टी जिले में बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी, जिसकी पूरी जवाबदेही गुना जिला प्रशासन और पुलिस की होगी।

**यह रहे मौजूद :** इस अवसर पर हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, नूर हसन नूर, रजनीश शर्मा, शेखर वशिष्ठ, कैलाश नारायण भार्गव, राजेन्द्र तिवारी, माधो महाराज, प्रकाश सिंह धाकड़, रतिराम धाकड़ ,हर्ष मेर, पंकज कनेरिया, रणवीर सिंह कुशवाह, महेंद्र ओझा, तरुण सेन पार्षद,रामवीर जाटव पार्षद, हलीम गाजी पार्षद, महेश कुशवाह पार्षद, वीरेंद्र कुमार पांड्या,कृष्ण पाल सिंह तोमर,बीरू खटीक, महेंद्र त्रिवेंद्र, मुकुल जैन,गोलू कुशवाह, दुर्गेश ओझा आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने क्षेत्रीय कार्यवाह की भाभी के निधन पर जताया शोक


सत्ता सुधार ■ गुना



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल सुखद की भाभी मनोरमा अग्रवाल के निधन पर आज उनके निवास पहुंचकर माताजी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुख की घड़ी में श्री शर्मा ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

इसी के साथ ही प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिचरण वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमति राम बाई वर्मा जी के निधन पर आज उनके निवास महावीर पूरा पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत एवं परेश भार्गव सहित अन्य भाजपाजन उपस्थित रहे।

# कला के क्षेत्र में भी हैं आसीम संभावनाएं



अगर आप कल्पना शील और क्रिएटिव होने के साथ साथ परिश्रमी भी हैं तो फाइन आर्ट यानि कला का क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन कैरियर विकल्प बन सकता है। तकनीक के इस दौर में भी कला का क्षेत्र तेज से विकसित हो रहा है। फाइन आर्ट एक बेहतरीन करियर फील्ड है। इसमें सफलता के लिए होना भी जरूरी है। अच्छी पेंटिंग्स लाखों-करोड़ों में बिक रही हैं तथा कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। इस तरह अच्छे कलाकार को पैसे तो मिलते ही हैं साथ ही लोकप्रियता भी मिलती है।

## कौन आ सकता है इस क्षेत्र में

यह क्षेत्र ऐसा है जो परिश्रम एवं समय मांगता है। अचानक कोई अचानक ही अच्छा कलाकार नहीं बन सकता। इसमें यह देखा जाता है कि छात्र अपनी भावनाओं एवं कल्पनाओं को किस हद तक कैनवस एवं कागज पर उकेर पा रहा है। इसके लिए कल्पनाशील व अपनी सोच से कुछ नया गढ़ने का गुण होना आवश्यक है। इसमें महारथ हासिल करने के लिए क्रिएटिव माइंड होना चाहिए ताकि आप अपने आर्ट में वह रंग भर दें कि लोगों को वह आकर्षित कर सके।

### काफी बड़ा है क्षेत्र

फाइन आर्ट में आजकल काफी प्रयोग देखने को मिल रहे हैं जिसका सकारात्मक फायदा इस क्षेत्र में कदम रखने वाले लोगों को मिल रहा है। यही कारण है कि इसमें रोजगार की संभावना सदैव बनी रहती है।

## बारहवीं के बाद ले सकते हैं प्रवेश

फाइन आर्ट से संबंधित कई तरह के पाठ्यक्रम मौजूद हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं तय की गई है। कुछ संस्थान 10वीं के बाद ही कई तरह के डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स कराते हैं पर वह अधिक कारगर नहीं होते। बारहवीं के बाद जब छात्र के अंदर कला को समझने का कौशल विकसित हो जाता है तो उसे इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट में एडमिशन 12वीं के पश्चात मिलता है। यह चार वर्ष का पाठ्यक्रम होता है। बैचलर कोर्स में प्रवेश परीक्षा के बाद दाखिला मिलता है। कई संस्थान मेरिट के आधार पर दाखिला देते हैं। बीएफए के बाद मास्टर डिग्री के रूप में 2 वर्षीय मास्टर ऑफ फाइन आर्ट किया जाता है। यदि मास्टर कोर्स में 50 प्रतिशत अंक हैं तो पीएचडी का रास्ता भी खुल जाता है।

**कमाई:** कमाई का सारा दारोमदार अनुभव एवं कलाकृति की अपील पर टिका होता है। वहीं यदि छात्र नौकरी करना चाहते हैं तो उनके लिए कई विकल्प हैं जहां उन्हें 10-15 हजार की नौकरी मिल जाती है जबकि अनुभवी लोग अपने कारोबार के बल पर अच्छी खासी रकम वसूल रहे हैं।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कुशल लोगों की कमी...



खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तैयार करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां बड़ी तादाद में भारत का रुख कर रही हैं। ऐसे में यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए इस क्षेत्र में पारंगत लोगों की मांग भी बढ़ रही है। इस क्षेत्र में कभी भी मंदी नहीं हो सकती। यही कारण है कि अब युवाओं की इसमें रुचि इसमें बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र को युवा अब आकर्षक कॅरियर के रूप में देख रहे हैं और इसके लिए जरुरी तकनीकी शिक्षा भी हासिल कर रहे हैं। कारोबार जगत के संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक फूड प्रोसेसिंग के कारोबार में भारत में कुशल लोगों की बेहद कमी है। आने वाले समय में फूड टेक्नोलॉजी का भविष्य बहुत ही सुनहरा होने वाला है। अगर आंकड़ों की मानें तो आने वाले कुछ सालों में यह उद्योग इस रफ्तार से बढ़ेगा कि नौकरियों की बहार होगी।

## जरुरी योग्यता

ऐसे में यदि आप इस उभरते क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो फिजिक्स केमिस्ट्री व बायोलॉजी अथवा मैथमेटिक्स विषयों के साथ 10+2 में कम से कम 50 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एमएससी कोर्स करने के लिए फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री भी आवश्यक होती है।

## किस लिए है जरूरत

फूड टेक्नोलॉजिस्ट की जरूरत आज सभी देशों को है। इसका उदेद्श्य लोगों को ऐसी खाद्य सामाग्री पहुंचाना है जो गुणवत्ता और स्वाद के साथ-साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर हो।
इस क्षेत्र में किये जाने वाले प्रमुख कोर्स

- बीएससी फूड टेक्नोलॉजी
- बीटेक फूड टेक्नोलॉजी
- एमटेक फूड टेक्नोलॉजी

पीजी डिप्लोमा इन फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी
एमबीए( एग्री बिजनेस मैनेजमेंट

**अवसर:** इस कोर्स के बाद आपके पास नौकरी के कई सारे विकल्प होते हैं। आप फूड प्रोसेसिंग यूनिटों रिटेल कंपनियों होटल एग्री प्रोडक्टस बनाने वाली कंपनियों से जुड़ सकते हैं। या फिर खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने उनके निर्माण कार्य की निगरानी करने और खाद्य वस्तुओं को संरक्षित करने की तकनीकों पर काम करने वाली प्रयोगशालाओं से भी जुड़ सकते हैं।

**वेतनमान:** इस क्षेत्र में आप शुरुआती स्तर पर आप 8 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। सालों के अनुभव के बाद 30 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे भी ज्यादा कमाया जा सकता है।



## फूड टेक्नोलॉजिस्ट का काम

फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के तहत वे सभी कार्य शामिल हैं जिनसे प्रोस्सेड फूड जैसे- मक्खन सॉफ्ट ड्रिंक जेम व जेली फ्रूट जूस बिस्कुट आइसक्रीम आदि की गुणवत्ता स्वाद और रंग-रूप बरकरार रह सके। इसके अलावा वह कच्चे और बने हुए माल की गुणवत्ता स्टोरेज तथा हाइजिन आदि की निगरानी भी करता है। वह कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। कच्चे माल से लेकर प्रोडक्ट तैयार होने तक कंपनी को उसकी हर स्तर पर जरूरत होती है। ग्लोबल स्तर पर कंपनी का भविष्य फूड टेक्नोलॉजिस्ट की योग्यता पर ही निर्भर रहता है।

**मैनुफैक्चर्ड प्रोसेसेज:** इस प्रक्रिया के जरिए कच्चे कृषि उत्पादों और मीट आदि पशु उत्पादों के भौतिक स्वरूप में बदलाव लाया जाता है। इससे यह उत्पाद खाने और बिक्री योग्य बन जाते हैं। वैल्यु एडेड प्रोसेसेज के जरिए कच्चे खाद्य उत्पादों में कई ऐसे बदलाव किए जाते हैं।



# फैशन डिजाइनर या मॉडल के ... क्षेत्र में हैं अच्छे अवसर

तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

## संभावनाएं

फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर ग्राफिक डिजाइनर फैशन पत्रकार प्रोफेसर डिजाइन सहायक फैशन सहायक फैशन मार्केटिंग मैनेजर फैशन एडिटर फैशन फोटोग्राफर कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं। इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

## क्या होता है काम

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी विभिन्न केन्द्र
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन गुजरात
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन पुणे
- इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट गुरूग्राम
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नई दिल्ली

# रंग भी बताता है व्यक्तित्व

रंगों का भी हमारे जीवन में अहम स्थान है। रंगों को लेकर सबकी अपनी अलग-अलग पसंद होती है। ऐसा माना जाता है कि लोगों के पसंदीदा रंग केवल उनकी खुशी ही नहीं बल्कि उनके व्यक्तित्व के बारे में भी जानकारी देते हैं। आप किसी भी इंसान के पसंदीदा रंग के आधार पर उसकी पूरी शख्सियत का अंदाजा लगा सकते हैं। आइए जानते हैं कि कौनसा रंग क्या कहता है।

लाल रंग को पसंद करने वाले लोग जीवन को भरपूर आनंद के साथ जीना पसंद करते हैं और उन्हें प्रकृति से बेहद प्यार होता है। बड़े कदम उठाने या फैसले लेने में वे हिचकिचाते नहीं है और हर पल ऊर्जा तथा रोमांच से भरे रहते हैं।


नीला रंग को पसंद करने वाले लोग शांत स्वभाव के होते हैं और अपनी मंजिल को पाने के लिए वह बड़े रास्ते तय करना भी जानते हैं।

गुलाबी रंग विशेषकर लड़कियों को बहुत अधिक भांता है। यह मासूमियत और प्रकृति से लगाव को दर्शाता है। इस रंग को पसंद करने वाले लोग दान आदि कार्यों में रुचि रखते हैं। पीला रंग को पसंद करने वाले लोग तर्कसंगत होते हैं और जीवन के प्रति अपनी सोच के साथ बने रहते हैं। ये लोग कल्पनाशील भी होते हैं।

वहीं काला रंग मजबूत इरादों वाले और अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध बच्चों का पसंदीदा रंग काला होता है। इस रंग को पसंद करने वाले लोग अपनी सोच को लेकर सख्त मिजाज होते हैं और किसी भी रेस को जीतने के लिए बड़ा कदम उठाने से शर्माते नहीं हैं। वे सुंदरता और कभी न खत्म होने वाली शैली पर अधिक भरोसा रखते हैं।

हरा रंग को पसंद करने वाले लोग आत्मविश्वास से भरे और आकर्षक व्यक्तित्व केहोते हैं। वे किसी भी प्रम में आगे रहने के लिए अवसरों की तलाश करते हैं और किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना करने से नहीं घबराते। वे प्रकृति प्रेमी भी होते हैं।

नारंगी रंग को पसंद करने वाले लोग मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखने वाले और किसी भी माहौल में घुल-मिल जाने वाले लोगों का पसंदीदा रंग नारंगी होता है। ऐसे लोगों के प्रति हर किसी को लगाव होता है।





# प्रकृति के करीब हैं तो... गार्डन डिजाइनिंग करें

अगर आप प्रकृति के करीब हैं और आपकी रुचि पेड़ पौधों को लगाने और बगीचों को संवारने में है तो आप गार्डन डिजाइनिंग में भी अपना करियर बना सकते हैं। आज के दौर में युवाओं के सामने करियर बनाने के काफी विकल्प मौजूद हैं। अगर आपको प्रकृति से बेहद प्रेम हैं तो यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें करियर बनाकर अच्छी खासी कमाई हो सकती हैं। गार्डन डिजाइनिंग की मांग लगातार बढ़ रही है। गार्डन डिजाइनिंग में करियर के लिए होनी चाहिये ये योग्यताएं।

## क्रिएटिव होना जरुरी

गार्डन डिजाइनर बनने के लिए क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपको प्रकृति से प्रेम तथा लगाव होना आवश्यक है क्योंकि इसमें ज्यादा समय प्रकृति के बीच ही बीतता है। साथ ही गार्डन डिजाइनिंग में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। अधिकांश वे लोग इस पेशे में आते हैं जिनके पास जिनके पास लैंडस्केप आर्किटेक्चर हॉर्टीकल्चर गार्डनिंग आदि में डिग्री होती है। भारत में कुछ इंस्टीट्यूट्स गार्डनिंग और लैंडस्केपिंग में शॉर्ट ऑर लॉन्ग टर्म कोर्स करवाते हैं। वहीं अगर आप कुछ एडवांस करना चाहते हैं तो फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप गार्डनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स करने के अलावा लैंडस्केपिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स लिए स्टूडेंट्स का हायर सेकंडरी जबकि मास्टर्स के लिए आर्किटेक्चर में ग्रेजुएट होना जरूरी है। किसी भी गार्डन या लैंडस्केप की आर्ट डिजाइनिंग को गार्डन डिजाइनिंग कहते हैं। इस क्षेत्र में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। इसमें आपको शारीरिक रूप से भी सक्षम होना होगा क्योंकि आठ से दस घंटे मैदान में काम करना पड़ सकता है। इसके अलावा अपने कस्टमर्स से अच्छे संबंध होने चाहिए ताकि वे बार-बार आपकी सेवा लेने आएं।

## विदेश में अच्छी संभावनाएं



भारत में एक गार्डन डिजाइनर 1.5 से 4 लाख रुपए के बीच आसानी से कमा सकता है। वहीं अनुभव होने पर तो और भी अधिक कमाई होती है। वैसे ऑस्ट्रेलिया या ब्रिटेन जैसे देशों में इससे ज्यादा पैकेज पर काम करने के विकल्प होते हैं। वहीं धीरे-धीरे भारत में इसका मार्केट अभी विकसित हो रहा है। कॉर्पोरेट कंपनीज भी वर्किंग प्लेस को एनवायर्नमेंट फ्रैंडली बनाने पर जोर देनी लगी हैं। गार्डन डिजाइनर्स लैंडस्केप कॉन्ट्रैक्टिंग गार्डन कंसल्टेंसी गार्डन राइटिंग और रिटेल नर्सरी जैसे सेक्टर्स में काम कर सकते हैं। अगर गार्डन डिजाइनर्स बनकर बाग -बगीचों की दुनिया में छाना चाहते हैं तो आप सिर्फ अपनी किएटिविटी पर ध्यान दें।



# मुझे हमेशा से एक्शन पसंद, जाट को लेकर उत्साहित हूं

अभिनेता रणदीप हुड्डा क्रिस हेम्सवर्थ अभिनीत फिल्म एक्सट्रैक्शन की रिलीज के पांच साल बाद एक्शन जोन में वापस कदम रखने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने माना कि उन्हें हमेशा एक्शन जॉनर पसंद रहा है क्योंकि इसमें कुछ नया और रोमांच होता है। जल्द ही वो जाट में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। एक्सट्रैक्शन सैम हार्ग्रेव द्वारा निर्देशित और रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित है, जो 2020 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जाट के साथ, वह एक एक्शन स्टार की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसमें उन्होंने रणतुंगा की भूमिका निभाई है। एक्शन में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रणदीप हुड्डा ने कहा, मुझे हमेशा से एक्शन शैली पसंद रही है। इसमें कुछ नयापन, भावनाओं को झकझोरने का माद्दा और रोमांच होता है। बायोपिक्स में गंभीर किरदार निभाने के बाद जाट में खतरनाक रणतुंगा का रोल मेरे अलग ही किरदार को प्रदर्शित करता है। अभिनेता ने कहा कि वह एक्शन को मिस कर रहे थे और 'जाट' उन्हें उस स्थान पर वापस ले आया। रणदीप ने कहा- कोरियोग्राफी से लेकर एक्शन तक काफी डिमांडिंग था लेकिन यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक अनुभव रहा है। एक ऐसा किरदार निभाना जो जितना करिश्माई है उतना ही निर्दयी भी है, कुछ ऐसा है जिसे लेकर मैं वाकई उत्सुक हूं। एक्सट्रैक्शन मेरे लिए अपनी तरह की पहली फिल्म थी ये एक रोमांचकारी अनुभव था। जाट की बात करें तो इसका निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। इसमें विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांड्रा भी हैं। प्रत्येक अभिनेता अपनी भूमिका में अनूठापन और गहराई लाता है। फिल्म का संगीत थमन एस ने दिया है। संपादन नवीन नूली ने किया है। दावा है कि फिल्म दर्शकों को मनोरंजन की दुनिया की अद्भुत सैर पर ले जाएगी। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित यह फिल्म 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी।



# क्या करण जौहर की राह चलेंगी आलिया?

## नई प्रतिभाओं को करेंगी लॉन्च

आलिया भट्ट ने साल 2012 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अभिनय की दुनिया में कदम रखे थे। उन्हें करण जौहर ने लॉन्च किया था। तब से अब तक आलिया ने कई कमाल की फिल्मों में काम किया है और सिलसिला जारी है। वे प्रोडक्शन की दुनिया में भी कदम रख चुकी हैं। साल 2021 में आलिया ने अपना प्रोडक्शन हाउस एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस लॉन्च किया था। इसके बैनर तले उन्होंने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर पहली फिल्म डार्लिंग्स बनाई। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि आलिया एक वेब सीरीज का निर्माण करने वाली हैं।

### नई कास्ट को करेंगी लॉन्च


आलिया भट्ट की पिछली दो फिल्में- हार्ट ऑफ स्टोन और जिगरा बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। अब आलिया शिव रवैल के निर्देशन में बन रही स्पाई एक्शन ड्रामा फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। इस बीच अभिनेत्री को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि आलिया एक एडल्ट वेब सीरीज प्रोड्यूस करेंगी। तेलुगु 123 की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट अपनी इस वेब सीरीज को पूरी तरह नई कास्ट के साथ बनाएंगी।

### क्या आलिया पकड़ेंगी करण जौहर की राह?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट को चार नए चेहरों की तलाश है, जिन्हें वे इस वेब सीरीज के जरिए लॉन्च करेंगी। हालांकि, फिलहाल आधिकारिक रूप से ऐसी कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। लेकिन, अगर खबरों में सच्चाई है तो देखना यह भी दिलचस्प होगा कि आलिया आउटसाइडर्स को मौका देती हैं या करण जौहर की तरह स्टारकिड्स पर भरोसा जताएंगी। मालूम हो कि करण जौहर स्टारकिड्स को लॉन्च करने के लिए जाने जाते हैं।

### इस ओटीटी पर आने की चर्चा

बतौर निर्माता आलिया की पहली फिल्म डार्लिंग्स साल 2022 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। आलिया ने इसमें लीड रोल किया था और उनके अपोजिट विजय वर्मा नजर आए थे। विजय ने आलिया के शराबी पति की भूमिका निभाई थी। आलिया की सीरीज को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह प्राइम वीडियो पर आएगी। फिलहाल आधिकारिक तौर पर कब एलान होता है? इसका इंतजार है!




# एक बार फिर खिसकी द राजा साब की रिलीज डेट, अब इस साल दस्तक नहीं देगी प्रभास की फिल्म

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी अगली फिल्म द राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। वहीं, फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रभास की आने वाली हॉरर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म द राजा साब प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा में है। फिल्म की रिलीज को कई बार देरी का सामना करना पड़ रहा है। अब खबर आ रही है कि फिल्म एक बार फिर आगे की रिलीज के लिए खिसक गई है।

### पोस्टपोन हुई द राजा साब

प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब एक बार फिर पोस्टपोन हो गई है। मूल रूप से यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज को टाल दिया गया था और खबर थी कि यह फिल्म 2025 के मध्य में रिलीज होगी। हालांकि, अब इस फिल्म को फिर आगे खिसका दिया गया। मारुति दासरी द्वारा निर्देशित यह हॉरर-कॉमेडी इस साल स्क्रीन पर नहीं आएगी, यह संक्रांति 2026 तक रिलीज हो सकती है।

### क्यों हुई फिल्म में देरी?

ओटीटी प्ले के अनुसार, दरअसल, 2025 के मध्य में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार है और इस वजह से ही फिल्म के लिए 2026 की संक्रांति का समय चुना गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता अभी भी लंबित वीएफएक्स भागों पर काम कर रहे हैं , जिसके कारण देरी हुई है। इसके अलावा, अपनी दूसरी फिल्म फौजी की शूटिंग के दौरान प्रभास के पैर में चोट लगने से द राजा साहब की शूटिंग प्रभावित हुई है।

### प्रभास की आने वाली फिल्म

यह फिल्म प्रभास की पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी और इसमें वह दोहरी भूमिका में नजर आएंगे, जिसमें वह वृद्ध व्यक्ति की भूमिका भी निभाएंगे। फिल्म में मालविका मोहनन, संजय दत्त और निधि अग्रवाल भी हैं। द राजा साहब के अलावा प्रभास की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं।वह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ स्पिरिट, एक्शन-ड्रामा सालार 2 और नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी सीक्वल में अभिनय करेंगे। पौराणिक ड्रामा फिल्म कन्नप्पा में भी उनकी विशेष भूमिका है।

# अंजिनि धवन ने भाई-भतीजावाद पर इब्राहिम-खुशी का किया बचाव



अंजिनी धवन जो हाल ही में सलमान खान की फिल्म सिकंदर में नजर आई थीं, उन्होंने फिल्म नादानियां में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर के ट्रोल होने पर अपनी बात रखी है। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में अंजिनि धवन ने नादानियां में भाई-भतीजावाद के इल्जाम को लेकर इब्राहिम और खुशी का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि आलोचना बहुत निजी मामला हो जाता है। किसी भी फिल्म की कामयाबी या नाकामी किसी एक पर निर्भर नहीं करती है। इसमें कई लोग काम करते हैं। इसलिए यह सब पर निर्भर करती है। फिल्म नादानियां साल 2025 के शुरुआत में रिलीज हुई थी। यह फिल्म रोमांटिक कॉमेडी है। इसका निर्देशन शाउना गौतम ने किया था। फिल्म के निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा थे। इस फिल्म से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में महिमा चौधरी, दिया मिर्जा और सुनील शेट्टी थे।

### नादानियां पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

फिल्म नादानियां को मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। नादानियां से बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद पर फिर से नई बहस छिड़ी थी। हालांकि कई दर्शकों ने कहा कि फिल्म की क्वालिटी अच्छी नहीं थी। जबकि कुछ लोग फिल्म के सपोर्ट में भी आए और इसके विचार का समर्थन किया। फिल्म में स्टार किड्स इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर के लॉन्च पर बॉलीवुड में इस बात की चर्चा तेज हुई कि सितारों के बच्चों को फिल्मों में खास मौका दिया जाता है।

### वरुण धवन की फिल्मों की तारीफ

अंजिनी ने अपने चचेरे भाई वरुण धवन के फिल्मी करियर की तारीफ की। उन्होंने उनकी चार फिल्मों के बारे में बताया जो उन्हें बहुत पसंद आईं। उन्हें बदलापुर, अक्टूबर, मैं तेरा हीरो और हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया बहुत पसंद आई।

# छावा के बाद प्रशांत वर्मा की फिल्म महाकाली में नजर आएंगे अक्षय खन्ना



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म छावा में औरंगजेब के किरदार से सबका हैरान कर देने के बाद अब वह अपनी अगली बड़ी फिल्म के साथ तैयार हैं। अक्षय ने प्रशांत वर्मा की फिल्म महाकाली साइन की है। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) की तीसरी कड़ी होगी। फिल्म का निर्देशन पूजा अपर्णा कोल्लुरु कर रही हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने लिखा कि अक्षय खन्ना महाकाली में एक अहम भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। हनु-मान की शानदार सफलता के बाद अब महाकाली इस यूनिवर्स की अगली सुपरहीरो फिल्म होगी। यह एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट है जो देशभर के दर्शकों तक पहुंचेगा।

# ऋतिक रोशन 'कृष 4' के डायरेक्शन पर बोले राकेश रोशन



ऋतिक रोशन ने भी अपने पिता राकेश रोशन की तरह एक्टिंग करने के बाद निर्देशक बनने की तरफ कदम बढ़ा दिया है। वह अपनी ही आने वाली फिल्म 'कृष 4' का निर्देशन करेंगे। इस फिल्म के बारे में, निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के अनुभव के बारे में ऋतिक ने अपने मन की बातें एक इवेंट में साझा की है। इस इवेंट में उनके कई फैंस भी मौजूद थे।

### कैसा महसूस कर रहे हैं ऋतिक रोशन

ऋतिक रोशन के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है, जिसमें वह एक इवेंट में नजर आ रहे हैं। इसी इवेंट में अपनी फिल्म 'कृष 4' के बारे में उन्होंने बात की। फिल्म 'कृष 4' को लेकर ऋतिक कहते हैं, 'मुझे मोटिवेशन की जरूरत है। मैं काफी नर्वस हूं।' फिल्म 'कृष 4' के निर्देशन की जिम्मेदारी अब ऋतिक रोशन के कंधों पर है।

### लीड रोल में ऋतिक आते हैं नजर

साइंस फिक्शन, सुपर हीरो की कहानी वाली 'कृष' सीरीज की फिल्मों में ऋतिक की कृष के रोल में नजर आते हैं। 'कृष' सीरीज की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है, दर्शकों को इस सीरीज की फिल्मों का इंतजार रहता है। इस सीरीज की अब तक की फिल्मों को ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने निर्देशित किया था। अब ये काम ऋतिक करेंगे।

### ऋतिक रोशन की आने वाली फिल्में

फिल्म 'कृष 4' का जहां ऋतिक रोशन निर्देशन कर रहे हैं। वहीं बतौर एक्टर भी उनकी कुछ फिल्म आने वाली हैं। इसमें 'वॉर 2' फिल्म भी शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग के लिए कुछ दिन पहले जूनियर एनटीआर मुंबई में ही थे। जूनियर एनटीआर को ऋतिक अपना पसंदीदा को-एक्टर भी बताते हैं।

# मैं जो भी काम करता, उसे आउटडेटेड बोलते थे, मगर गदर 2 के बाद...



**चार दशकों से लोगों के दिलों पर राज कर रहे बॉलिवुड स्टार सनी देयोल इन दिनों बेहद खुश हैं। पिछले कुछ सालों से अच्छी स्क्रिप्ट्स के लिए तरसने वाले सनी पाजी गदर 2 की सुपर सक्सेस के बाद कई बड़ी फिल्मों में दिखेंगे। इसकी शुरुआत सुपरहिट फिल्म पुष्पा के मेकर्स की एक्शन फिल्म जाट से हो रही है।**

**आप साउथ की फिल्ममेकिंग स्टाइल से काफी खुश दिखे? उनकी फिल्में सफल भी रही हैं। वे क्या सही कर रहे हैं, जो बॉलिवुड को सीखने की जरूरत है?**

सनी देओल ने कहा, सीखने की बात नहीं है। हमारा खुद का सिनेमा ऐसा ही हुआ करता था, देसी कहानियां, लार्जर दैन लाइफ हीरो। मैंने कितनी ऐसी हिंदी फिल्में की हैं, मगर बाद में हमने वो बनानी बंद कर दी। जबकि, साउथ की वैसी ही फिल्में डब होकर आने लगीं, जो पूरा देश देखता था। फिर जब हमें वैसी फिल्म बनानी होती तो साउथ की रीमेक करने लगे। हमारे राइटर, डायरेक्टर्स ने वो कहानियां सोचनी बंद कर दीं, क्योंकि उनको मौका नहीं मिल रहा था। मल्टीप्लेक्स आने के बाद मेकर्स सिर्फ सीमित शहरी ऑडियंस को टार्गेट करने लगे और चूंकि वही फिल्में उन्हें बिजनेस दे रही थीं तो वे खुश भी थे। अब गदर 2 इतनी सफल हुई, मगर जब हम उसे बना रहे थे तो सब कह रहे थे कि ये आउटडेटेड है। ऐसा सिनेमा नहीं चलता। आर्ट मॉडर्न है, ये है वो है तो हमें समझ में नहीं आ रहा था कि ये मॉडर्न और आउटडेटेड क्या होता है? मगर दौर वैसा ही चल रहा था। मैं जो भी काम करता, उसे आउटडेटेड बोलते थे। मगर जब गदर 2 चल गई, तब बोलते हैं अरे यार, गलती हो गई। हम भी ऐसा ही कुछ बनाते हैं तो ये हमेशा रहा है और ऐसा ही चलता रहेगा। जब कोई चीज सफल हो जाती है तो सब उसके पीछे भागते हैं। हमें अपनी कहानियों पर यकीन करना जरूरी है।

**गदर 2 की सफलता के बाद आपकी जिंदगी कितनी बदली?**

गदर 2 के बाद मैंने ढेर सारी फिल्में कर रहा हूं। वरना उससे पहले मुझे फिल्में करने में मुश्किल होती थी, क्योंकि मन मुताबिक ऑफर ही नहीं मिलते थे। मैं अक्सर कहता हूं कि मेरी स्ट्रगल गदर के बाद शुरू हुई। उससे पहले मुझे पता नहीं था कि स्ट्रगल क्या होता है। मैं जो भी करना चाहता था, कहानी अच्छी लगती थी, फिल्म बना लेते थे। गदर के बाद उस तरह की चीजें मेरे हाथ में आनी बंद हो गईं। मैं जैसा सिनेमा करना चाह रहा था, वो नहीं कर पा रहा था। मगर मैं ऐसा इंसान हूं कि लगा रहता हूं। इसलिए बस लगा रहा। प्रड्यूसर था तो फिल्में खुद बनाईं, डायरेक्ट भी कीं। जो फिल्में नहीं करनी थीं, वो भी करता गया, करता गया, क्योंकि मैं ऐसा ही हूं। मैं लगा रहता हूं।

**आप जाट, लाहौर 1947, बॉर्डर 2, रामायण इतनी सारी फिल्मों पर एक साथ काम कर रहे हैं। 69 की उम्र में खुद को इतना फिट कैसे रखते हैं, क्योंकि कहीं न कहीं शरीर की अपनी एक क्षमता होती है?**

मैं ऐसे नहीं सोचता। मुझे नहीं लगता है कि मेरी उम्र बहुत हो गई है। मुझे याद है कि जब 80 के दशक में मैं फिल्मों में आया था और शूट करता था तो मेरे इतने ज्यादा एक्सिडेंट हुए थे। मेरी पीठ में दिक्कत हुई, छह-छह महीने मैं बिस्तर में रहा। मेरे शरीर का पुर्जा-पुर्जा टूटा है, लेकिन इस वजह से मैंने कभी ये नहीं सोचा कि मैं ये नहीं करूंगा, वो नहीं करूंगा। मैं चलता रहा, जहां तक मेरे शरीर ने साथ दिया। इसलिए मैं कह रहा हूं कि मुझे पता नहीं कि मेरी उम्र क्या है, क्योंकि मैं वो कर रहा हूं जो मुझे करना है।

**हैंड पंप उखाड़ने के आइकॉनिक सीन के बाद जाट में आप पंखा घुमा रहे हैं। ऐक्शन से इतना लगाव क्यों? क्योंकि कहीं न कहीं इस फिल्म में भी आपकी वही इमेज भुनाने की कोशिश दिख रही है!**

इमेज भुनाने की कोशिश नहीं है। ये तो फिल्म की कहानी पर निर्भर करता है, जहां ऐक्शन की जरूरत होती है, वहां करते हैं। राइटर्स पब्लिक को एंटरटेन करने के लिए जरूरत के हिसाब से सीन लिखते हैं। मगर, ये तो है कि इतने समय से ऐक्शन करते-करते वो इमेज इतना बड़ा हो गया है कि मैं चाहूं भी तो उससे नहीं निकल पाता। मुझे पता है कि ऑडियंस को देखना ही वो है जो बहुत बड़ा हो, जिसे देखकर उन्हें लगे कि मजा आया।

## ब्रीफ न्यूज

### जिले की रोपणियों में फलबहार की नीलामी की तिथियां निर्धारित

**अशोकनगर।** उद्यान विभाग द्वारा जिले की रोपणियों में फलबहार की नीलामी की तिथियां निर्धारित की गई हैं। सहायक संचालक उद्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड चंदेरी के शासकीय रोपणी पिपरोद में आम, कटहल, चीकू की नीलामी 15 अप्रैल 2025 को, विकासखंड मुंगावली के शासकीय रोपणी गुपलिया में आम, कटहल की नीलामी 16 अप्रैल 2025 को, विकासखंड ईसागढ़ के शासकीय रोपणी जंघार में आम, कटहल की नीलामी 17 अप्रैल 2025 को तथा विकासखंड अशोकनगर के शासकीय रोपणी मलखेड़ी में आम, कटहल की नीलामी 19 अप्रैल 2025 को दोपहर 2ः00 बजे से की जाएगी। समस्त शर्तों हेतु सहायक संचालक उद्यान जिला अशोकनगर से संपर्क किया जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**अशोकनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को संपूर्ण जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय एंव अन्य तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें न्यायालीन लंबित दीवानी एवं बैक, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर आदि प्रीलिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के राजीनाम योग्य मामले निराकरण के लिए रखे जाएगें। जिला न्यायालय के ए.डी.आर. सेन्टर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 को आयोजित कर रहा है।

### 7 जुआरियों से 13 हजार 820 रुपये व 06 मोबाईल जब्त

**खरगोन।** पुलिस ने चोरी छिपे ताश के पत्तों पर रुपये- पैसे से दांव लगा रहे 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 13 हजार 820 रुपए व 6 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए है। कसरावद पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बालसमुद मेजमपुर बैड़ी नहर के पास कुछ लोगों के ताश पत्तो पर हार- जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। यहां घेराबंदी कर दबिश दी गई, जिसमें मौके से 7 जुआरी गिरफ्तार किए गए। इनके कब्जे से नकद राशि, मोबाइल फोन और ताश पत्ते जब्त किए गए है। सभी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### नितिन गौर अध्यक्ष बेस सचिव और उपाध्याय बने कोषाध्यक्ष

**हरदा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील शाखा रहटगांव का गठन निर्वाचन अधिकारी नारायण राठौर सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष सिधना की उपस्थिति में संपन्न हुए जिसमे नितिन गौर तहसील अध्यक्ष , उमेश बेस सचिव एवम मुकेश उपाध्याय को कोषाध्यक्ष बनाया गया साथ ही मनोज मिंज, सिद्धार्थ जोशी,सुंदरलाल कुल्हारे ,गणेश राजगिरे तहसील उपाध्यक्ष ,राजेश ठाकरे सह सचिव,मदन मोहन मालवीय पी एन उपरीन संगठन मंत्री , गिरधारी लाल मंडलेकर कार्यालय मंत्री, सरवर सिंह देवड़ा को सदस्य बनाया गया।

### भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत पूर्व विधायक ने किया ग्राम भैंसरवास का भ्रमण

# स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता जरूरीः जज्जी

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता जरूरी है, जहां साफ सफाई रहती है, वहां बीमारियां नहीं फैलती, हमें अपने परिवेश में स्वच्छता बनाए रखना है, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को थोड़ा सा श्रमदान करना होगा। यह बात पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने शनिवार को गांव चलो अभियान के तहत सोनेरा मंडल के ग्राम भैंसारवास में बूथ समिति की बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान पछार मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष तीर्थ नारायण शर्मा, मंडल महामंत्री श्याम बाबू रघुवंशी, सरपंच विनीत शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा सहित बूथ समितियों के अध्यक्ष,प्रभारी बीएलओ, कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व विधायक जज्जी ने गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर जाकर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया,श्री



हनुमान जी के दर्शन किए। तत्पश्चात भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान किया। इसके बाद भाजपा का झंडा लेकर रैली निकाली तथा घर-घर जाकर भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा की,गांव में योजनाओं से वंचित रह गए लोगों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोद्दक तिवारी के निर्देशन में,भाजपा के स्थापना दिवस पखवाड़े के अंतर्गत जिले भर में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जनों द्वारा जिले भर के बूथों पर निरंतर प्रवास चल रहा है।

# नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जल संगोष्ठी आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिला कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी जी के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2025 को मप्र जन अभियान परिषद् विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति अशोकनगर द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (पुरम पठार) अशोकनगर जल संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके आयोजित किया गया जिसमे मप्र जन अभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक श्री मनोज यादव द्वारा स्कूल के छात्रों को जल बचाने के विभिन्न छोटे छोटे उपाय



बताए जैसे वर्षा का पानी वाटर हार्वेस्टिंग ,खुले नलों में टोटी लगाकर पानी बचा सकते है और कहा हमारी पृथ्वी पर पीने योग्य पानी मात्र 2 प्रतिशत है । इसके बाद स्कूल प्राचार्य श्री महेश त्यागी जी ने जल बचाओ पर प्रकाश डाला इसके पश्चात् जल बचाने की शपथ दिलाई इस कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड समन्वयक मनोज यादव,स्कूल प्राचार्य महेश त्यागी जी, नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति अशोकनगर से अध्यक्ष सुनील कुमार सेन,मेंटर्स बलवीर यादव एवं स्टाप सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंदिरों में मनाया हनुमान जन्मोत्सव नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

### रात्रि में भव्य महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ घरों घर दीपक जला के कार्यक्रम संपन्न हुआ

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के प्रमुख और अति प्राचीन मंदिरों में से एक, खेड़ापति हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 04, खेड़ीपुरा में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पूरे धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्री खेड़ापति जन्मोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया।

#### यह स्थान मनोकामनाओं की पूर्ति का आस्था स्थल

यह मंदिर केवल शहरवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि दूर-दराज जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी श्री खेड़ापति हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा शनिवार को खेड़िपुरा स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।



#### धार्मिक आयोजन की शुरूआत

पंडित विद्याधर उपाध्याय ने बताया कि उत्सव की शुरूआत 6 अप्रैल से रामायण पाठ के साथ हुई। भगवान खेड़ापति का जलाभिषेक कार्यक्रम भी प्रारंभ किया गया। शनिवार सुबह 6 बजे विशेष पूजा-अर्चना कर महाआरती गई। दोपहर में विशाल भंडारा किया गया। संध्या समय बाबा खेड़ापति का विशेष श्रृंगार किया।

#### पूजन एवं शोभायात्रा

हेमंत मोराने ने जानकारी दी कि सुबह 9 बजे से नगर के प्रमुख मार्गो से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, चांडक चौराहा, टांक चौराहा, जैसानी चौक होते हुए दोपहर 12 बजे खेड़िपुरा में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भक्तजन श्रीराम की भगवा टोपी पहनकर ऊख की धुन पर भक्ति संगीत में झूमते नजर आए। बच्चों द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की सुंदर झांकियाँ प्रस्तुत की गई। विशाल रथ पर भगवान खेड़ापति को विराजमान कर यात्रा संपन्न की गई।

#### भंडारा एवं महाआरती

दोपहर में विशाल भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को बाबा खेड़ापति का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई और 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी झ महिला, पुरुष और बच्चे झ उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम करें आयोजित

सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही सभी शासकीय भवनो पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगवाये जाएं। उन्होंने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाईयों में भी वर्षा के जल को रोककर भू जलस्तर बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जाएं। श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की, और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सी एम हेल्पलाइन में अपने-अपने विभाग की रैंकिंग और ग्रेडिंग सुधारें। कलेक्टर श्री सिंह ने महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाएं, तथा सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

#### पोषण पखवाड़े संबंधी दिलाई शपथ

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक ÷पोषण पखवाड़ा÷ आयोजित किया जा रहा है । इस दौरान बच्चों के पोषण के प्रति जन जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को पोषण पखवाड़े संबंधी शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

# आज सरस्वती विद्या मंदिर में होगा पूर्व छात्र सम्मेलन

**खरगोन।** स्कूल के साथ ही महाविद्यालयीन पढ़ाई के बाद अपने- अपने कार्यो में मशगुल हो चुके युवा एक बार फिर अपने स्कूली समय को याद करने वाले है। करीब 500 छात्र कई वर्षों बाद अपने स्कूली छात्र-छात्राओ से मिलने वाले है। इनके इस मिलन का माध्यम बाल कल्याण समिति एवं सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन बनने वाला है। स्कूल प्राचार्य लोकेश गुप्ता ने बताया कि पूर्व छात्र सम्मेलन उन्हें स्कूली अनुभव साझा करने के साथ ही अपने पूर्व छात्रों, शिक्षक- शिक्षिकाओं से मिलन समारोह के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक छात्र एकसाथ रहेंगे। इस सम्मेलन में 500 छात्रों ने उत्साह के साथ पंजीयन कराया है। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र, प्राचार्य/आचार्य सम्मान समारोह सुबह 11.15 बजे शुरु होगा। मिलन एवं फोटो सेशन सत्र 1.15 से 2 बजे तक, दोपहर 3.15 से 4.30 बजे छात्रों के अनुभव, वर्ग प्रतिवेदन आगामी योजना पर विचार- विमर्श होगा। इसके बाद वंदे मातरम गान के साथ सम्मेलन को विराम दिया जाएगा। इस महते आयोजन को लेकर न केवल पूर्व छात्रों बल्कि शिक्षक- शिक्षिकाओं में उत्साह का माहौल है।

## श्री हनुमान प्राकटेत्सव पर गूंजे वीर बजरंगी के जयकारे, मंदिरों में हुआ भव्य श्रृंगार जगह- जगह हुए भंडारे

**खरगोन।** चैत्र पुर्णिमा पर शनिवार और हनुमानजी के जन्मोत्सव का मंगल संयोग रहा। समूचे विश्व को आदर्श भक्ति का पाठ पढ़ाने वाले बल, बुद्धि, विद्या के दाता श्रीहनुमानजी का प्राकटेत्सव शहर सहित समूचे अंचल में उत्सवी माहौल के बीच मनाया गया। सुबह 6 बजे से देरात तक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, अभिषेक, हवन-पूजन, अर्चन आदि का दौर रातभर चलता रहा।



हर कोई ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर पहुंचकर श्री बाल हनुमान की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दिया। वीर बजरंगी को भोग लगाने के बाद कन्याभोज एवं भंडारों का दौर शुरु हुआ जो देरशाम तक चलता रहा, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बाबा की प्रतिमा सहित मंदिरों को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था। हनुमान जन्मोत्सव पर दिनभर मंदिरों में जय हनुमान व जयश्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।

# यातायात नियम तोड़े, यमराज ने अपने दूत छोड़े...

### मैनेजमेंट विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

सत्ता सुधार ■ खरगोन

जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बोरावा के प्रबंधन के विद्यार्थियों ने जनता को यातायात नियमो को समझाने में अग्रणी भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने पोस्टर,



नुक्कड़ नाटक, मौखिक संदेश और आमजन से संवाद करते हुए उन्हें हैलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सीमित गति में वाहन चलाने जैसे यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। उन्होंने नशे की अवस्था में वाहन न चलाने का आव्हान किया। विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षकों का भी सहयोग अभियान में सराहनीय रहा। महाविद्यालय के निदेशक डॉ निशांत दुबे ने भी विद्यार्थियों के साथ आमजन के बीच सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने आग्रह किया की आपकी संस्था द्वारा महीने में एक दिन इसी तरह का सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

### कल अंबेडकर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा झाकियां होगी शामिल

**खरगोन।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती 14 अप्रैल को भव्य रुप से मनाई जाएगी। जयंती अवसर पर शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सभा का आयोजन किया जायेगा। इस शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर अनुसूचित जाति- जनजाति व पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की है। मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया, नितेश आडतिया ने बताया कि बाबा साहब के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करने के उद्देश्य से उनका जन्मदिन उत्सव के रुप में मनाया जाएगा। 14 अप्रैल को किला मैदान से दोपहर 3 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# हाटकेश्वर प्रकट उत्सव पर निकली शोभा यात्रा, लगे जयकारे, झूमे समाजजन

सत्ता सुधार ■ खरगोन

दशोरा नागर समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर का प्राकटोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। समाज की धर्मशाला में सुबह से देरशाम तक धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति सहित समाज बंन्धु शामिल हुए। समाज के श्याम गुप्ता ने बताया कि सुबह 7 बजे भगवान हाटकेश्वर का पंडित नन्नू महाराज के सानिध्य में पंडितों ने लघुरुद्र अभिषेक किया। दोपहर 3.30 बजे साधारण सभा



का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि रमेश कुमार गुप्ता भोपाल, विशेष अतिथि अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता ने समाज की गतिविधियों की जानकारी साझा करने के बाद समाज के मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को स्व. ओंकार लाल गुप्ता की स्मृति में पुरस्कार वितरण किए गए।

**मांग** अपनी मांगों को लेकर महामहीम राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच सौपा ज्ञापन

# भारत मुक्ति मोर्चा का जेल भरो आन्दोलन सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिले में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश द्रविड़ के नेतृत्व में बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ,राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा ,बीएमपी आदि संगठनों ने मिलकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया एवं प्रदर्शन कर अपनी गिरफ्तारियां देने के लिये तत्पर रहे। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर तनमय वर्मा को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि ईवीएम मशीन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के स्थान पर वैलेट पेपर से वोट डलवाने की व्यवस्था को लेकर था । क्योंकि वोट का अधिकार राजा बनाने एवं राजा



बनने का भी अधिकार है जिस मशीन द्वारा समाप्त किया जा रहा है। बोधगया बौद्ध महा बिहार मंदिर में ब्राह्मण जाति की पुजारी ने कब्जा कर रखा है उसे हटवाना ।क्योंकि जब मस्जिद में मौलवी, गिरजाघर में पादरी, मंदिर में पुजारी तो बौद्ध धर्म के मंदिर पौधों को उनकी विरासत क्यों नहीं दी जाए। महिलाओं के निर्मम हत्या हो रही है। गांव में अंबेडकर साहब की मूर्तियां तोड़ी जा रही है या अंबेडकर का मूर्ति लगाने हेतु जग भूमि का विवाद खड़ा किया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अतिथि शिक्षक भर्ती नहीं होना आदि । सीहोर में जेल भरो आंदोलन में साथ सहयोग बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बीएमपी राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के नेताओं सहित सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे और अपनी गिरफ्तारियां दी। जिसमें जगदीश द्रविड़, भारतीय युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जनम सिंह परमार, बहुजन मुक्ति पार्टी जिलाध्यक्ष जितेंद्र मालवीय, संतोष मालवीय, फू ल सिंह लाइनमैन, भोपाल संभाग अध्यक्ष भारतीय विद्यार्थी मोर्चा बी.एस. भदोरिया, दीपक कुमार, धूल सिंह मेवाड़ा, संजय धर्मेंद्र भदोरिया, राज मालवीय नर्मदा मैडम लीलावती मालवी सुमन पोरवाल, मनोहर दुगारिया, प्रदीप गुजर, मनोहर ब्रिगादिया, लक्ष्मण दुगारिया, केशर सिंह कटारिया, मानसिंह मालवीय, धनसिंह मालवीय, लीलाबती मालवीय, आदि बड़ी संख्या में लोग मौर्जद रहे।

# निःशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया




सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निश्शुल्क जल सेवा प्याऊ का उद्घाटन डां दीपक मिश्रा विश्व हिंदू परिषद प्रांत धर्म प्रसा प्र्रमुख निवास विदिशा रोड चुंगी नाके मिश्रा मेडिकल पर प्याऊ का शुभारंभ किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी, कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, समरसता प्रमुख विकास जैन बल्ली संपर्क प्रमुख हेमराज नामदेव नगर उपाध्यक्ष कैलाश चंदेल नगर समरसता प्रमुख राजेश सोनी आदि प्रमुख उपस्थित रहे सभी को हनुमान जी जयंती की शुभकामनाएं दी गई।

## ब्रीफ न्यूज

### योगी संत दादा गुरु का महापौर ने किया पदवंदन

**इंदौर।** योगी संत दादा गुरु, जो नर्मदा जल पर आधारित तपस्यारत जीवन जीने वाले संत हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के विशेष आग्रह पर वे रेडियो कॉलोनी स्थित उनके निवास पर आए। यहां महापौर ने परिवार सहित उनकी पदवंदना की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ-साथ नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, भाजपा प्रदेश कार्यालय के मंत्री राघवेंद्र एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। रेडियो कॉलोनी स्थित महापौर निवास पर थोड़ी देर विश्राम और श्रद्धालुओं से मुलाकात के बाद दादा गुरु नर्मदा चौराहे पहुंचे। यहां महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, सौगात मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। मां नर्मदा की प्रतिमा का विधिवत पूजन मंगलाचरण से शुरू हुआ, जिसमें नर्मदा अष्टक का पाठ कर गुरुजी और महापौर ने अंग वस्त्र अर्पित किए।

### दीपक दुग्गड बने प्रदेश संयोजक

**इंदौर।** जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलखुशराज कटारिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मेहता की अनुशंसा पर इंदौर जैन पत्रकार



संघ आईजा के प्रदेश महासचिव दीपक दुग्गड को प्रदेश संयोजक के पद पर महासंघ के राष्ट्रीय संगठन प्रमुख राजेश मानव व अभय चोपड़ा एवं महासचिव राजेन्द्र करणपुरिया, विरेन्द्र जैन एवं यशवंत जैन, म.प्र. प्रदेश संयोजक व सुनील जैन द्वारा मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। दीपक दुग्गड की नियुक्ति पर राष्ट्रीय प्रबंधक प्रसन्न लोढा, गौतम जैन, अभय वागरेचा, सुनील रायपुरिया, उपाध्यक्ष गुणवंतलाल बण्डी, महेंद्र सुन्देचा, शेखर गेलडा, अनिल देसरला, अशोक लाला, अनिल नागौरी, अभय लुणिया, दिलीप डांगी, हंसराज जैन, कमल कोठारी, सतीश मारु, कोषाध्यक्ष गौतम जैन, पारस छाजेड़, सुशील जैन, हेमंत डोसी, शांतिलाल मारु, डॉ. सुभाष जैन, धनपाल हडपावत, मंगेश भाचावत, जयंतीलाल जैन, विजय प्रकाश जैन, प्रेमप्रकाश जैन, सुबोध सरैया एवं महासंघ, आईजा ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, फैडरेशन, जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप अरिहंत के वरिष्ठ सभी पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### पीथमपुर की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर 3 में स्थित एक प्लास्टिक पाइप बनाने की फैक्ट्री में कल देर रात आग लग गई। इस पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को रातभर काफी मशक्कत करना पड़ी। इंदौर और आसपास के क्षेत्रों से 13 फायर वाहनों को बुलाना पड़ा। फायर ब्रिगेड के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने पास की फैक्ट्री तक आग न पहुंचे, इसके लिए 70 डंपरों से बालू रेत रास्ते में डलवाकर दीवार जैसी बनवाई, जिससे फायरकर्मियों को काफी मदद मिली और आग नहीं फैली। आग बुझाने के लिए चार लाख लीटर से अधिक पानी का उपयोग किया गया।

---

#### भक्तों के लिए रणजीत हनुमान मंदिर में कूलर, टेंट, ठंडे पानी व शरबत की व्यवस्था

# रणजीत हनुमान मंदिर में सजा दरबार, मथुरा से बनकर आई बाबा की पोशाख

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के हनुमान मंदिरों में सुंदर सजावट के साथ ही भगवान का विशेष श्रृंगार किया। भक्तों को दर्शन में परेशानी न हो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए कुछ मंदिरों में कूलर, पानी की भी व्यवस्था की है। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर को हनुमान जन्मोत्सव के लिए बृजधाम की तरह सजाया गया है। इस सजावट के लिए मथुरा-वृंदावन से कारीगरों की टीम को बुलवाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया रात 10 बजे बाबा रणजीत का अभिषेक हुआ। अभिषेक के बाद भगवान का श्रृंगार किया गया जो अलसुबह तक चला। सुबह 6 बजे भगवान की जन्मोत्सव आरती की गई।



### अलीजा सरकार ने स्वर्ण श्रृंगार में भक्तों को दर्शन दिए

गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि शनिवार को हनुमान जयंती पर वीर बगीची में अलीजा सरकार का स्वर्ण श्रृंगार किया गया। इसी के साथ सूरत के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया स्वर्ण मुकुट भी पहनाया गया। सुबह 6 बजे से भक्तों के दर्शन, पूजन की व्यवस्था की गई। शाम 5 बजे महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। वीर अलीजा का यह भंडारा अंतिम व्यक्ति के आने तक जारी रहा।

**मंदिर में चल रहा तीन दिवसीय महोत्सव:** मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव चल रहा है। भक्तों के लिए रेड कारपेट की व्यवस्था की गई है। यहां भी गर्मी को देखते हुए कूलर के इंतजाम के साथ ही छांव के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है। भक्तों के दर्शन पूजन के लिए महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

**पितृ पर्वत पर हनुमान मंदिर में सुंदर सजावट:** पितृ पर्वत पर हनुमान मंदिर में भगवान का सुबह 4 बजे अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का श्रृंगार कर आरती की गई। इसके बाद दिनभर दर्शन और प्रसादी वितरण का सिलसिला चला। शाम को 7.30 बजे भगवान की आरती हुई। मंदिर से जुड़े महेश दलोद्रा ने बताया कि मंदिर को फूलों से सजाया गया। भक्तों के लिए भंडारा भी यहां पर आयोजित किया है।

**मंदिर में लगे 40 से ज्यादा कूलर**

मथुरा से भगवान की खास पोशाख बनवाई गई है। भोपाल से साढ़े सात फीट लंबी इलायची की सुंदर माला तैयार करवाई गई। 400 किलो मोगरा के फूल के साथ ही कट फ्लावर, गुलाब और रजनीगंधा के फूलों से मंदिर से सजावट की गई। शनिवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। साथ ही गर्मी को देखते हुए मंदिर में 40 से ज्यादा कूलर भी लगवाए गए। 4 एलईडी के माध्यम से भक्तों को भगवान के लाइव दर्शन होंगे। भक्तों के लिए ठंडे पानी और शरबत की व्यवस्था भी मंदिर में की गई है। मंदिर के भक्त मंडल के 200 से ज्यादा सदस्य मंदिर की व्यवस्था संभालेंगे। मंदिर के गार्ड के अलावा 40 गार्ड और यहां तैनात किए।

---

# 40 से 41 डिग्री तापमान के बीच सड़क पर वाहन चालकों की हालत खराब

#### गर्मी में चौराहों पर खड़े रहना मुश्किल, सिग्नल जंप के मामले बढ़े

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

40 से 41 डिग्री तापमान के बीच सड़क पर वाहन चालकों की हालत खराब है। मुसीबत उन चौराहों पर ज्यादा है, जहां सिग्नल टाइमिंग 100 से 160 सेकंड तक है। ऐसे चौराहों पर मार्च और अप्रैल में सिग्नल जंप के मामले 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। सिग्नल जंप के कारण ही इन चौराहों पर एक्सीडेंट भी 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ट्रैफिक एक्सपर्ट का कहना है, ऐसे चौराहों पर सिग्नल टाइम कम करना चाहिए। शहर के 158 प्रमुख चौराहों में से बीआरटीएस, रिंग रोड और मुख्य सिटी के 38 प्रमुख चौराहे ऐसे हैं, जहां सिग्नल टाइमिंग 150 सेकंड से ज्यादा है। ऐसे में इन चौराहों पर सुबह 11 से दोपहर 3 के बीच सिग्नल जंप के मामले 30 से 40 फीसदी तक बढ़े हैं। ऐसे चौराहों पर लोग या तो पेड़ की छांव या किसी बोर्ड की छांव की आड़ लेते हैं और लेफ्ट टर्न भी बाधित कर देते हैं।



### दिनभर में 6 से 8 हजार चालान बन रहे

आईटीएमएस के तहत चौराहों पर इन दिनों औसत 6 से 8 हजार चालान सिग्नल जंप के बन रहे हैं। वहीं जवानों द्वारा 500 से 600 लोगों के चालान रोज बनाए जाते हैं। मार्च, अप्रैल और मई में ये कार्रवाई प्रतिदिन 1 हजार से 1200 तक की हो जाती है, क्योंकि धूप में लोग सिग्नल पर नहीं रुकते और ट्रैफिक नियम उल्लंघन कर देते हैं।

### गर्मी में सबसे ज्यादा मुसीबत यहां

विजयनगर, सत्यसाई चौराहा, रसोमा चौराहा, बर्फानी धाम चौराहा, एलआईजी और गीता भवन चौराहा। पश्चिम क्षेत्र के महू नाका, टॉवर चौराहा, बड़ा गणपति चौराहा, गोपुर चौराहा और चाणक्यपुरी चौराहा। रिंग रोड पर रोबोट और मूसाखेड़ी के अलावा बायपास पर तेजाजी नगर चौराहे पर भी धूप में लोग परेशान होकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर देते हैं।

### कुछ चौराहों पर छांव के इंतजाम

तेज धूप में चौराहों पर खड़े रहने वाले वाहन चालकों के लिए संगठन व संस्थाओं ने छांव का बंदोबस्त करवाया है। नगर निगम ने भी आधा दर्जन चौराहों पर ग्रीन नेट लगवाई है। ट्रैफिक पुलिस ने चौराहों पर धूप में खड़े रहने वाले जवानों के लिए छातों के बंदोबस्त किए हैं।

**सिग्नल टाइम कम करने का प्रयास करेंगे**

डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी ने बताया धूप और गर्मी को देखते हुए चौराहों पर सिग्नल टाइम कम करने का प्रयास करेंगे। ट्रैफिक जवानों के लिए भी छाता लगाकर छांव की व्यवस्था की जा रही है।

**सिग्नल का समय 30 से 35 सेकंड कम करेंगे**

फील्ड इंजीनियर, स्मार्ट सिटी सिग्नल सिस्टम के अमित गौर ने बताया गर्मी में सिग्नल जंप के मामले बढ़ते हैं। शहर में जिन चौराहों पर 150 सेकंड से ऊपर टाइमिंग है, वहां 30 से 35 सेकंड कम करेंगे, ताकि लोगों को धूप में ज्यादा देर तक न खड़ा रहना पड़े।

# मंत्री चौहान ने कहा- खेती किसानी को आगे बढ़ाएंगे



**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

इंदौर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने किसानों से कहा कि आप और हम मिलकर खेती किसानी को आगे बढ़ाएंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे संघ के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश जोशी के भाई अरविंद जोशी के निवास पर पहुंचे और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। विमानतल पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बस्ती संपर्क अभियान का असर नजर आ रहा है। घर-घर भाजपा की रीति-नीति, विचार और विकास की बातें कार्यकर्ता पहुंचा रहे है। इससे गरीब वर्ग को भाजपा सरकार की योजना की जानकारी मिलेंगी और वह उसका लाभ उठा सकेंगे। विमानतल पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, उषा ठाकुर, मनोज पटेल, दीपक जैन टीनू सहित अन्य नेता उनसे मिले और उनका स्वागत किया। शिवराज सिंह इंदौर में करीब डेढ़ घंटे रुके। इसके बाद वे फिर भोपाल के लिए रवाना हो गए। इंदौर में भाजपा द्वारा बूथ दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी घर-घर जाकर परिवारों से मिल रहे है और उनसे संवाद कर रहे है। लोग इस दौरान क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं भी उन्हें बता रहे है।

---

# भगवान महावीर ने किया नगर भ्रमण

#### अष्ट धातु की पालकी में विराजमान कर बैंड बाजों के साथ समारोह निकाला

**सत्ता सुधार ■ धामनोद**

दिगंबर जैन समाज ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भगवान महावीर की प्रतिमा को डिजाइनिंग अष्ट धातु की पालकी में विराजमान कर बैंड बाजों के साथ नगर में चल समारोह निकाला। इसमें बच्चे, युवा पचरंगी ध्वजा लेकर चल रहे थे। जगह-जगह धर्मावलंबियों ने भगवान की आरती की। महावीर स्वामी के संदेश को जन-जन में नारों के साथ गुंजायमान किया। चल समारोह में भारी संख्या में जैन समाज के पुरुष सफेद वस्त्र व महिलाएं केसरिया व पिंक कलर की वेशभूषा पहनी हुई थी। जैन समाज के अध्यक्ष महेश जैन व सचिव दीपक प्रधान ने बताया कि चल समारोह पुन- मंदिर पहुंचा जहां भगवान को पाण्डुक शिला में विराजमान कर 1 स्वर्ण कलश, 10 रजत कलश, एक शांतिधारा, एक श्री जी की आरती व प्रथम बार बालक महावीर को सजावट किया गया।



पालने में झूला झुलाने की बोली लगाई गई जो पुण्यशाली महानुभावों ने अपनी चंचला राशि का सदुपयोग धर्म कार्य में लगाकर पुण्यार्जक बने महेश जैन व दीपक प्रधान ने बताया कि मंदिर की रोशनी से भव्य सजावट की गई। समाजजनों का वात्सल्य भोज हुआ। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समाज कार्यकारिणी के सदस्य मुनिसेवा समिति व महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। चल समारोह में ट्रैफिक व्यवस्था को पुलिस प्रशासन ने संभाला। मंदिर व्यवस्था प्रभारी राकेश जैन व नीलेश जैन ने आभार माना।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस द्वारा नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के पहले ही शिकायतों का दौर

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस द्वारा अपने सभी शहर और जिला अध्यक्ष बदलने का फैसला लिया गया है। यह बदलाव करने के लिए चल रही प्रक्रिया के बीच शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। इंदौर में जिला अध्यक्ष पद के नए दावेदार को लेकर इंदौर से नेताओं द्वारा दिल्ली तक शिकायत कर दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हरीश चौधरी ने पूरे प्रदेश में संगठन को खड़ा करने के लिए सबसे पहले सभी जिला और शहर इकाई के अध्यक्ष बदलने के लिए कहा है। इस निर्देश के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी जिलों में नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सलाह-मशविरा का काम कर लिया है। अब मोटे तौर पर अंदरूनी रूप से यह तय हो गया है कि किस जिला और शहर इकाई में किसे अध्यक्ष



बनाया जा रहा है। इंदौर की जिला इकाई के अध्यक्ष पद को लेकर सबसे ज्यादा मारामारी की स्थिति बन गई है। वर्तमान में इस पद पर काबिज सदाशिव यादव एक और कार्यकाल के लिए इस पद पर रहना चाहते हैं। पटवारी द्वारा स्पष्ट रूप से यह संकेत दे दिए गए हैं कि जिला इकाई में नए अध्यक्ष की ही नियुक्ति की जाएगी।जिला इकाई में अध्यक्ष पद की दौड़ में इस समय राधेश्याम पटेल सबसे आगे चल रहे हैं। मोटे तौर पर यह माना जा रहा है कि पटवारी द्वारा उन्हीं की नियुक्ति की जाएगी। यह संकेत स्पष्ट होते ही कांग्रेस के नेताओं ने राधेश्याम पटेल को लेकर शिकायत पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक यह शिकायत पहुंचा दी गई है कि जिले की विभिन्न तहसीलों के नेताओं के साथ उनका कोई सामंजस्य नहीं है। यहां तक कि उनकी अपनी देपालपुर तहसील में भी मोतीसिंह पटेल के साथ उनका सामंजस्य नहीं है। हाल ही में अहमदाबाद के कांग्रेस अधिवेशन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के नेताओं के साथ संबंध निभाने वाले कांग्रेस के नेताओं को हमें मुख्य जिम्मेदारी के पद नहीं देना है। राहुल गांधी के इस बयान के परिप्रेक्ष्य में राधेश्याम पटेल को लेकर नई शिकायतें की गई हैं। इसके अनुसार उनके परिवार के राहुल पटेल अपने संबंधों का निर्वहन करने के लिए गुजरात में भाजपा के प्रत्याशी हार्दिक पटेल का चुनाव प्रचार करने और उन्हें सहयोग करने के लिए पहुंचे थे। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने हार्दिक और राहुल पटेल के एक साथ चुनाव प्रचार के दौरान के फोटो भी दिल्ली तक भेज दिए हैं। केवल परिवर्तन करने का निश्चय करने पर ही कांग्रेस में जोरदार गुटबाजी उभरकर सामने आ गई है। जिला इकाई के अध्यक्ष पद को लेकर तो हर तहसील में अलग-अलग दावेदार उभरकर सामने आ गए हैं। पटवारी के समर्थक राऊ विधानसभा क्षेत्र के मनीष पटेल दूसरे मजबूत दावेदार के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। जिले की सभी तहसीलों में उनके समक्ष भी पकड़ न होने का संकट सबसे बड़ा है।

---

## सुनवाई

#### सुनवाई के समय उचित सबमिशन से अपील में सफलता की संभावना बढ़ती है

# फेसलेस प्रक्रिया से अब हो रही सुनवाई, ऐसे में ड्राफ्टिंग मजबूत होना जरूरी

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन और इंदौर सीए शाखा ने आयकर अपील विषय पर सेमिनार किया। इसमें आयकर में प्रथम अपील की तैयारी, स्टे ऑफ डिमांड और पेनल्टी होल्ड विषय पर व्याख्यान दिया गया। यह बताया अब आयकर की प्रथम अपील की प्रक्रिया पूरी तरह फेसलेस हो गई है। अपील में सफलता पाने के लिए ड्रॉफ्टिंग स्किल्स का अच्छा होना जरूरी है।

सीए ने बताया स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट, ग्राउंड्स ऑफ अपील और सुनवाई के समय उचित सबमिशन से अपील में सफलता की संभावना बढ़ती है। अब मौखिक रूप से केस समझाने की व्यवस्था नहीं है, इसलिए खराब ड्रॉफ्टिंग से अच्छा केस भी विफल




हो सकता है। कर निर्धारण आदेश के खिलाफ अपील तकनीकी और मेरिट दोनों आधारों पर की जानी चाहिए। सीए पीडी नागर ने कर निर्धारण आदेश की डिमांड पर स्टे से जुड़े न्यायिक निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा था कि देश में 71 हजार केस आयकर ट्रिब्यूनल, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। 6 लाख से ज्यादा केस कमिश्नर अपील स्तर पर पेंडिंग हैं। इनमें 11.80 लाख करोड़ की डिमांड लंबित है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के अनुसार 43 लाख करोड़ की टैक्स डिमांड पेंडिंग है, जिसमें से 29 लाख करोड़ की डिमांड डाउटफुल है। ऐसे में कमिश्नर स्तर पर अपील की भूमिका अहम हो जाती है। उन्होंने कहा डिमांड की 20 प्रतिशत राशि चालान से जमा करने पर स्टे मिल जाता है। टीपीए प्रेसीडेंट सीए जेपी सराफ ने कहा आयकर अधिनियम 1961 के अनुसार अपील का मतलब है करदाता को लगे उस पर गलत या अनुचित कर लगाया गया है, तो वह याचिका दायर कर सकता है। मानद सचिव सीए ने कहा अपील दायर करने से पहले असेसिंग अफसर के आदेश ध्यान से पढ़ें। अपील में आदेश के सभी बिंदु कवर हो गए, यह सुनिश्चित करना चाहिए। सेमिनार में बड़ी संख्या में सीए मिलिंद वाधवानी, प्रमोद गर्ग, अजय सामरिया, दीपक माहेश्वरी, अभिषेक गांग, नीलेंदु दवे, केके चतुर्वेदी, जीबी अग्रवाल, नीलेश मौजूद रहे।

# फायर सैफ्टी नहीं होने पर ओणम प्लाजा सील

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन और ज्यादा मुस्तैद हो गया है, इसी के चलते तहसीलदार ने एबी रोड स्थति ओण्म प्लाजा सील कर दिया। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के दस जिलो में मॉकड्रिल करवाए जाने के साथ ही सभी जिलों में तीन मंजिला और उससे ऊंची बिल्डिंगों में जांच के निर्देश दिए थे, इसी के तहत कलेक्टर आशीष सिंह ने निगम के साथ ही एसडीएम स्तर के अधिकारियों को भी जांच के आदेश दिए थे। इसी के चलते कई बिल्डिंगों को नोटिस भी थमाए गए थे। उसके बावजूद भी फायर सैफ्टी के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जूनी इंदौर, तहसीलदार शैवालसिंह ने क्षेत्र की बिल्डिंगों की जांच के चलते हुए एबी रोड स्थिति ओणम प्लाजा में आगजनी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं पाए। यहां बेंकवेट हॉल भी संचालित किया जाता है, साथ ही कई कमर्शियल आफिस भी संचालित हो रहे हैं। प्रतिदिन यहां आने वालों की तादाद ज्यादा है। डॉक्टरों के क्लीनिक होने के कारण बच्चों और माताओं का आना जाना भी लगा रहता है।

## ब्रीफ न्यूज

### धनेला में कुए के पास सफाई कार्य किया गया

**मुरैना।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत धनेला उद्वहन सिंचाई योजना पर कुए के पास साफ-सफाई का कार्य किया गया। जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 3 मुरैना के उपयंत्री प्रदीप शर्मा एवं कु. शिवानी तोमर द्वारा 11 अप्रैल 2025 को धनेला उद्वहन सिंचाई योजना पर जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत धनेला में कुए के पास साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी व जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में संबंधित उपयंत्री तथा गणमान्य नागरिकों एवं विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।

### आज शहरी क्षेत्र के अनेकों स्थानों पर विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

**मुरैना।** विद्युत मंडल के प्रबंधक ने बताया कि मेन्टीनेंश कार्य को ध्यान में रखते हुये 11 केव्ही फीडरों से सप्लाई होने वाली विद्युत 13 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक बंद रहेगी। जिसमें कोतवाली फीडर से नेहरू पार्क, रेल्वे स्टेशन, रूई की मंडी, लोहिया बाजार, सदर बाजार, छोटी बजरिया, हनुमान चौराह, पंसारी बाजार, मारकण्डेश्वर बाजार, पुरानी कलेक्ट्रेट के पीछे वाला क्षेत्र, केतवाली पड़ाव, सिकरवारी बाजार, बिहारी जी का पड़ाव, लुहार गली, तेली पाड़ा, कुलियाना मोहल्ले की विद्युत बंद रहेगी। इसी प्रकार गांधी कॉलोनी फीडर से प्रकाश कॉन्वेंट वाली गली, गांधी मैरिज होम, बाल निकेतन रोड़, राधिका पैलेस वाला क्षेत्र, टीआईटी और संपूर्ण गांधी कॉलोनी की विद्युत बंद रहेगी। एसएस सिटी फीडर से गणेशी हॉस्पीटल, जिला पंचायत कार्यालय, एसपी बंगला वाला क्षेत्र, गायत्री कॉलोनी, केशव कॉलोनी, चुंगी नाका, मस्जिद गली, भरबूजा गली, गुलाब गली, सांता बाग, एमएस रोड़, बिजली घर, कोट तिराह की विद्युत बंद रहेगी। कैम्पस फीडर की विद्युत बंद रहेगी और सिटी फीडर से प्यारा होटल, गांधी औषधालय, गर्ल्स कॉलेज रोड़, पुरानी जिला पंचायत क्षेत्र, गोपीनाथ की पुलिया, पंचायती धर्मशाला, कदम सिंह वाली गली, मिल एरिया, माहौर कॉलोनी सहित सब्जी मंडी आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### गंजरामपुर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**मुरैना।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में सांतवे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना व सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव के नेतृत्व में डीपीएम दिनेश तोमर की उपस्थिति में गंजरामपुर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें सभी को पोषण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। गर्भवती दीदियों को सुनहरे 1000 दिन के महत्व के बारे में बताया गया, गर्भ का पता चलते ही सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर पंजीयन करवाना है एवं आंगनबाड़ी दीदी एवं आशा दीदी द्वारा बताए गए नियमों का पालन करना है। समय-समय पर जांच अनिवार्य रूप से कराना है, गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण आहार एवं आयरन कैल्शियम की गोली का सेवन करना है, हर घर में पोषण वाटिका स्थापित करना है। जिसमें घर पर ही ताजी हरी सब्जियां मिल सके। हमें अपने खाने में हरी सब्जी, सलाद, दूध आदि खाने चाहिए, जिससे कि गर्भ में पल रहा बच्चा स्वस्थ हो सके माता में एनीमिया न हो पाए। जन्म के 6 माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही देना चाहिए। पानी, शहद या अन्य चीज नहीं देनी चाहिए।

# संकट कटे मिटा सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा के स्वर से गूंजे हनुमान मंदिर

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में हुए सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, हवन यज्ञ और भंडारे

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान की जयंती शनिवार को श्रद्धा भक्ति एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही भक्ति दर्शनों के लिए पहुंचने लगे तथा पूजा अर्चना कर सुंदरकांड हनुमान चालीसा के पाठ किया और हवन यज्ञ कर भंडारे आयोजित किए।

सुबह से ही जिला मुख्यालय पर स्थित प्रसिद्ध घिरोना हनुमान मंदिर, 12 फुटा हनुमान मंदिर, बगिया वाले हनुमान मंदिर, हनुमान चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, शिकारपुर नहर स्थित डबल हनुमान मंदिर, जीगनी स्थित बालाजी मंदिर, करह धाम हनुमान





मंदिर, कलेक्ट्रेट स्थित हनुमान मंदिर, बड़ोखर हनुमान मंदिर आदि पर सुबह से ही भक्त फूल माला, चोले की सामग्री लेकर पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। लोगों द्वारा मंदिरों में लड्डू, केले, चना इलायची दाने आदि का प्रसाद चढ़ाया गया एवं श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की गई। अनेक मंदिरों पर भक्त घंटो सुंदरकांड हनुमान चालीसा पढ़ते देखे गए। कई स्थानों पर सुबह से ही सुंदरकांड के पाठ भव्य संगीत के साथ शुरू हो गए और भक्तों ने जमकर उत्साह के साथ भाग लिया।

### फूल माला के दाम पहुंचे आसमान पर

शनिवार को हनुमान जयंती के चलते फूल माला की डिमांड अधिक थी, जिसके चलते फूल बेचने वाले दुकानदारों द्वारा उनके धाम बढ़ा दिए गए और माला 40-50 रुपए तक बेची गई स फूलमाला की डिमांड इतनी थी कि दोपहर होते-होते अधिकांश फूल विक्रेताओं के फूल समाप्त हो गए और फिर से उन्हें मंगवाने पड़े।

### बूंदी और केले की जमकर हुई बिक्री

हनुमान जी को भोग लगाने के लिए मिठाइयों की दुकान पर शुक्रवार की शाम से ही ऑर्डर लगने लगे और तमाम दुकानों पर सुबह से ही बूंदी के थाल नजर आने लगे। भक्तगण 1 किलो से लेकर 10 किलो तक बूंदी खरीदते नजर आए तो वहीं केले की बिक्री इतनी जबरदस्त रही कि दोपहर होते-होते केला पूरी तरह साफ हो गया।

# बुधारा गांव से प्रेमी के साथ भागी लड़की बरामद, बन स्टॉप सेंटर के हवाले

## लड़की पक्ष ने वन स्टॉप सेंटर की अधिकारी पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शासन द्वारा नाबालिक एवं बालिग लापता लड़कियों की सुरक्षा, गोपनीयता एवं आपसी सामंजस्य से लड़की को उचित स्थान पर भेजने के लिए वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की है, लेकिन मुरैना का वन स्टॉप सेंटर भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है, जहां अब लोगों से वसूली की जा रही है। यह आरोप एक पीड़ित माता-पिता एवं बघेल समाज के अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेंटर की कर्मचारी पर लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पोरसा थाना अंतर्गत बुधारा गांव की एक बालिग 20 वर्षीय लड़की का संबंध उसके माता-पिता ने दिल्ली तय कर दिया था और गोद भराई का कार्यक्रम भी हो गया। इस दौरान लड़के ने 20000 का मोबाइल भी दे दिया तथा परिवार वालों द्वारा बनवाए गए जेवर लेकर वह अपने प्रेमी हरेंद्र रावत निवासी बुधारा के साथ 15 दिन पूर्व भाग निकली।



उक्त घटनाक्रम के बाद पीड़ित माता-पिता ने पोरसा थाने में पुलिस को आवेदन दिया। पुलिस द्वारा लड़की को बरामद करने के लिए लड़के के परिवार वालों पर दबाब बनाया गया और लड़का और लड़की को बरामद किया गया। इसके बाद लड़की को वन स्टॉप सेंटर मुरैना भेज दिया गया। बताया जाता है कि दोनों ने एग्रीमेंट कर विवाह कर लिया है। पिछले 4 दिन से माता-पिता लड़की से मिलने के लिए वन स्टॉप सेंटर पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा। अखिल भारतीय बघेल समाज के अध्यक्ष बबलू सिंह बघेल ने आरोप लगाया है कि वन स्टॉप सेंटर में पदस्थ ज्योति मैडम द्वारा लड़की के पिता से लड़की को उनके साथ भेजने के ऐवज में 50,000 रूपए की डिमांड की और जब उन्होंने 10,000 रूपए दिए तो कहा कि एक मुस्त पूरे रुपए दीजिए, तभी आपको सहयोग कर पाऊंगी। लड़की के पिता से रुपए लेने के बाद भी माता-पिता को नहीं मिलने दिया गया। बबलू सिंह ने आरोप लगाया है कि उक्त मैडम द्वारा लड़का पक्ष से मोटी रकम ले ली गई है और उसे फोन कर आवेदन लेकर बुला लिया गया, लेकिन हरेंद्र रावत आवेदन लेकर वहां नहीं पहुंचा तथा दो अन्य लड़के उसकी जगह आए, जिन्हें अंदर प्रवेश दे दिया गया, जबकि अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश वर्जित है। बघेल समाज के अध्यक्ष बबलू सिंह एवं लड़की के माता-पिता ने आरोप लगाया कि उनसे 50,000 रूपए भी ले लिए और लड़की को हमारे साथ नहीं भेजा जा रहा, जिस पर वन स्टॉप सेंटर पर लड़की पक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा दोनों पक्षों को थाने ले आई।

# अंबाह चुंगी पर हुए हत्याकांड में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिक भी शामिल



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के अंबाह थाना क्षेत्र में चुंगी नाका पर 9 अप्रैल की देर शाम हुई गैंगवार में अजय तोमर की हत्या करने वाले 5 नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा दो दिन के अंदर नितिन तोमर एवं दो नाबालिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

उक्त हत्याकांड के बाद एसडीओपी अम्बाह रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी अम्बाह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास के स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। मुखबिर की सूचनाओं पर आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु उनके निवास स्थानों पर दबिश दी गई। कड़ी मेहनत के फलस्वरूप मुखबिर की सूचना के आधार पर उक्त घटना में शामिल आरोपी नितिन तोमर एवं 2 बाल अपचारियों को घटना के 02 दिन के भीतर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उक्त गिरफ्तारशुदा आरोपी एवं पुलिस अभिरक्षा में लिए गए 02 बाल अपचारियों से घटना में प्रयुक्त हथियार एवं घटना में शामिल अन्य आरोपी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल को फरियादी आर्यन उर्फ ओम तोमर पुत्र वीरपाल सिंह तोमर उम्र 18 वर्ष निवासी अझेडा हाल मिडेला चुंगी एक्सीलेंस स्कूल के पास अम्बाह द्वारा रिपोर्ट की गई कि 6 नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपीगण द्वारा जान से मारने की नीयत से उसकी व उसके भाई की मारपीट कर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें उसके बड़े भाई अजय तोमर की मृत्यु हो गई।

# कटीबरी मंदिर में लगा मेला, बगिया वाले हनुमान मंदिर में सजे फूल बंगला, छप्पन भोग



सत्ता सुधार ■ जौरा

हनुमान जयंती को लेकर शनिवार को कस्बे के मंदिरों में संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमाओं पर चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार किया गया, वही एम.एस रोड स्थित कटीवरी सरकार के नाम से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर मेला लगा व मंदिर को भव्य फूलों से सजाया गया स पुराना जौरा स्थित प्राचीन मन्दिर बगिया वाले हनुमान मंदिर पर फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग लगाए गए। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरो में सुबह से देर शाम तक हनुमान जी के भक्तों ने अगरबत्ती दीपक जलाकर प्रसाद चढ़ाया व सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर संकट मोचन हनुमान जी की आराधना की। इसके अलावा कई मंदिरों पर अन्नकूत प्रसादी वितरण की गई। ज्ञात हो कि हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन को पूरे भारत में हनुमान जयंती के नाम से जाना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार यानी संकटमोचन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमान जी के भक्तजनों द्वारा पूरे विधि-विधान से श्रीराम भक्त हनुमान जी की उपासना की जाती है। मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी की पूजा-अर्चना करना भक्तों के लिए फलदायक होता है। शनिवार सुबह से ही कस्बे के सदर बाजार स्थित मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान, बगिया वाले हनुमान, मानपुर स्थित बाबरी वाले हनुमान मंदिर, प्राचीन राम मंदिर एम एस रोड स्थित, कटीबरी हनुमान मंदिर सहित बागचीनी में नीलगिरी हनुमान मंदिर पर देर रात तक दर्शन करने के लिए भक्तजनों की भीड़ लगी रही, वही कटीबरी मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया।

# अनमोल 2.0 पोर्टल से हो सकेगी हर गर्भवती महिलाओं की हेल्थ ट्रेकिंग

**मुरैना।** प्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग अब हर गर्भवती महिला की हेल्थ टेकिंग करेगा। इसके लिए विभाग ने अनमोल पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है। ब्रेकिंग के लिए विभाग को मैदानी अमले के साथ शासकीय अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की एंट्री अनमोल 2.0 पोर्टल पर की जाएगी। अनमोल 2.0 पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं कि जानकारी जैसे ही ए.एन.एम, सी.एच.ओ और अस्पताल द्वारा दर्ज कि जाएगी, वैसे ही ए.एन.एम से लेकर भोपाल में बैठे अधिकारियों को उसका पूरा हेल्थ डेटा दिखने लगेगा। डेटा में गर्भवती महिला की कौन-2 सी जांच हुई है और उसे कहां के लिए रेफर किया गया सहित सभी जानकारी दर्ज होगी। पोर्टल 2.0 में गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रैक और प्रबंध करने के लिए विकसित किया गया है, जिससे सुविधा होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बताया है कि अनमोल आर.सी.एच पोर्टल विभाग द्वारा संचालित एक डिजिटल प्लेटफोर्म है। इसे अपग्रेड किया गया हैं। अनमोल आर.सी.एच पोर्टल पर दर्ज डाटा के आधार पर जननी सुरक्षा योजना और प्रसुति सहायता योजना के अतंर्गत सहायता राशि के समग्र आई.डी. से जुडे आधार लिंक बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ व अतंरण डीबीटी करना सरल होगा। इसके लिए सभी हेल्य वकर ए.एन.एम. सी.एच.ओ एवं अन्य सभी स्वास्थ्य कर्ताओं को ट्रेनिंग दी जा रही है।

# गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चलाया सफाई अभियान

सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

नदी तालाब जैसे जलाशयों की सफाई व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 30 मई तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर ग्राम प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा और महिला बाल विकास परियोजना सबलगढ़ सेक्टर झुण्डपुरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका के सहयोग से जल संरक्षण के अन्तर्गत जागरुकता लाने के लिए जल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए जल स्त्रोतों के आसपास कचरा बोतल प्लास्टिक पन्नी उठाकर सफाई अभियान चलाया गया।



नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा में झुण्डपुरा सेक्टर प्रभारी धर्मेन्द्र राठौर द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि हमें जन-जागरूकता लाना है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़े, श्रमदान कर जल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाकर अभियान को सफल बनाना है। इस अवसर पर जल संरक्षण और साफ सफाई की शपथ दिलाई गई। ज्योति शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है, हमें जल संसाधन का संरक्षण करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी में जागरूकता के लिए अभियान चलाकर जन सहयोग से जलाशयों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राजकुमारी जगा, ज्योति शर्मा, गोपाली मीणा, रुबी वर्मा, ममता जाटव, माया कुशवाहा, जानवी शर्मा व नगर के ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# टीएसएस स्कूल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव व बैसाखी पर्व

सत्ता सुधार ■ मुरैना

हनुमान जयंती के अवसर पर टी.एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल मुरैना में हनुमान जन्मोत्सव एवं बैसाखी सेलिब्रेशन का हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बल, बुद्धि, विद्या, अष्ट सिद्धियां एवं नव निधियां इनको प्रदान करने वाले श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का लयबद्ध तरीके से पाठ किया।




जिसमें पूरे भक्ति भाव एवं आनंद के साथ छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया।इस मौके पर हनुमान जन्मोत्सव के साथ-साथ बैसाखी सेलिब्रेशन का भी आयोजन हुआ। विदित हो कि पंजाब और उत्तर भारत में विशेष रूप से बैसाखी पर्व को मनाया जाता है। नई फसल आने के मौके पर इसे मनाया जाता है। इस अवसर पर पंजाबी लोकगीत और पंजाबी लोक नृत्य आदि कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए। इसमें भांगड़ा, गिद्दा आदि को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में विघालयप्राचार्य ने इस पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं को हनुमान जन्मोत्सव एवं बैसाखी के पर्व की शुभकामनाएं दी एवं उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में महामासिक मिलन आयोजित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में महामासिक मिलन का आयोजन मुरैना में जैन मिलन महिला राजुल, जैन मिलन महिला मुरैना, जैन मिलन महिला वर्धमान, जैन मिलन पुरुष और जैन मिलन बालिका मुरैना द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। इस दौरान 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक को बहुत धूमधाम से मनाया गया। बड़ा जैन मंदिर मुरैना में शाम को सर्वप्रथम आरती तत्पश्चात 48 दीपकों से भक्तांबर पाठ का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़े जैन मंदिर के अध्यक्ष अनिल जैन, मंत्री विनोद जैन, लोहिया बाजार मंदिर के अध्यक्ष शेखर जैन, मंत्री अमर जैन, महिलाओं मैं समाज की वरिष्ठ श्रीमती मुन्नी साउला तथा पालीवाल महासभा की राष्ट्रीय संयोजिका करुणा जैन को सम्मानित कर शीतल पेय का वितरण सकल समाज में किया गया। विदित हो कि महावीर जयंती की पावन अवसर पर विगत कई दिनो से कार्यक्रम किया जा रहे हैं, जिसमें कीर्ति स्तंभ पर जाकर दीप प्रज्वलित करना, रैली में सभी सदस्यों का शामिल होना एवं 11 तारीख को महामासिक मिलन का आयोजन तथा पालना झुलाना एवं बधाई के कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। इस अवसर पर विशेष रूप से भारतीय जैन धर्म के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिल्पी जैन, संयोजक ग्रुप ई संजय कुमार जैन, संयोजक सरिता जैन, रेनू जैन, आशिमा जैन, सपना जैन, बबिता जैन, लेना जैन, सुप्रिया जैन, अंजलि जैन, मनीष जैन, वीरेंद्र जैन, राजकुमार जैन, रूबी जैन, शोभना जैन, सरिता जैन, प्रीति जैन, दीक्षा जैन, साक्षी जैन आदि सहित सभी शाखओं से महिलाएं व पुरुष एवं बालिकाएं मौजूद रहीं।

## ब्रीफ न्यूज

### संकटों को दूर करती है राम कथा आयोजन होते रहना चाहिए : राय



**सीहोर।** कंचन विहार विश्वनाथ पुरी कॉलोनी क्षेत्र वासियों के द्वारा आयोजित नो दिवसीय संगीतमय राम कथा में गुरुवार की रात विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रही श्री राम कथा के वाचक संत श्री उद्धव दास महाराज को फूल माला पहनाकर श्रीफल शॉल भेंट कर विधायक सुदेश राय ने संत श्री का आशीर्वाद लिया। संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक सुदेश राय का स्वागत किया। स्वागत के प्रति उत्तर में विधायक सुदेश राय ने राम कथा के मंच से कहा कि राम कथा संकट और कष्ट को दूर करती है। रामचरितमानस की चौपाइयां हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। सनातन धर्म के नागरिकों की जागरूकता के लिए शहर में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए। विधायक सुदेश राय के साथ पूर्व भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीताराम यादव व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन और संकट मोचन हनुमान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### ज्योतिबा फुले नहीं होते तो आज का भारत नहीं होता : दोहरे



**सीहोर।** शिक्षा के अग्रदूत महामना ज्योतिबा फुले जयंती के मोके पर बाबा साहेब अंबेडकर धर्मशाला मैं कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शिक्षा के अग्रदूत कहे जाने वाले ज्योतिबा फुले जी के संघर्ष को याद करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के रूप में कमलेश दोहरे पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा महात्मा फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह गरीब माली परिवार से होने के बावजूद भी उन्हें समाज की से अशिक्षा को दूर करने के लिए 52 स्कूल खोले और अपनी पत्नी को भी पढ़ाया लिखाया और उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में स्थापित किया ,फुले दंपत्ति अगर नहीं होते तो हम वर्तमान भारत जो देख रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के नेता नरेंद्र खंगराले जी ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस मौके पर प्रमुख रूप से हरिओम बौद्ध धनराज सिंह थरेले, नीरज जाटव, कृष्णा सूर्यवंशी ,गेंदालाल सूर्यवंशी,शुभम कचनारिया, महेश सूर्यवंशी, लाड़ सिंह बौद्ध नवीन महोबिया, कपिल चौधरी, विक्की महोबिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आभार बहुजन उत्सव समिति के अध्यक्ष धनराज सिंह थरेले द्वारा किया गया।

### विकास कार्यों की समीक्षा की कलेक्टर ने संचालित

**हरदा।** आयोजित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के साथ-साथ हरदा, टिमरनी, खिरकिया और सिराली नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री शहरीय आवास योजना, अमृत 2.0 योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# पहले ही प्रयास में एनडीए फतह पुलिस अधीक्षक शहडोल ने किया सम्मानित

## एएसआई रामराज पाण्डेय के पुत्र ने बढ़ाया मान, भारतीय वायुसेना में हुआ चयन

अमर श्रीवास्तव ■ शहडोल

एएसआई श्री रामराज पाण्डेय (कोतवाली शहडोल) के सुपुत्र श्री अभिनव पाण्डेय ने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

**शैक्षणिक पृष्ठभूमि:** प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 10 तक कन्वेन्ट स्कूल, शहडोल से प्राप्त की। कक्षा 11 वीं एवं 12वीं की शिक्षा एपीएस स्कूल, कोटा (राजस्थान) से पूर्ण की।

अभिनव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस परिवार सहित पुलिस अधीक्षक, शहडोल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जो पूरे विभाग और जिले के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता यह दर्शाती है कि अनुशासन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। अभिनव पाण्डेय अब देश की सेवा के लिए भारतीय वायुसेना में उड़ान भरने को तैयार हैं।

पुलिस परिवार सहित सम्पूर्ण शहडोल वासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।



### परीक्षा विवरण

- **परीक्षा तिथि:** 01 सितम्बर 2024 (NDA 2, 2024)
- **फाइनल रिजल्ट:** 11 अप्रैल 2025
- **चयनित कैडर:** भारतीय वायुसेना (Air Force) - Flying Officer के रूप में चयन।

# रोजाना लग रहा मंडी के सामने मुख्य मार्ग पर जाम

## मंडी में अव्यवस्था विधायक प्रतिनिधी पाटिल मंडी से नदारत

सत्ता सुधार ■ हरदा/खिरकिया

कृषि उपज मंडी खिरकिया की हालत बद से बत्तर हो रही है। अव्यवस्थाओ और असुविधाओ का अब्बार लगा हुआ है। तपती धूप में किसान परेशान हो रहे है। अपनी उपज मंडी प्रांगण में लगाने के लिये उन्हे काफी जहोददत करनी पड रही है। संजय नामदेव का कहना है कि रोजाना खिरकिया मुख्य मार्ग पर कृषि उपज मंडी के बाहर लंबा जाम लगना यह अब खिरकिया में एक आम बात हो गई है। इसके चलते मंडी में अपनी उपज बेचने आये किसान तो घंटो लाइन में लगने की समस्या तो झेल ही रहे है पर उनसे कही ज्यादा तकलीफ उस क्षेत्र के व्यापारी बंधुओ के लिये हो गई है। क्योंकि रोड पर जाम के कारण उन्हे इसका खामियाजा भुगतना पडता है। दोनों और जाम की स्थिति के चलते उनकी दुकानों पर आने वाले ग्राहक भी खासे परेशान हो रहे है। यहां तक की उन्हें दुकानों के आगे तक वाहन मोटरसाईकल खडा कर दुकानों में जाने तक का रास्ता भी नही मिल पाता है। इस समूचे मामले में मंडी के जबावदार जनप्रतिनिधियो की उदासिनता जाहिर हो रही है।

### विधायक प्रतिनिधी पाटिल रहते है मंडी परिसर से नदारत

क्षेत्रीय विधायक डॉ आर के दोगने ने कृषि उपज मंडी खिरकिया में अपने विधायक प्रतिनिधी के रूप में दुर्गादास पाटिल को नियुक्त किया है। नियुक्ति के समय खुद विधायक डॉ.दोगने द्वारा कृषि उपज मंडी में आकर उन्हे नियुक्ति पत्र सौंप कर कृषि उपज मंडी के अधिकारी कर्मचारियों से रूबरू करा उनके प्रतिनिधी के रूप में उनका परिचय कराया था। लेकिन अब देखने में यह प्रतीत हो रहा है कि श्री पाटिल विधायक की अपेक्षाओ पर तो कहा तक खरा उतर पा रहे या विधायक जी ही जाने लेकिन खिरकिया कृषि उपज मंडी में उनकी कार्यप्रणाली या यह कहे की उनके दायित्व के प्रति उनकी कौतहाली का भुगतान खिरकिया कृषि उपज मंडी में आने वाले कृषको को उठाना पड रहा है। खिरकिया ब्लाक की जनता ने विधायक डॉ दोगने को बोट के रूप में भरपूर आशिर्वाद दिया। लेकिन उनके यह प्रतिनिधी अपनी साख के साथ साथ विधायक की साख को भी बंटटा लगा रहे है। क्योकि विधायक के पास तो और अनेक कार्य है उन कार्यो की व्यस्तता के चलते आम जन परेशान न हो इस हेतू ही शासकीय विभागो में विधायक प्रतिनिधी के रूप में इन जन प्रतिनिधियो की नियुक्ति की जाती है। लेकिन खिरकिया में इसका कोई भी नजर आमजनता के हित में देखने को नही मिल रहा है। ऐसा नही है कि पूर्व में कृषि मंडी में विधायक प्रतिनिधि नही रहा हो विधायक प्रतिनिधि के रूप में ललित पालीवाल भी कार्यकाल निभा चुके है। वर्तमान में मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओ के चलते अब मंडी परिसर में आने वाला किसान श्री पालीवाल को उनके कार्यो की जबावदेही और मंडी में किसानो के हित में किये गये उनके कार्यो के लिये याद कर रहा है। घंटो लाइन में रहने वाले किसान विष्णुप्रसाद रामदयाल, मोहित, गंगाराम, राजा पटेल, रामशंकर, हरेसिंह, मनोहरलाल सहित अन्य किसानो अब कह रहे है की विधायक प्रतिनिधी का चेहरा मंडी में देखने तक को नही मिल रहा है। लेकिन उनकी फोटो प्लेक्स पर चिपकी हुई मंडी के गेट पर जरूर दिख जाती है।




### इनका भी कहना है

हमने अपने कार्यकाल में बेहतर से बेहतर व्यवस्था किसानों व्यापारियो ओर हम्माल तुलावटी भाईयो को देना चाही ओर कई हद तक हम सफल भी हुये सीजन का समय हो या बगैर सीजन में अधिकतम 15 से 20 दिनो में मंडी के कर्मचारियो अधिकारियो के साथ बैठक लेकर व्यवस्थाओ पर ऑकलन कर असुविधाओ पर विचार कर व्यवस्था बनाने के लिये भारसाधक अधिकारी से विमर्श कर मंडी के कर्मचारियो से कार्य कराते थे। यहां तक की सीजन पर गार्डो के साथ मंडी के गेट पर हमने यातायात व्यवस्था भी बनाई थी।
**ललित पालीवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधी, कृषि उपज मंडी खिरकिया।**

विधायक का काम नहीं है व्यवस्था बनाना केवल बैठक अटेंड करना।
**डॉ. आर.के. दोगने, विधायक, हरदा विधान सभा क्षेत्र।**



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई, दिखवाकर कार्यवाही करवाता हूं।
**रमेश धुर्वे, सचिव, कृषि उपज मंडी खिरकिया।**

# प्रदेश एवं संसदीय क्षेत्र की सुख, समृद्धि, खुशहाली के लिए सांसद पाटिल द्वारा की गई नर्मदा परिक्रमा पूर्ण



### परिक्रमा पूर्ण होने पर मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ के किए दर्शन

सत्ता सुधार ■ खंडवा/ ओंकारेश्वर

त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे,, खंडवा बुरहानपुर क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा क्षेत्र की सुख शान्ति व समृद्धि एवं नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर प्रारंभ की ''नर्मदा परिक्रमा'' का शुक्रवार को समापन हुआ, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा 6 दिन पूर्व मां नर्मदा की पूजा अर्चना एवं भोले बाबा के दर्शन पूजा अर्चना के पश्चात नर्मदा परिक्रमा आरंभ की थी, परिक्रमा पूर्ण होने पर शुक्रवार को दोपहर में सांसद श्री पाटिल ने ओंकारेश्वर गोमुख घाट पर मां नर्मदा जी की पूजन -आरती व श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग व ममलेश्वर जी का जलाभिषेक कर परिक्रमा का समापन किया। सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि मैया सबका कल्याण करने वाली है माता के दर्शन मात्र से ही हमें सुख शांति की प्राप्ति होती है,नर्मदा मैया ने लोक के शाश्वत स्वर को, लोक आस्था, लोक मान्यताओं को, लोक संस्कृति और लोक संस्कार को उज्वल किया है। आपने परिक्रमा के दौरान देखा कि मैया के तट पर कोई भूखा नहीं सोता। मैया हर क्षण अपने भक्तों का ध्यान रखती है।माँ नर्मदा सिर्फ सरिता नहीं, संस्कृति की पावन कविता है। इसकी लहरों में वेदों की वाणी है और बूंद-बूंद कल्याणी है। नर्मदा मैया न सिर्फ हमारे खेतों की प्यास बुझाती हैं बल्कि हमारी आत्मा को भी तृप्त करती हैं। मईया की अमृत धारा और विस्तृत आंचल लोक के उत्थान, अंतस के कल्याण, चिंतन तथा चेतना के परिष्करण की प्रेरणा से परिपूर्ण है।

अनंत काल से अपने अविरल अमृत प्रवाह से अनेक संस्कृतियों और संपूर्ण मानवता को परिपोषित करने वालीं नर्मदा मैया सबका मंगल करें, सबका कल्याण करें; सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि मुझे परिक्रमा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां सभी का कल्याण करें एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली सदैव बनी रहे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया समापन अवसर पर सांसद श्री पाटिल के साथ भीमकुंड वाले बाबा दुर्गानंद, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, राजेंद्र सिंह सोलंकी हरीश कोटवाले,मुकेश तनवे , सुनील जैन श्याम मौर्य, चंद्रेश पचौरी, दिग्विजय सिंह तोमर सागर आरतानी, कपिल अंजने, ललित मंडलेकर दिवाकर तिवारी सहीत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयासों से ग्राम रेलवां में विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत



**हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने के अथक प्रयासों से ऊर्जा विभाग द्वारा हरदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेलवां में 132/33 के.व्ही. विद्युत सबस्टेशन स्वीकृत किया गया है। विनय मालवीय ने बताया कि उक्त कार्य की अनुमानित लागत 70 से 80 करोड़ है और इसके लिए 8.50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। जिसका निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होगा। यह जिले को मिली बड़ी सौगात है। ग्राम रेलवां में विद्युत सबस्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जिले में होने वाली कम वोल्टेज की समस्या से खत्म हो जावेगी । इससे जिले में आ रहे उद्वहन सिंचाई के प्रोजेक्ट एवं ईलाप सिंह सिंचाई परियोजना को भी फायदा होगा। डॉ. दोगने द्वारा कहा गया है कि कमल पटेल जब पद पर थे तब उनके द्वारा कोई विकास कार्य नहीं किए गए थे। जिसके कारण क्षेत्र की जनता ने उन्हे नकार दिया और अब जब मेरे विधायकीय कार्यकाल के दौरान जिले में विकास कार्य हो रहे है। वह फर्जी भूमि-पूजन व लोकार्पण कर विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने में लगे हुए है और विकास कार्यो को बाधित कर रहे है। यदि कमल पटेल सच्चे जनसेवक है तो उन्हे विकास कार्यों को बाधित करने की वजह विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए। जिससे की कार्य समय पर पूर्ण हो सके और क्षेत्र की जनता को विकास कार्यों का लाभा मिल सके। हरदा जिले को मिली सबस्टेशन की बड़ी सौगात के लिए समस्त क्षेत्रवासियों एवं कांग्रेसजनों द्वारा डॉ. दोगने का आभार व्यक्त किया गया है।

# मध्यप्रदेश मीडिया संघ का पत्रकार सम्मेलन आज

### म.प्र.शासन के मंत्री गौतम टेटवाल सहित सांसद, विधायक होगें शामिल



सत्ता सुधार ■ सीहोर

संगठित पत्रकारों के प्रति अगाध समर्पित, म.प्र. मीडिया संघ का एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन सीहोर में वृद्ध स्तर पर पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम टेटवाल मंत्री तकनिकी शिक्षा कोशल विकास एवं रोजगार विभाग म.प्र. शासन भोपाल अध्यक्षता जयवंत ठाकरे , प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. मीडिया संघ भोपाल विशेष अतिथि आलोक शर्मा सांसद लोकसभा भोपाल, सुदेश राय विधायक सीहोर, गोपाल इंजीनियर विधायक आष्टा, प्रिंस विकास राठौर नगरपालिका अध्यक्ष, सीहोर, नरेश मेवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष सीहोर,अति विशिष्ट अतिथि बी.डी. बैरागी प्रदेश कार्यालय वित्त एवं एकाउंट सेक्शन प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल, डॉ. अजय पटेल प्रख्यात समाजसेवी, सीहोर इच्छावर, कार्यक्रम सम्पन्न की बेला पर- स्नेह भोज में सम्मालित होने का भी अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम स्थल आवसीय खेल कंद स्कूल, भोपाल नाका, सीहोर, दिनांक 13 अप्रेल 2025, रविवार, समय- दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, मीडिया संघ के मुख्य संरक्षक के.जी.बैरागी, कार्यक्रम आयोजक नितिन जोहरी जिला अध्यक्ष मीडिया संघ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजु विश्वकर्मा, महासचिव सक्षम पालिवाल ने बताया कि मीडिया संघ जो जिले में बड़े संघठन के रूप में कार्य कर रहा है, जहाँ पत्रकारों की जन समस्या, पत्रकार सुरक्षा कार्नल, जनता की आवाज ऐसे कई अभियान चलाकर गरीब निर्धन अन्य को शासन की योजना का लाभ एवं जनभागीदारी कार्य में मीडिया पत्रकार संघ अग्रसर रहता है। इसी तारतम्य में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन रखा गया है, जहाँ अतिथिगणों के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अपनी कलम की ताकत से अलग पहचान बनाने वाले पत्रकारों का सम्मान किया जावेगा।



### जन समर्थन से जल जागरुकता का महाअभियान बना 'जल गंगा संवर्धन अभियान' : विधायक

**शहडोल।** जयसिंहनगर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत छुदा पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय के बॉउंड्री वाल का भूमि पूजन डीएमएफ मद से 20 लाख की लागत राशि का ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा भूमि पूजन किया गया। स्थानीय लोगो द्वारा उक्त विकास निर्माण कार्य प्रारम्भ किए जाने से अत्यंत हर्ष व्यक्त किया गया मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनभागीदारी के सहयोग से जल संरक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत टेटका में ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा सहभागिता हुई जिसमे नदी पर बोरी बंधान का श्रम दान स्थानीय नागरिकों की मदद से किया गया। जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन भागीदारी से विशेष अभियान जनपद जयसिंहनगर के ग्रामीण क्षेत्रों पर किया जा रहा है। विधायक शरद कोल द्वारा आम जनमानस व राहगीरों के लिए टेटका बस स्टैंड पर निःशुल्क पेयजल आपूर्ति हेतु अनुकरणीय व्यवस्था की गई जिससे राहगीरों को इसका लाभ मिलेगा। उक्त कार्यक्रम पर मुख्य रूप से ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयसिंहनगर अशोक मरावी जनपद सदस्य स्मृतिरानी पटेल, रामप्रसाद पयासी ग्राम पंचायत सरपंच छुदा संजू सिंह कंवर, ग्राम पंचायत टेटका सरपंच विद्याबाई सिंह सचिव राजेंद्र सिंह, टेटका सचिव संजीव तिवारी रोजगार सहायक चंद्रप्रकाश गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी,पेसा मोबिलाइजर एवं अन्य प्रबुद्ध जन सामाजिक कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# उरांव जनजाति समुदाय मनाता है सरहुल महोत्सव साल की पूजा के साथ शुरू होता है महोत्सव



सत्ता सुधार ■ शहडोल

उरांव जनजाति समुदाय में प्रकृति एवं वृक्षों की पूजा का विशेष महत्व है। उरांव जनजाति के लोग सरहुल पर्व के माध्यम से साल वृक्ष की पूजा से इस त्यौहार की शुरूआत करते हैं प्रकृति पूजा का द्योतक है सरहुल महोत्सव जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, खासकर उरांव जनजाति के लिए। उरांव जनजाति प्रकृति की पूजा करती है और सरहुल त्यौहार के दौरान वे साल के पेड़ की पूजा करते हैं।

यह पर्व चौत्र मास शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा (एक्ति) से लेकर पूर्णिमा तक अपनी सुविधानुसार नव वर्ष के आगमन पर अपने घर परिवार स्वजन तथा गांव देश सबकी खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना करते हुए साल के पेड के पास हमारे प्रत्यक्ष देवों के जो हम सीधे तौर से पालित पोषित एवं संरक्षित हैं जो हमारे वातावरण में विद्यमान सूर्य, चन्द्र, नदी, तालाब, जंगल, और धरती माता की पूजा करते है,परंपरा के अनुसार, सरहुल पृथ्वी और सूर्य के बीच विवाह का भी प्रतीक है,यह कुडुख और सदान समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, कुडुख के बीच,इसे खद्दी ( कुडुख भाषा में जिसका अर्थ ष्फूलष् है) के नाम से जाना जाता है। सरहुल त्योहार पर्यावरण की रक्षा का मैसेज भी देता है। इस दिन लोग नदी, तालाब, जंगल और धरती माता की पूजा करते हैं और उनके संरक्षण का वादा करते हैं। सरहुल पर्व, प्रकृति की पूजा का त्योहार है. यह आदिवासी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है. यह पर्व, प्रकृति और जीवन के बीच संतुलन का प्रतीक है।

शहडोल, उमरिया, कटनी एवं अनूपपुर के उरांव जनजाति के लोगों द्वारा जिला मुख्यालय उमरिया के स्थित सगरा मंदिर के सामुदायिक भवन में उरांव जनजाति समुदाय का सरहुल पर्व आयोजित किया गया जिसमे के उरांव जनजाति समुदाय के लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया आयोजन की शुरुआत पीपलेश्वर शिव धाम में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर की गई,उरांव जनजातीय समुदाय ने अपने परम्परागत तरीके के साल के वृक्ष की पूजा की और आगामी साल भर के लिए खुशहाली की कमाना की, इस अवसर पर सामुदायिक भवन में जनजातीय समुदाय का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जनजाति समुदाय के पुरुष एवं महिलाओं ने अपने पारंपरिक वेष भूषा में पारंपरिक वाद्य यंत्र मादर के साथ अपने सामाजिक नृत्य और गीत संगीत की प्रस्तुति दी, सहभोज के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में उरांव समाज शहडोल के अध्यक्ष अध्यक्ष देवनारायण तिर्की उमरिया अध्यक्ष मोहर साय भगत,सचिव अजय भगत,उपाध्यक्ष ममता भगत,महिला संगठन अध्यक्ष संजीता भगत एसडीएम उमरिया कमलेश राम नीरज समेत जनजातीय समुदाय के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**सुविधा** — श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर प्रशासन का सराहनीय निर्णय

# ओंकारेश्वर मंदिर में भक्तों के लिए भोजन व्यवस्था का समय बढ़ाया गया

सत्ता सुधार ■ खंडवा/ ओंकारेश्वर

ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन के लिए प्रतिदिन दूर-दूर से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को अब भोजन प्रसादी प्राप्त करने में और अधिक सुविधा मिलेगी। ओंकारेश्वर मंदिर समिति द्वारा संचालित ओंकार भोजन प्रसादालय में अब सुबह और शाम दोनों समय की भोजन व्यवस्था का समय बढ़ा दिया गया है।

नई समय-सारणी के अनुसार, अब भक्तों को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक भोजन उपलब्ध रहेगा। मंदिर समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं एसडीएम शिवम प्रजापति ने बताया कि श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दोपहर का भोजन केवल 12:30 से 3 बजे तक ही उपलब्ध था और शाम का भोजन 7 से 9 बजे तक। लेकिन अब भक्तों को सुबह से ही प्रसादी का लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें दर्शन के बाद भोजन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

इसके साथ ही भोजन व्यवस्था की अतिरिक्त जिम्मेदारी मनोज त्रिवेदी को सौंपी गई है, जो पूर्व से ही मंदिर व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भूपेंद्र चौहान के साथ वे भोजन प्रसादालय की व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे।



पैदल नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्तों के लिए भी ओंकार भोजन प्रसादालय में निःशुल्क भोजन और विश्राम की विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा स्थान-स्थान पर संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को भोजन स्थल तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो।

श्रद्धालुओं ने मंदिर समिति की इस पहल की सराहना की है और कहा कि इससे ओंकारेश्वर की धार्मिक यात्रा और अधिक सहज और सुखद हो सकेगी।

### ग्रीष्मकालीन तरबूज, खरबूज, ककड़ी का नदी में उत्पादन कर पप्पू सिंह कमा रहे प्रतिदिन हजार रूपये

**शहडोल।** मेहनत और ईमानदारी से की गई कोशिशें अगर सही दिशा में की जाएँ, तो सफलता जरूर मिलती है। इस बात को सच कर दिखाया है महुआ टोला गाँव के रहने वाले पप्पू सिंह ने। सामान्य किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले पप्पू सिंह आज ककड़ी और खीरे की छोटी सी दुकान के माध्यम से प्रतिदिन 1200 तक की कमाई कर रहे हैं, और गाँव के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उन्होंने स्थानीय खेतों से ताजी ककड़ी और खीरे खरीदकर सड़क किनारे एक छोटी सी दुकान लगाई। गर्मी के मौसम में इनकी माँग बढ़ जाती है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम महुआ टोला निवासी श्री पप्पू सिंह ने बताया कि मेरा परिवार प्रतिवर्ष मार्च महीने में गांव के किनारे बहने वाली नदी में ककड़ी, खीरा, कद्दू आदि की पैदावार की तैयारी कर लेता है। अप्रैल माह में फसल आ जाती है जिसे जयसिंहनगर, गोहपारु एवं जिला मुख्यालय में आकर दुकान फुटपाथ पर लगा कर अपनी विक्रय करते है इस कार्य से मेरे परिवार को जीविकोपार्जन के लिए अतिरिक्त आय प्राप्त हो जाती है। श्री पप्पू सिंह का कहना है कि मै 1 एकड़ में ककड़ी, खीरा एवं कद्दू की खेती कर गर्मी के सीजन में शहडोल में ककड़ी, खीरा और कद्दू की दुकान लगाता हूं।



# क्षत्रिय महासभा के प्रस्ताव पर महापौर की घोषणा, सिटी स्टेडियम के सामने लगेगी महाराणा की प्रतिमा

## स्टेडियम का नामकरण भी महाराणा प्रताप के नाम पर

सत्ता सुधार ■ सागर





क्षत्रिय महासभा जिला सागर के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर सागर नगर निगम की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने घोषणा की है कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा सिटी स्टेडियम के सामने स्थित पार्क में लगाई जावेगी। साथ ही सिटी स्टेडियम का नामकरण महाराणा प्रताप स्टेडियम किया जावेगा।क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने शनिवार 12 अप्रैल को सागर नगर निगम की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि सिटी स्टेडियम के सामने स्थित पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा शीघ्र स्थापित कराई जावे। साथ ही सिटी स्टेडियम का नामकरण महाराणा प्रताप स्टेडियम किया जावे। क्षत्रिय महासभा सागर के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा सहित पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, संरक्षक बलवंत सिंह कर्रापुर, संरक्षक शिवराज सिंह छापरी, मंगल सिंह बण्डा, नत्थू सिंह सिमरिया, राहुल सिंह चौरा, गोविंद सिंह सहावन, मंजिल सिंह, जाहर सिंह बमूरा, सचिन सिंह राजपूत राजेन्द्र सिंह, प्रदेश सिंह, केके सिंह गोरा, राहुल सिंह महुआ खेड़ा ने उपरोक्त मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा।

क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया कि महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि यह प्रस्ताव बहुत ही रचनात्मक हैं। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा की स्थापना के लिए उन्होंने जो प्रस्ताव दिया है वह बिल्कुल उचित है। हम सब भी उनके द्वारा सुझाए गये नये स्थल से सहमत हैं। महापौर ने यह भी बताया कि क्षत्रिय महासभा की ओर से यह प्रस्ताव आया है कि वर्तमान में जो सागर स्मार्ट सिटी स्टेडियम है उसके सामने पार्क में महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा लगाई जाए। साथ ही स्टेडियम का नाम भी महाराणा प्रताप स्टेडियम रखे जाने का सुझाव उन्होंने दिया है। यह दोनों ही प्रस्ताव स्वागत योग्य हैं और इनको स्वीकार करने की घोषणा मैं कर रही हूं। शीघ्र ही निगम प्रशासन की ओर से इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी और जल्दी नये प्रस्तावित स्थान पर प्रतिमा की स्थापना का काम आरंभ कर दिया जाएगा।

महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि श्रद्धेय महाराणा प्रताप वीरता के साथ दृढ़ प्रतिज्ञा और संकल्प के लिए इतिहास में प्रसिद्ध हैं। स्टेडियम में आने वाले युवा खिलाड़ियों को खेल में ऊंचाईयों तक जाने के लिए भी संकल्प और प्रतिज्ञा की आवश्यकता होती है। स्टेडियम में सामने प्रतिमा की स्थापना से ऐसी प्रेरणा युवा खिलाड़ियों को हमेशा मिलती रहेगी। यहां से प्रतिदिन गर्ल्स डिग्री कालेज, सीएम राइज स्कूल, जैन हाईस्कूल, संगीत महाविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों का आवागमन होता है। वे सभी प्रेरणा ले सकेंगे।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि लगभग डेढ़ माह के भीतर प्रतिमा स्थापना का कार्य हो जाए और आगामी 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती पर इसका लोकार्पण भव्य समारोह के साथ जाए। क्षत्रिय महासभा जिला सागर ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी द्वारा की गई घोषणा पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



## डी.ए.वी बी.आर बीना विद्यालय में कक्षा नर्सरी में नव नामांकित बच्चों का स्वागत समारोह आयोजित

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

डीएवी विद्यालय में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों का पारंपरिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में हर्ष उल्लास से स्वागत किया गया। विद्यालय की वैदिक परंपरा के अनुरूप, नवआगंतुक बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष हवन का आयोजन किया गया।डीएवी संगठन सदा से वेदों, देवी-देवताओं और यज्ञ पर आस्था रखता है।इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय ने नन्हे छात्रों की शिक्षा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर यज्ञ भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु यह हवन आयोजित किया।इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों का हर्षपूर्वक स्वागत किया और सभी को संस्था का अभिन्न अंग बनने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि बच्चों की समग्र उन्नति के लिए अभिभावकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।हवन विधि को संस्कृत शिक्षक गौरांग ओता ने संपन्न कराया। यज्ञ की पूर्णता के उपरांत प्रधानाचार्य जी ने सभी को शुभकामनाएं दिया।कक्षा शिक्षिकाओं ने बच्चों के कक्षाओं में उनका परिचय कराया, साथ ही विद्यालय के नियमों एवं अनुशासन के विषय में अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी।

इस सुंदर और आध्यात्मिक स्वागत व्यवस्था से अभिभावक अत्यंत प्रसन्न दिखे।उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान व आत्मीयता उत्पन्न होती है।

# हनुमान प्रकटोत्सव शनिवार को शहर में धूमधाम से मनाया

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर प्रत्येक हनुमान मंदिरों पर लगा भक्तों का तांता।हनुमान प्रगटउत्सव के सुअवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा मां जागेश्वरी धाम से यात्रा प्रारंभ की और पीतांबरा शक्तिपीठ लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन हेतु सुबह 5:00 बजे से यात्रा प्रारंभ की जो 6:30 बजे पीतांबरा शक्ति पीठ पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की स्तुति कर लेटें हुए हनुमान जी के समक्ष सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और हनुमान जी के चरणों में अर्जी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पीतांबरा शक्ति पीठ लेटे हुए हनुमान जी विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। बीना में हनुमान प्रकटोत्सव आज शनिवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया। कटरा हनुमान मंदिर पर दिनभर भक्तों का तांता लग रहा, साथी श्री राम मंदिर बड़ी बजरिया बीना द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

देव रघुनाथ बड़ा मंदिर, बाजरा घाट हनुमान मंदिर कनेर घाट हनुमान मंदिर मारुति नंदन थाना परिसर हनुमान मंदिर, इटावा बाजार हनुमान मंदिर पश्चिम रेलवे कॉलोनी राम मंदिर छोटी बजरिया स्थित श्री राम मंदिर गुऊआ हनुमान मंदिर, गांधी वार्ड स्थित राम जानकी मंदिर,हनुमान मंदिर समेत अन्य हनुमान मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।



## श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर श्रीराम दरबार मंदिर में आयोजित हुई आरती

### विधायक लारिया हुऐ शामिल

**सागर।** देश दुनिया आज श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर भक्ति में लीन है.श्री हनुमान मंदिर,श्रीराम मंदिरों में धर्म अनुरागी श्रद्धा के दीप प्रज्वलित कर कल्याण की कामनारत् है।इसी कामना से श्रीराम दरबार मंदिर, दीनदयाल नगर, मकरोनिया में श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर आरती आयोजन में नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया शामिल हुऐ। ईश्वर से जन कल्याण की कामना व्यक्त की। श्री राम दरबार मंदिर के पुजारी पंडित केशव गिरी महाराज ने मंत्रोंच्चारण के साथ भगवान श्री हनुमान राम दरबार की पूजा अर्चना कर आरती की।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मकरोनिया, नपाध्यक्ष मकरोनिया, पाषर्दगण, भाजपा पदाधिकारी - कार्यकर्ता, वरिष्ठजन,धर्म अनुरागी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी: विधायक लारिया

सत्ता सुधार ■ सागर



श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने नपा मकरोनिया अंतर्गत दीनदयाल नगर वार्ड, मकरोनिया में श्रीराम दरबार के समीप 7 लाख रु. की लागत से सामुदायिक भवन का छत निर्माण कार्य का भूमिपूजन पं. केशव गिरी महाराज जी के सानिध्य में मंत्रोच्चारण की अनुगुंजन के मध्य किया।इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से नागरिकों को सामाजिक,सांस्कृतिक, धार्मिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयोगी स्थान सुलभ होगा। इससे लोगों को एक दूसरे से जुड़ने, बातचीत करने और मिलकर काम करने के अवसर प्राप्त होंगे साथ ही सामुदायिक भावना मजबूत होगी।सामुदायिक भवन के निर्माण से सभी समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। नपा मकरोनिया अंतर्गत समस्त वार्डों में निरंतर विकास कार्य करायें जा रहे है।

विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मकरोनिया, नपाध्यक्ष मकरोनिया, सीएमओ मकरोनिया, पाषर्दगण, भाजपा पदाधिकारी - कार्यकर्ता, वरिष्ठजन सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## 50 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय, गो सेवकों ने निकाला

### लोग बोले- पानी की तलाश में भटक रहे जानवर दो महीने में तीसरी घटना

**बीना(सागर)।** बीना के लाखनखेड़ा गांव में एक गाय पानी की तलाश में भटकते हुए 50 फीट गहरे कुएं में गिर गई। शुक्रवार दोपहर के समय हुई इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने डायल 100 को दी।डायल 100 स्टाफ ने गो सेवकों को सूचित किया। गो सेवक शुभम सेन और सुमित यादव कुएं में उतरे। उन्होंने रस्सों और पट्टों की मदद से गाय को बांधा। फिर ट्रैक्टर से खींचकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया।इस बचाव कार्य में अनुराग जैन, आरक्षक अभिषेक कुशवाहा, पायलट अजय अहिरवार और ग्रामीण शामिल रहे।गो सेवक राजेंद्र यादव ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ पानी की समस्या भी बढ़ गई है। इस कारण वन्य और पालतू जानवर पानी की तलाश में भटक रहे हैं। चिंता की बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार ने खुले कुओं को ढंकने के आदेश दिए थे। लेकिन गांवों और शहर में अभी भी कई कुएं बिना ढके हैं। इसी कारण पिछले दो महीनों में यह तीसरी घटना है।इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

# मैटरनल और चाइल्ड हेल्थ सुधारने के लिए करें कार्य: कलेक्टर

## कलेक्टर के निर्देश- फर्जी, झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी सख्त कार्रवाई



- ■ डॉक्टर्स का बैकग्राउंड चेक कर तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश
- ■ आईएमए, अस्पताल संचालकों, डॉक्टर्स के साथ कलेक्टर ने की बैठक

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने फर्जी , झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने विभिन्न डॉक्टर्स , इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर और अस्पताल संचालकों के साथ बैठक कर इस संबंध में निर्देश दिए हैं। बैठक में आईएमए द्वारा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिवस के अंदर सभी डॉक्टर्स का बैकग्राउंड चेक कर डीटेल्ड रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। तत्पश्चात सीएमएचओ को इस प्रकार संकलित जानकारी से कलेक्टर को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

बता दें कि कलेक्टर ने जिले के डॉक्टर्स से सीधा संवाद कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट के निर्देश दिए साथ ही इस संबंध में मॉक ड्रिल कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु स्वास्थ्य , महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी अस्पतालों में विशेष कार्य करने और इस विषय पर संवेदनशील रहने के लिए कहा।

उन्होंने पीसीपीएनडीटी तथा पॉक्सो एक्ट के तहत नियम अनुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर संदीप जी आर तथा पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने कहा कि समय-समय पर संज्ञान में आने वाली महिलाओं, बच्चों से संबंधित घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी डॉक्टर्स गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करें।

उन्होंने मेडिकल वेस्ट के सही डिस्पोजल के लिए भी आवश्यक प्रबंध के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डॉक्टर सेफ्टी की बात करते हुए कहा कि डॉक्टर प्रोफेशन को नोबल प्रोफेशन कहा जाता है जहां एक ओर मरीज और परिजनों के लिए डॉक्टर भगवान से कम नहीं होता वहीं कई विशेष घटनाओं में डॉक्टर सेफ्टी पर भी बात करना आवश्यक है। इसके लिए पुलिस, जिला प्रशासन सहित अस्पताल संचालक भी आवश्यक प्रबंध करें। उन्होंने सभी डॉक्टर्स से अपील करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य में आवश्यक सुधार लाना है। इसमें विशेष रूप से मैटरनल और चाइल्ड हेल्थ (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य) पर प्राथमिकता से कार्य करना है।

उन्होंने आयुष्मान कार्ड और बिलिंग के संबंध में निर्देश देते हुए कहा है कि जिले के सभी अस्पताल नर्सिंग होम आयुष्मान कार्ड के संबंध में अपने स्पष्ट जानकारी नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। जिससे मरीज या परिजनों को किसी प्रकार की दुविधा ना रहे। अस्पताल का स्टाफ और प्रबंधन संवेदनशील रहते हुए मरीज, परिजनों से उचित संवाद रखे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, बीएमसी डीन डॉ पीएस ठाकुर, सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरे सहित आईएमए प्रेसिडेंट डॉ संज्योत माहेश्वरी, विभिन्न अस्पतालों से आये डॉक्टर्स, संचालक सहित अन्य डॉक्टर्स , अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में आयोजित किए जा रहे है E- KYC शिविर



### बगैर ई केवायसी वाले हितग्राहियों को नहीं मिलेगा एक मई से खाद्यान्न

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर से संदीप जी आर के निर्देश पर जिले में श्वयङ्कष्ट शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिनका निरीक्षण तहसीलदार सहायक खाद्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है और घर-घर सभी राशन दुकानों पर जाकर ई केवाईसी करने की अपील की जा रही है।कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि बगैर ई केवायसी वाले हितग्राहियों को एक मई से खाद्यान्न नहीं मिलेगा सभी पात्रता पर्चीधारियों की ई केवायसी के लिए 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा अभियान चलाया जा रहा है सभी राशन हितग्राहियों को ई केवायसी कराए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों से अपील की है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर ई-के.वाय.सी. के लिए 9 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। पात्रता पर्चीधारी परिवारों के समस्त सदस्यों की ई केवायसी होना अनिवार्य है। जिन पात्र सदस्यों की ई केवायसी 30 अप्रैल 2025 तक नहीं होगी, उन सदस्यों के खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना सम्भावित है, ऐसी स्थिति में ई-के.वाय.सी. के लिए शेष रहे सदस्य खाद्यान्न से वंचित हो सकते है। खाद्यान्न से वंचित होने जैसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सभी सदस्य अपनी-अपनी शासकीय उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से ई-के.वाय.सी. कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि किसी सदस्य को ई-के. वाय.सी. कराने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वह संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर अपनी ई-के.वाय.सी. करा सकते है।

साथ ही यदि परिवार के किसी सदस्य का विवाह हो जाने पर वह किसी अन्य परिवार का सदस्य हो जाता है, किसी सदस्य मृत्यु हो जाती है अथवा कोई सदस्य स्थाई रूप से पलायन कर गया हो, तो ऐसे सदस्यों को अपनी राशन पात्रता पर्ची से ग्राम पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी से विलोपित करा सकते हैं। एसडीएम सागर श्रीमती अदिती यादव, एसडीएम बंडा श्री रविश श्रीवास्तव, श्रीमती भव्य त्रिपाठी, अशोक सेन के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है सभी एसडीएम के साथ सहायक खाद्य अधिकारी भी राशन दुकानों पर जाकर ई केवाईसी शिविर में आने वाले व्यक्तियों से श्वयङ्कष्ट कराने की अपील भी कर रहे हैं।

## एविडेंस एक्शन इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

# महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा ब्लॉक स्तर पर एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा

सत्ता सुधार ■ सागर



परियोजना अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश ब्लॉक बिना जिला सागर में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, समीक्षा बैठक में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु, क्षेत्रीय समन्वयक हुसैन खान के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, उनके द्वारा बताया गया की प्रति मंगलवार व प्रति शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा 6 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को एक एक स्कूसिरप पिलाना है, बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सही खान-पान की सलाह उनके माता-पिता को देनी है, बच्चे खुले में शौच न करें जब भी शौचालय का प्रयोग करें तो जूता और चप्पल पहन कर ही करें, कृम से बचाव के लिए हमेशा साबुन से हाथ जरूर धोएं, एविडेंस एक्शन इंडिया के क्षेत्रीय समन्वयक द्वारा प्रति माह रिपोर्टिंग तय समय व टाइमलाइन के अनुसार अपने सुपरवाइजर को जमा कराना सुनिश्चित करें, परियोजना अधिकारी के द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए, कि वे आशाओं से समन्वय स्थापित कर अपने सेंटर पर आयरन सिरप की उपलब्धता कम से कम तीन माह के लिए सुनिश्चित करें जिस कार्यक्रम में किसी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो और कार्यक्रम प्रगति पूर्ण तरीके से आगे बढ़ सके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाइजर के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वे प्रति सप्ताह प्रत्येक दशा में सभी बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से सही खान-पान के दिशा निर्देशन देगी वह एनीमिया के लक्षण होने पर उनको आवश्यक सहयोग और आगे किस तरह से बच्चों को स्वस्थ रख सकें इस बारे में जरुर समझाएंगे, परियोजना अधिकारी बीना के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समय-समय पर कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे और कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सहयोग लेंगे, इसके अलावा बिना ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ भी बैठक की गई वह मासिक रिपोर्ट पूर्ण रूप से भरी जा सके इसको लेकर विस्तृत चर्चा हुई, एवं ब्लॉक स्तर पर आयरन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ब्लॉक स्टोर इंचार्ज को आवश्यक दिशा निर्देशित दिए गए।

## ब्रीफ न्यूज़

### ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल हुए राहुल

**मुम्बई।** दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 93 रनों की आक्रामक पारी खेलकर सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल हो गये। इस पारी के बाद उनका औसत 92.50 का हो गया है।राहुल सत्र का पहला मैच नहीं खेल पाए थे पर इसके बाद भी वह आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों में दिल्ली कैपिटल्स के एकमात्र खिलाड़ी हैं। राहुल ने आईपीएल 2025 में अभी तक खेले तीन मैचों में 169.72 के स्ट्राइक रेट के साथ 185 रन बनाए हैं। वह ऑरेंज कैप की दौड़ में 8वें पायदान पर हैं। वहीं विराट कोहली 186 रनों के साथ 6ठे नंबर पर हैं। ऑरेंज कैप की रेस में फिलहाल लखनऊ सुपर जाएंट्स के निकोलस पूरन पहले नंबर पर है। उनके नाम 5 मैचों में 288 रन दर्ज हैं। वहीं दूसरे नंबार पर 273 रनों के साथ साई सुदर्शन और तीसरे नंबर पर 265 रनों के साथ ही मिचेल मार्श हैं। जोस बटलर 202 रनों के साथ ही चौथे। वह सूर्यकुमार यादव 199 रनों के साथ ही पांचवे नंबर पर हैं।

### शिखर धवन के योगदान से उभरते सितारे, आईपीएल में चमक रहे हैं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया का गब्बर यानि शिखर धवन, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा, की छाप क्रिकेट जगत में अभी भी गहरी और प्रेरणादायक बनी हुई है। आईपीएल 2025 में उभरते सितारे आयुष बदोनी, प्रियांश आर्य और दिग्वेश राठी अपनी प्रतिभा से सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, और इनका एक खास संबंध दिल्ली की क्रिकेट संस्कृति और शिखर धवन की दूरदर्शिता से जुड़ा है।

### 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी भारत ए टीम

**मुम्बई।** भारत-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। भारत ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जा सकते हैं जिससे कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिएस अपनी दावेदारी पक्की की जा सके। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला खेला जाएगा उसमें भी ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है।



इटली के उडीन में ब्लूनेर्जी स्टेडियम में उडीनीस और मिलान के बीच सीरीज ए फुटबॉल मैच के दौरान स्कोरिंग का जश्न मनाते एसी मिलान के स्ट्राहिन्जा पावलोविच ( बाएं)

# केकेआर के गेंदबाज सुनील नरेन ने दिखाया दमखम, सीएसके की निकाली दम

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर सुनील नरेन ने फिर से खुद को बल्लेबाजों के लिए बीस साबित कर अपनी गेंदबाजी का दमखम दिखा दिया है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके घरेलू मैदान में जिस तरह से ध्वस्त किया, वह काबिले तारीफ है। गेंदबाज नरेन ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम की जीत के सबसे बड़े हीरो साबित हुए। नरेन को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। आईपीएल 2018 से अब नरेन को 99 मैचों में 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच मिला है। जब बात केकेआर के लिए यह अवार्ड जीतने की आती है, नरेन का कोई सानी नहीं है। उन्होंने केकेआर के लिए 16 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीता है, जो सबसे ज्यादा है। आंद्रे रसेल 15 बार ऐसा कर चुके हैं। 36 साल के नरेन ने 181 आईपीएल मैचों में अब तक 25.46 की औसत के साथ 185 विकेट झटके हैं। वे आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। युजवेंद्र चहल, पीयूष चावला, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधरों की गेंदबाजी पर जहां इस लीग में अब तक 200 से ज्यादा छक्के लग चुके हैं, वहीं नरेन ने सिर्फ 175 छक्के ही खाए हैं। नरेन ने सीएसके के खिलाफ अभी तक 26 विकेट झटके हैं, जो आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ किसी गेंदबाज द्वारा लिए गए दूसरे सर्वाधिक विकेट हैं। नरेन का जादू केवल सीएसके पर ही नहीं, बल्कि महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ भी खूब चलता है। टी20 क्रिकेट में धोनी ने मिस्ट्री गेंदबाज के खिलाफ सिर्फ 52.17 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की है और औसत सिर्फ 16 की रही है।

# ओलंपियन और पूर्व रेसलर फोगाट ने खेल अकादमी खोलने का किया ऐलान

### यह पुरस्कार उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ओलंपियन और पूर्व रेसलर विनेश फोगाट ने घोषणा की है कि वह हरियाणा सरकार से प्राप्त 4 करोड़ रुपए के पुरस्कार को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी स्थापित करने में खर्च करेंगी। यह पुरस्कार उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है।

हरियाणा की खेल नीति को देश की बेहतरीन नीतियों में गिना जाता है, जो खिलाड़ियों को तीन विकल्प प्रदान करती है - जमीन, नौकरी या नकद राशि। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 4 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक 2024 के 50 किग्रा महिला पहलवानी वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन फाइनल से पहले वजन परीक्षण में तय सीमा से थोड़ा अधिक वजन होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बावजूद, हरियाणा सरकार ने उन्हें रजत पदक विजेता के बराबर 4 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया।




विनेश ने इस राशि को नकद में लेने का निर्णय लिया और अब इसे अपने वर्षों पुराने सपने को साकार करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी खोलने में उपयोग करेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर विनेश ने लिखा, एक खिलाड़ी की मेहनत को सम्मान देना ही असली जीत है। जनता ने मुझे जो प्यार, भरोसा और ताकत दी, अब वक्त है उसका कर्ज चुकाने का। उन्होंने आगे कहा, अब मेरी ज़िम्मेदारी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि उन हजारों सपनों की भी है, जो खेल के ज़रिए एक सुरक्षित और सकारात्मक भविष्य की ओर बढ़ना चाहते हैं।विनेश ने बताया कि उनका सपना हमेशा से था कि अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रेरणादायक माहौल मिले, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें। उन्होंने सरकार और जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार राशि सिर्फ एक इनाम नहीं, बल्कि उनके वर्षों से संजोए गए सपने को साकार करने का एक माध्यम है।

विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक 2024 में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। हालांकि, वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण वे फाइनल में भाग नहीं ले सकीं और बाद में उन्होंने संन्यास की घोषणा की। संन्यास के बाद विनेश राजनीति में भी सक्रिय हो गई और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर विधायक बन चुकी हैं।

# ग्लेन फिलिप्स चोटिल, बाकी बचे आईपीएल से हुए बाहर

### गुजरात टाइटंस के लिए रबाडा के बाद दूसरा झटका



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आईपीएल 2025 का बाकी सत्र नहीं खेल सकते, क्योंकि उन्हें ग्रोइन इंजरी हुई है। चोट लगने के बाद वे अपने देश लौट गए हैं। यह चोट उन्हें 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान लगी, उस मैच में गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी।


मैच में फिलिप्स बतौर फील्डिंग सब्स्टिट्यूट पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में मैदान पर आए थे। एक थ्रो फेंकते समय उनकी ग्रोइन मसल्स में खिंचाव आ गया। फिजियो की देखरेख में उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। गुजरात टाइटंस ने कहा, हम ग्लेन की जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।

फिलिप्स को पिछले साल की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा गया था। लेकिन उन्हें इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था और चोट के कारण अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फिलहाल यह पता नहीं हैं कि गुजरात टाइटंस उनकी जगह किस खिलाड़ी को मौका देगा। पहले से ही टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं।

# 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए लवलीना को बदलना होगा वजन वर्ग

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**





भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को अब 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को देखते हुए अपना वजना वर्ग बदलना होगा। लवलीना अब तक 75 किग्रा भार वर्ग में उतरती रही हैं पर अब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए 75 किग्रा भार वर्ग को समाप्त कर दिया है। इसलिए लवलीना को अब या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में उतरना होगा। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा भी है। इस घोषणा से हैरान लवलीना ने कहा, ''यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।'' उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस बदलाव हैरान थी लेकिन उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकर कोई अंतिम फैसला किया जाएगा। बोरा ने कहा, ''इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं। अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में उतर सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।''

### रोहित के बचाव में उतरे माइकल क्लार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने खराब फार्म के कारण परेशान बल्लेबाज रोहित शर्मा का बचाव किया है। रोहित आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से अबतक इस सत्र में असफल रहे हैं। इसी को लेकर क्लार्क ने रोहित का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि वह एक सुपर स्टार हैं जो एक बार 40 रनों तक पहुंचा जाये तो अपना खोया फार्म आसानी से हासिल कर लेंगे। क्लार्क ने कहा कि वह दिन अधिक दूर नहीं जब वह शतक लगाएगा। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में देखेंगे। मैं उसके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा ही अधिक अपेक्षायें रहती हैं।




दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के डोंगफैंग से सान्या तक 16वें टूर ऑफ हैनान साइकिलिंग रेस के स्टेज 5 के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान पीली जर्सी में जश्न मनाते सॉल्यूशन टेक विनी फैंटिनी के काइरिलो त्सरेन्को (बीच में)।

## आईपीएल

### इस मुकाबले में सीएसके को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा

# एमएस धोनी के विवादास्पद आउट होने पर सिद्धू ने उठाए सवाल

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 में महेंद्र सिंह धोनी के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मैच निराशाजनक साबित हुआ। इस मुकाबले में सीएसके को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा, और धोनी भी महज एक रन बना कर पवेलियन लौट गए। हालांकि, धोनी के आउट होने पर विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई, जब अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करार दिया, लेकिन नवजोत सिंह सिद्धू ने टीवी रीप्ले देखने के बाद साफ तौर पर कहा कि यह नॉटआउट था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। सीएसके इस मुकाबले में महज 103 रन बना सकी, जो उनके घरेलू मैदान पर अब तक का सबसे कम स्कोर था। धोनी जब बैटिंग करने आए, तो टीम का स्कोर 6 विकेट पर 71 रन था, और उन्होंने इसे 72 तक पहुंचाया ही था कि वे एक विवादित फैसले का शिकार हो गए।





अंपायर ने एमएस धोनी को एलबीडब्ल्यू करार दिया, जब सुनील नारायण की ऑफ स्पिन गेंद ऑफ स्टंप की लाइन में गिरी और लेग स्टंप की ओर बढ़ी। धोनी ने इसे स्क्वेयर लेग पर खेलने की कोशिश की, लेकिन चूक गए और एलबीडब्ल्यू की अपील हुई। धोनी ने बल्ला उठाकर यह दिखाने की कोशिश की कि गेंद बल्ले से टकराई थी, लेकिन अंपायर ने इसे पैड से टकराने का मानते हुए उंगली उठा दी। इसके बाद धोनी ने डीआरएस लिया, और टीवी रीप्ले में दिखा कि जब गेंद बल्ले के पास से गुज़री, तो बारीक स्पाइक्स बन रही थीं। हालांकि, टीवी अंपायर विनोद सेशन ने इसे नॉटआउट नहीं माना और धोनी को आउट करार दिया।

धोनी को आउट दिए जाने के बाद बहस शुरू हो गई। कॉमेंट्री कर रहे पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, धोनी ने बल्ला दिखाया था, और देखिए बल्ले के पास जब गेंद निकली, तो स्पाइक्स हैंयह तो नॉटआउट है। इस पर अंबाती रायुडू ने कहा, टेक्नोलॉजी का जमाना है, उसकी बात माननी पड़ेगी। रायुडू का कहना था कि टीवी अंपायर स्लो मोशन में देखकर ही निर्णय देता है, और उसके पास आउट देने या नहीं देने के पर्याप्त कारण होते हैं। सिद्धू ने जवाब दिया, टेक्नोलॉजी की बात तो मानी है तभी तो स्कोरबोर्ड पर आउट लिखा है, लेकिन स्पाइक्स तो हैं।

### एलेक्स कैरी ने पीएसएल से अपना नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने पाकिस्तान प्रीमियर लीग (पीएसएल) 2025 के 10वें एडिशन से अपना नाम वापस ले लिया है। कैरी, जिन्हें इस्लामाबाद यूनाइटेड ने साउथ अफ्रीका के स्टार रासी वैन डेर डुसेन की जगह चुना था, अब घरेलू क्रिकेट की कमिटमेंट की वजह से इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। 11 अप्रैल से शुरू हुए इस टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले इस्लामाबाद यूनाइटेड ने उनके बाहर होने की पुष्टि की। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने अपने पहले मैच में लाहौर कलंदर्स को हराकर पीएसएल 2025 अभियान की शानदार शुरुआत की।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



वाराणसी-सुलतानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-31) को तभी तोड़ा जाएगा, जब ब्लास्टप्रूफ टनल का निर्माण पूरा हो जाएगा। टनल के निर्माण तक वाहनों का आवागमन इसी राजमार्ग से जारी रहेगा। डीपीआर की तैयारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इस परियोजना के लिए डीपीआर तैयार कर रहा है।

# जब संभल डीएम ने उठाई हंसिया और शुरू कर दी गेहूं की कटाई

## किसान...अफसर को खेत में काम करता देख ग्रामीणों की मौके पर लग गई भीड़

**एजेंसी ■ संभल**

भीषण गर्मी में लोग छांव की तलाश करते हैं, लेकिन संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने खेत में उतरकर कुछ ऐसा कर दिखाया कि हर कोई हैरान रह गया। उन्होंने क्रॉप कटिंग योजना के तहत गांव खजरा खाकम में एक खेत में पहुंचकर खुद हंसिया चलाकर गेहूं की कटाई शुरू कर दी।

डीएम को पसीना बहाते देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोगों ने उनके इस अंदाज की खूब तारीफ की। इसका वीडियो वायरल हो गया है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार, लेखपाल आकाश



वार्ष्णेय और सचिन मित्तल के साथ खजरा खाकम गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने किसान रामपाल के खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसान से गेहूं की लागत, मेहनत और मुनाफे से जुड़ी पूरी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी खुद खेत में उतरे और हाथ में हंसिया लेकर गेहूं की कटाई शुरू कर दी। उन्होंने न केवल फसल को देखा बल्कि कटाई के बाद उसका वजन भी कराया। क्रॉप कटिंग के मानकों के अनुसार 43.3 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में गेहूं काटा गया, जिससे 23.300 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई।

### रेंडम तरीके से चयन

डीएम ने बताया कि फसल उत्पादकता का यह सर्वे क्रॉप कटिंग योजना के तहत किया जाता है। इसमें जिले के कुछ खेतों को रेंडम तरीके से चयनित किया जाता है और निर्धारित आकार के खेत में फसल काटकर उसकी उपज का आकलन किया जाता है। यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है, ताकि फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सही लाभ मिल सके।

### लोग काफी प्रभावित

डीएम ने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में उत्पादकता कम पाई जाती है तो बीमा योजना के तहत किसानों को मुआवजा दिया जाता है। इसलिए अधिक से अधिक किसानों को पीएम फसल बीमा योजना से जुड़ना चाहिए। डीएम की यह मेहनत और व्यवहारिकता देख गांव के लोग काफी प्रभावित हुए। कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाए जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

# अर्बन क्रूज़र हाइराइडर ने फीचर अपग्रेड किया




**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर (फीचर अपग्रेड) की है। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है। भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकॉर्ड छू लिया है। यह अपनी अभिनव तकनीक, ईंधन की असाधारण किफायत, गतिशील प्रदर्शन और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ दिल जीतना जारी रखता है। अर्बन क्रूजर हाइराइडर की पेशकश पर वरिंदर वाधवा ने कहा-जैसे-जैसे एसयूवी सेगमेंट विकसित होता है, हम अपने लाइनअप को नया और बेहतर बनाते रहते हैं ताकि इसमें हम आगे रहें। नवीनतम अर्बन क्रूजर हाइडर अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ-इन-सेगमेंट तकनीक, उन्नत सुरक्षा और उत्कृष्ट आराम के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आधुनिक एसयूवी खरीदारों के लिए तैयार, यह टोयोटा की शानदार गुणवत्ता, स्थिरता और ड्राइविंग आनंद को सहजता से मिश्रित करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### गोरखपुर में लगा रहे थे फिलिस्तीन के समर्थन में नारे, एफआईआर

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाने के सूर्यविहार में एक धार्मिक स्थल के सामने नौजवान भारत सभा व दिशा छात्र संगठन के सदस्य सड़क पर उतर आए। वर्तमान में इजराइल व फिलिस्तीन के मध्य चल रहे युद्ध को लेकर इजराइल के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए व फिलिस्तीन का समर्थन करने लगे और नारेबाजी करते लोगों के सामने समर्थन में अपनी बातें रखने लगे। भाषण व सभा के माध्यम से पोस्टर बैनर लहराते हुए इजराइल के विरुद्ध भड़काऊ नारे बाजी करने लगे। लोगों की सूचना पर उनि अखिलेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। देखा कि कुछ युवक सड़क पर पोस्टर बैनर लेकर इजराइल के विरुद्ध व फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगा रहे थे। इससे सड़क जाम हो गया था और लोगों के आने और जाने में परेशानी हो रही थी। उन लोगों को समझाने बुझाने पर कोई असर नहीं हुआ। काफी मशक्कत के बाद प्रदर्शनकरियों हटाते हुए मौके पर काफी संख्या में बुकलेट प्राप्त कर जब्त कर लिया गया, जिसकी गिनती की गई तो कुल 59 अदद बुकलेट, 16 अदद पोस्टर जिस पर विभिन्न स्लोगन लिखा मौके से बरामद किया।

### रंगरलियां मना रही थी पत्नी, पति ने प्रेमी का काट दिया गुप्तांग

**लखनऊ।** यूपी में फिर पति-पत्नी के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर पति की गैर मौजूदगी में पत्नी अपने प्रेमी के साथ रंगरलियां मना रही थी, तभी पति घर पहुंच गया। पत्नी और प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में देखकर पति आग बबूला हो गया। गुस्साए पति ने प्रेमी को जमकर पीटा और फिर दांत से प्रेमी का गुप्तांग काट दिया। बेकनगंज निवासी युवक ने दो साल पहले युवती से प्रेम विवाह किया है। वह पत्नी के साथ बाबूपुरवा में ही किराए के मकान में रहता है। किसी काम के लिए शहर से बाहर गया और पत्नी से कहा कि अगले दिन सुबह वापस आएगा। इस बीच मौका पाकर पत्नी ने अपने प्रेमी को घर बुलाया और दोनों रंगरलियां मनाने लगे। लेकिन मामला तब बिगड़ गया जब पति पत्नी को बिना बताए घर लौट आया, तब पत्नी अपने प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में थी। दोनों को देखकर पति अपना आपा खो बैठा। गुस्साए पति ने प्रेमी को पकड़कर जमकर पिटाई की। इस दौरान पति ने प्रेमी के निजी पार्ट को दांत से काट लिया। लहूलुहान युवक दर्द से कराहता हुआ थाने पहुंचा। जहां प्रेमी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली।

# अयोध्या से मंगाई 700 गदा, आठ राज्यों के 300 भक्तों ने उठाया ध्वजा

## हनुमान जन्मोत्सव पर काशी में जगह- जगह ध्वजायात्रा निकाली गई

### 500 से अधिक मंदिरों में हनुमान जी का बाल स्वरूप में श्रृंगार हुआ

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**

हनुमान प्राकट्य दिवस पर शनिवार को भक्त श्रद्धा और उल्लास से सराबोर नजर आए। सुबह से शहर से लेकर गांव तक 500 से अधिक हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का बाल स्वरूप में श्रृंगार हुआ। वहीं मंदिरों ने रामनाम संकीर्तन, सुंदरकांड पाठ सहित विविध अनुष्ठान किए गए। सवा पांच किमी तक निकलने वाली सबसे बड़ी हनुमान ध्वजा यात्रा भिखारीपुर से संकटमोचन मंदिर तक पहुंची। इसमें 21 फीट की गदा के साथ ही अयोध्या से मंगाई गई 700 गदा भी शामिल रही। आठ राज्यों से 300 से अधिक हनुमान भक्त ध्वजा लेकर चले तो नजारा देखने लायक रहा। 30 हजार से अधिक भक्तों की भीड़ हुई। एक लाख से अधिक हनुमान ध्वजा शामिल रहीं। हनुमान प्राकट्योत्सव पर शनिवार को हनुमान मंदिरों में विविध आयोजन हुए। संकटमोचन मंदिर में विशेष पूजन अर्चन के साथ ही तीन दिवसीय अनुष्ठान हुआ। बैठकी श्रृंगार, रुद्राभिषेक, आरती और



### हनुमान गढ़ी में उमड़े श्रद्धालु

**जयकारों से गूंजा परिसर**

**इधर,** रामनगरी अयोध्या में शनिवार को हनुमान जयंती की धूम मची रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन को पहुंचे। श्रद्धालु आराध्य की एक झलक पाने को आतुर दिखे। पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गुंजायमान रहा। वैसे तो अयोध्या में उत्तर भारतीय परंपरा के अनुसार हनुमान जयंती छोटी दीपावली को मनाई जाती है। दक्षिण में चैत्र की पूर्णिमा को हनुमान जयंती का आयोजन होता है। शनिवार को हनुमान जयंती के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हनुमंत लला के दर्शन करके पूजन किया।

### पवन पुत्र के दर्शन को पहुंचे भक्त

**हनुमान जयंती पर पंचग्रही योग**

पवन से भी अधिक वेगवान भगवान शिव के 11वें अवतार रामभक्त हनुमान की जयंती पर इस बार अद्भुत संयोग रहा। पांच ग्रहों की युति से मिलकर पंचग्रही योग बना। इस दुर्लभ संयोग में हनुमान जी की आराधना से भक्तों के बिगड़े काम भी बनने के योग रहे। प्रयागराज के हनुमान मंदिरों को जयंती पर रंग-बिरंगे फूलों, हरी पत्तियों और ध्वजा-पताकाओं से सजाया गया।

### यात्रा के बाद 5100 ध्वज किए गए अर्पित

श्रीहनुमत सेवा समिति की ओर से भिखारीपुर से सुबह सात बजे हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष रामबली मौर्य ने बताया कि सवा पांच किमी यात्रा निकाली गई। 5100 ध्वज संकटमोचन में चढ़ाए गए। जबकि एक लाख से अधिक ध्वज शामिल रहे। ध्वजा यात्रा में शामिल होने के लिए सात स्थानों से यात्राएं निकाली गईं।

### हनुमानजी का भव्य श्रृंगार

हनुमान जनमोत्सव के पावन अवसर पर काकेमल अखाड़ा पशुपतेश्वर चौक में हनुमानजी का दिव्या झांकी और जन्मोत्सव हरियाली श्रृंगार किया गया। भोर में बाबा को गंगा जल से स्नान कराया गया। इसके बाद सिंदूर, चमेली का तेल मिलाकर बाबा को चोला चढ़ाया और तुलसी, गुलाब, चमेली डौना के माला-फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। उनको मिष्ठान, फल, फूल व अनेक प्रकार के प्रसाद भोग लगाए गए।

वाल्मिकी रामायण का सुंदरकांड पाठ किया गया। रामकृष्ण मिशन के कीर्तन मंडलियों का संकीर्तन और रामायण मंडलियों की ओर से श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ किया गया। वहीं 13 से 15 अप्रैल तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन होगा।

# वर्धानी क्लासेस: ग्वालियर में शिक्षा की एक नई क्रांति

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

आज के दौर में जब शिक्षा महंगी होती जा रही है और क्वालिटी एजुकेशन हर छात्र तक नहीं पहुंच पाती, वहीं वर्धानी क्लासेस एक ऐसा नाम बनकर उभरा है जिसने इस सोच को बदलने की ठान ली है। ग्वालियर में शुरू हुआ यह संस्थान अब सिर्फ एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि एक शिक्षा आंदोलन बन चुका है। डॉ. करण वर्धानी द्वारा स्थापित यह संस्थान NEET, IIT-JEE और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक उम्मीद की किरण बन गया है। उनका सपना है - हर घर से एक डॉक्टर, एक इंजीनियर और एक आत्मनिर्भर युवा निकले।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज




# भोपाल डीएफओ निधि संग शादी रचाएंगे अलीगढ़ के सीडीओ

## कोर्ट मैरिज के लिए जयपुर के एडीएम कोर्ट में किया आवेदन

**सत्ता सुधार ■ अलीगढ़**

अलीगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी प्रखर सिंह बेहद सादे तरीके से पांच लोगों के बीच जयपुर में डीएफओ निधि चौहान के साथ शादी रचाएंगे। उन्होंने कोर्ट मैरिज के लिए जयपुर के एडीएम चतुर्थ के कोर्ट में आवेदन भी कर दिया है। अब तारीख का इंतजार है। निधि चौहान जयपुर (राजस्थान) के गंगापुर की रहने वाली है। रामपुर जिले के रहने वाले प्रखर कुमार सिंह 2021 बैच के आईएएस हैं। पिता केदार सिंह सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत हैं तो मां सविता देवी अध्यापिका हैं। रुड़की आईआईटी में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात निधि चौहान से हुई थी। वर्तमान में निधि चौहान फारेस्ट डिविजन भोपाल में डीएफओ के पद पर कार्यरत हैं। मुलाकातों का दौर जारी रहा और दोनों ने विवाह बंधन में बंधने का निर्णय लिया। दोनों अधिकारियों ने मार्च में जयपुर में



विवाह अधिकारी एडीएम चतुर्थ के समक्ष विशेष विवाह अधिनियम के तहत आवेदन किया है। अब तारीख का इंतजार है।

**सादगीपूर्वक करेंगे विवाह:** विकास भवन के इतिहास में सीडीओ प्रखर सिंह पहले ऐसे अधिकारी होंगे, जो बेहद सादगीपूर्वक विवाह करेंगे। इसके बाद रामपुर स्थित आवास पर कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। शादी में खर्च होने वाली रकम का कुछ हिस्सा गरीब लड़कियों की शिक्षा के लिए खर्च करेंगे।

### अंबेडकर की प्रतिमा रखने को लेकर बवाल, पथराव

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सरकारी जमीन पर रखने की शिकायत की गई। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मवई खातरी गांव की है। बताया गया कि तीन दिन पहले गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा चोरी छिपे स्थापित कर दी गई। शनिवार की दोपहर 2 बजे बीकेटी, इटौंजा, महिंगवा, मड़ियांव थाने के साथ पीएसी और महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने प्रतिमा हटाने से मना कर दिया।

### रामजी लाल सुमन के खिलाफ चले देशद्रोह का मुकदमा: करणी सेना

**नई दिल्ली।** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा भी गढ़ी रामी में आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम कुछ भी कर सकते हैं। सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए।




## 14 अप्रैल से समाप्त हो जाएगा खरमास, 18 को लखनऊ में भव्य आयोजन

# शुभ मुहूर्त में एक-दूजे के होंगे 4500 जोड़े

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**


शादियों का मौसम फिर से शुरू होने वाला है। 14 अप्रैल को भोर 3:30 बजे खरमास के समाप्त होते ही विवाह व अन्य मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। 18 को शहर में 4500 से ज्यादा शादियां होने का अनुमान है। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के चलते सबसे तेज सहालग मानी जा रही है। आठ जून तक शहर में बैंड-बाजा-बरात की धूम रहेगी।इसे लेकर बरातघरों, लॉन, होटलों और बैंक्वेट हॉल में तैयारियां तेज हो गई हैं। स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र अलीगंज के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि 14 मार्च के बाद से मीन खरमास चल रहा है। इसमें मांगलिक कार्य नहीं होते है।14 अप्रैल को सूर्य मीन राशि से निकलकर सुबह 03:30 बजे मेष राशि में प्रवेश करेंगे और इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा।

**शुभ लग्न- अप्रैल** - 14, 15,16,18, 19, 20, 21, 25, 29,30
**मई** - 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 28
**जून** - 1, 2, 4, 5, 6 ,7, 8
**नवम्बर** -21, 22, 23, 24 ,25, 26, 30
**दिसम्बर** - 1, 4, 5, 6

**ग्रहों का उदय होना शास्त्र सम्मत:** मेष संक्रांति के बाद विवाह कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। विवाह मुहूर्त में गुरु शुक्र अस्त का भी विचार किया जाता है। दोनों ग्रहों का शुभ विवाह के लिए उदय होना शास्त्र सम्मत है। वर्ष 2025 में गुरु 12 जून से 9 जुलाई तक 27 दिन के लिए अस्त होंगे। 12 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शुक्र अस्त रहेंगे।

### 18 अप्रैल को सिद्धि योग

कृष्णानगर के पंडित आशुतोष पांडेय ने बताया कि इस बार 18 अप्रैल को सिद्धि योग के चलते सहालग तेज रहेगी। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया होने से मांगलिक समारोहों की संख्या बढ़ेगी। पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया की तिथि 29 अप्रैल की शाम 5:32 से 30 की दोपहर 2:13 बजे तक रहेगी। उदया तिथि की मान्यता के चलते 30 अप्रैल को पूरे दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन को विवाह, गृह प्रवेश, वाहन या संपत्ति खरीदने, व्यापार आरंभ करने के लिए शुभ मानते हैं।




**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं सिद्धेश्वर नगर आईटीआई कॉलेज के पास झांसी से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. यूपीएचआईएन/2007/22048 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट । **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**